पं० इकबाल नारायण गुर्टू

अभिनंदन-ग्रंथ

सम्पादकीय

इस अभिनंदन-ग्रंथ का विचार बहुत विलंब से उठा। अप्रैल १९५३ में जब इसे कार्यान्वित करने के लिए बेसेंट कालेज के प्राचीन-छात्र-संघ की कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई उस समय यह आशंका थी कि इतने अल्प समय में "पंडित जी" को अर्पण करने योग्य उच्च कोटि का अभिनंदन-ग्रंथ तैयार नहीं हो सकेगा। फिर भी यह विश्वास था कि प्राचीन-छात्र-संघ के सदस्यों के अदम्य उत्साह और उनके परस्पर सहयोग के फलस्वरूप अल्प समय में भी वांछित उद्देश्य की पूर्ति हो सकती है। अतएव यही निश्चय किया गया कि "पंडित जी" की ७५ वीं वर्ष-गाँठ पर ही अभिनंदन-ग्रंथ अर्पित किया जाय और इसके लिए उसी दिन से कार्य आरंभ कर दिया गया। परन्तु अप्रैल का महीना शिक्षा-संस्थाओं में परीक्षा का मास होता है। अतएव छात्र-संघ के अधिकांश सदस्य, जो इस कार्य में सक्रिय भाग ले रहे थे, परीक्षा-संबंधी कार्यों में व्यस्त हो गए। उसके पश्चात् ग्रीष्मावकाश आ जाने के कारण अभिनंदन-ग्रंथ का कार्य शिथिल पड़ गया क्योंकि कुछ कार्यकर्ता काशी के बाहर चले गए थे। कार्य का वास्तविक आरंभ जुलाई के प्रथम सप्ताह में हुआ।

यह कार्य आरंभ करने के पूर्व हम यह भली भाँति जानते थे हम लोग जो कुछ करने जा रहे हैं यह पंडित जी की प्रकृति और उनकी इच्छा के अनुकूल नहीं है और उनके कान में इसकी भनक पड़ते ही वे इसे तुरत रोक देंगे। पंडित जी प्रचार और विज्ञापन से सर्वदा दूर रहे हैं। शान्तिपूर्वक मनोयोग से अपना कर्त्तव्य करना उनके जीवन का ध्येय रहा है। उन्होंने प्रशंसा या नाम कमाने के लिए कभी कोई कार्य नहीं किया। पंडित जी ने अनेक संस्थाओं की केवल अवैतनिक सेवा ही नहीं की वरन् उन्हें अपने पास से धन भी दिया। केवल थियोसॉफी ट्रस्ट की संस्थाओं को उन्होंने एक लाख रुपये से अधिक दिया है। इसके अतिरिक्त प्रयाग में कृष्णाश्रम (एनी बेसेंट स्कूल) का भवन उन्हीं के दान का फल है। प्रयाग के हरिजन आश्रम की भी पंडित जी ने पर्याप्त धन से सहायता की है। परन्तु इन संस्थाओं से संबंध रखने वाले कुछ थोड़े से व्यक्तियों को छोड़ कर और लोग नहीं जानते कि पंडित जी ने केवल तन, मन से ही नहीं वरन् धन से भी सार्वजनिक सेवा की है। व्यक्तियों की जो उन्होंने आर्थिक सहायताकी है उसका पता माता सरस्वती को छोड़ कर शायद ही किसी को हो।

पंडित जी ने तन-मन-धन से इतनी देश-सेवा की परन्तु कभी किसी संस्था से मानपत्र या अभिनंदन-ग्रंथ नहीं स्वीकार किया। यदि वे प्रशंसाप्रिय या खुशामद-पसंद होते तो जिन दिनों उनके हाथ में अधिकार था उन दिनों न

जाने कितनी ही संस्थाओं द्वारा उनकी स्वर्ण और हीरक जयन्तियाँ मनाई गई होतीं और अभिनंदन-ग्रंथ भेंट किए गए होते। परन्तु लोग जानते थे कि पंडित जी अपनी प्रशंसा सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने मर्यादा-पुरुषोत्तम रामचन्द्र जी के लिए लिखा है कि श्रीरामचन्द्र जी अपने भक्तों का गुणगान तो बड़े प्रेम से सुनते थे और बार-बार सुनाने को कहते थे परन्तु अपनी चर्चा चलते ही संकोच के भार से दब जाते थे। इसी प्रकार पंडित जी अपनी प्रशंसा सुनकर संकुचित हो जाते हैं।

हाँ, तो मैं कह रहा था कि अभिनंदन-ग्रंथ भेंट करने के विषय में सबसे बड़ी बाधा उपस्थित करने वाले स्वयं पंडित जी थे। उनकी स्वीकृति प्राप्त करना कठिन काम था। इसी से सब बातें चुपके चुपके तय हुईं। पंडित जी के परिवार वालों से किसी बहाने उनके कुछ अप्राप्य चित्र प्राप्त कर लिए गए और कुछ ब्लौक तथा चित्र सेंट्रल कालेज से मिल गए। इस प्रकार हमारा कार्य चालू हो गया।

समय इतना स्वल्प था और कार्य इतना महान् कि हमें कविकुल-गुरु कालिदास के रघुवंश की निम्नांकित पंक्तियाँ स्मरण हो आईं—

"..........तितीर्षुर्दुस्तरं मोहादुडुपेनास्मि सागरम्॥"

और "प्रांशुलभ्ये फले लोभादुद्बाहुरिव वामनः।"

परन्तु पंडित जी के महान स्नेह-भंडार पर अपना अधिकार होने के कारण हम लोगों ने सोचा कि अभिनंदन-ग्रंथ बहुत उच्चकोटि का न भी होगा तब भी पंडित जी उसे अपने भक्तों का सफल प्रयास जानकर सहर्ष स्वीकार कर लेंगे।

अभिनंदन-ग्रंथ के लिए पंडित जी के संस्मरण लिखने के लिए एक [illegible] पंडित जी के शिष्यों, सहकर्मियों, मित्रों, हितैषियों और प्रशंसकों के पास भेजा गया।

परन्तु दुर्भाग्यवश इसी बीच एक संस्मरण-लेखक ने भूल से पंडित जी के ही घर के पते पर लिखा संस्मरण भेज दिया। बस तो सारा भेद खुल गया। [illegible] श्री [illegible] उनके यहाँ किसी [illegible] उन्होंने पूछ दिया—"क्यों, चुपके-चुपके यह क्या हो रहा है? [illegible]?" [illegible] उन्होंने [illegible] हाथ में दे दिया। [illegible] भेद खुला जानकर [illegible] "पंडित जी, आप तो जो कुछ भूल होगी [illegible] इसलिए क्षमा कीजिए और हमें आशीर्वाद दीजिए कि हम अपने प्रयास में सफल हों।" [illegible] किसी [illegible] कि पंडित जी को नाराज़ करना बहुत [illegible]

[illegible] कि बहुत

से लोग समयाभाव के कारण कुछ लिख नहीं सके; कुछ लोगों ने लिखा भी तो जल्दी में थोड़ा सा लिखकर भेज दिया। बहुत से लोगों को परिपत्र देर से मिला और संस्मरण भेजने की अंतिम तिथि बीत चुकी थी। इससे उन्होंने संस्मरण नहीं भेजे। इधर लेखों की कमी से हमें अन्तिम तिथि टालनी पड़ी। फिर भी बहुत बड़े बड़े विद्वानों के लेख तथा पंडित जी के निकट संबंधियों के संस्मरण नहीं प्राप्त हो सके। इसका हमें अत्यन्त खेद है।

हमें खेद है कि हम अपने राष्ट्रपति से संस्मरण नहीं प्राप्त कर सके। उन्होंने किसी के अभिनंदन ग्रंथ के लिए संस्मरण न लिखने का नियम बना लिया है। अतएव वे पंडित जी का संस्मरण लिखने में असमर्थ थे। फिर भी उनके हृदय में पंडित जी के लिए बहुत आदर है। राष्ट्रपति के सचिव से यह जानकर हमें प्रसन्नता हुई कि **"He (President Dr. Rajendra Prasad) holds Pandit Iqbal Narain in great esteem."**

राजनीति के क्षेत्र में जिन लोगों का पंडित जी से विरोध रहा है वे भी पंडित जी की महानता, कर्तव्यनिष्ठा, शिक्षा के क्षेत्र में उनका अमूल्य कार्य और उदारतापूर्वक देश-सेवा की लगन की प्रशंसा करने में नहीं हिचकते। इसका उल्लेख महामहिम श्री श्रीप्रकाश जी ने अपने संस्मरणों में भलीभाँति किया है। वे स्वयं राजनीति में पंडित जी के विरोधी रहे हैं परन्तु इससे पंडित जी के प्रति उनकी श्रद्धा में कभी कोई कमी नहीं आई।

यहाँ पर टीचर्स ट्रेनिंग-कालेज, हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी, के भूतपूर्व आचार्य पं० लज्जाशंकर झा के पत्र का उल्लेख कर देना हम आवश्यक समझते हैं। वे हमारे पंडित जी के सहपाठी थे। पंडित जी का संस्मरण लिखने की उनकी बड़ी अभिलाषा थी परन्तु अस्वस्थता और विशेषतः आँखों के कष्ट के कारण वे लिख न सके। उन्होंने हमें लिखा है—"You have asked me to do something which I dearly want to do. But very very, sorry I can't do. Pray excuse me" इन शब्दों में उनकी कितनी विवशता और करुण व्यथा छिपी है!

पंडित जी को अभिनंदन-ग्रन्थ अर्पित करके हम उनके ऋण से मुक्त होने की कल्पना भी नहीं कर सकते। वास्तव में यह तो उनके ऋण की स्वीकृति का प्रमाण है। इसके द्वारा यह प्रकट होगा कि जिन-जिन संस्थाओं में पंडित जी ने कार्य किया है केवल वे ही नहीं वरन् उनके द्वारा सारा देश पंडित जी का कितना ऋणी है। फिर भी यह कटु सत्य स्वीकार करना पड़ता है कि पंडित जी की प्रतिभा और कार्य करने की अद्भुत शक्ति का पूरा उपयोग देश ने नहीं किया। लोग समझते हैं कि पंडित जी बूढ़े हुए और अब अधिक परिश्रम तथा झंझट का कार्य नहीं कर सकते। परन्तु पंडित जी के निकट रहने वालों ने देखा है कि

वे अब भी शरीर से कितने हृष्ट पुष्ट और परिश्रमी हैं। अब भी वे बैठकर जितना लिखने-पढ़ने का कार्य करते हैं उतना बहुत से अध्यापक या कार्यालयों के अधिकारी नहीं कर सकते। हमें पंडित जी की कार्य-शक्ति को देखकर ईर्ष्या होती है। इसी से हम कहते हैं कि पंडित जी की कार्य करने की शक्ति और प्रतिभा का देश ने पूरा लाभ नहीं उठाया। अपने राजनैतिक विचारों के कारण वे बहुत दिनों से राजनीति से दूर हैं। यद्यपि वे पद के लोलुप नहीं हैं कि उन्हें गवर्नर या मंत्री बना दिया जाय परन्तु देश की सेवा करने के इच्छुक अवश्य हैं। अतएव यदि स्वराज्य हो जाने पर उन्हें कोई उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य सौंपदिया जाता तो वे उसका भार उठाने को अवश्य तैयार हो जाते। उन्हों ने सेवा को जीवन का उद्देश्य समझा, अधिकार की कभी परवाह नहीं की। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने जिस कार्य कुशलता का परिचय दिया है उससे यह स्पष्ट है कि यदि वे शिक्षा-मंत्री हुए होते तो देश की राष्ट्रीय शिक्षा में आमूल परिवर्तन हुआ होता और हमारी वर्तमान शिक्षा राष्ट्र को उन्नत करने के लिए सर्वथा उपयुक्त होती। विगत तीस वर्षों में शिक्षा-संबंधी जितने कमीशन या कमीटियाँ बैठीं सबने पंडित जी की साक्षी ली और उनके मतों को बहुत महत्व दिया। अतएव इस समय शिक्षा के क्षेत्र में उनके समान मौलिक विचारों वाला व्यक्ति देश में शायद ही कोई दूसरा हो।

इसमें कोई संदेह नहीं कि पंडित जी पर सबसे अधिक प्रभाव स्वर्गीया माता एनी बेसेंट का पड़ा है। वे कभी कभी उनके जीवन की छोटी छोटी घटनाएँ हमलोगों को सुनाया करते हैं जिससे पता चलता है कि उन्होंने उन छोटी छोटी बातों को ग्रहण करके अपने जीवन को किस प्रकार उच्च बनाया है। मनोयोगपूर्वक कार्य करने की लगन तो पंडित जी में पहले ही से थी परन्तु डा० बेसेंट के संपर्क में आने पर उनकी यह शक्ति और भी बढ़ गई। समय का पालन और उसके सदुपयोग के विषय में माता एनी बेसेंट की अनेक घटनाएँ उन्होंने सुनाई हैं। हम देखते हैं कि वे सभी बातें पंडित जी में उसी रूप में पाई जाती हैं जिस रूप में स्वर्गीया माता में थीं। कहने का तात्पर्य यह है कि श्रीमती एनी बेसेंट के आदर्शों की सजीव प्रतिमा यदि आज कहीं वर्तमान है तो वह पंडित जी के रूप में है। हमें उस मूर्ति की पूजा करने का अवसर प्राप्त है इसका हमें गर्व है।

पंडित जी के सिद्धान्तवादी होने की चर्चा अनेक संस्मरण-लेखकों ने की है। जिन्हों ने उन्हें बहुत निकट से देखा है उन्हें तो पंडित जी का भीतरी रूप भी दिखाई पड़ गया है और उन्होंने देखा है कि सिद्धान्तवाद के साथ-साथ उनमें दया और सहानुभूति भी प्रचुर मात्रा में है जो केवल शाब्दिक न हो कर व्यावहारिक होती है। परन्तु जिन्हें उनका भीतरी रूप देखने का अवसर नहीं मिला उन्होंने तो अवश्य ही उन्हें रूखा और गंभीर पाया होगा। वास्तव में अपने "व्याघ्रमुखमृगत्व" के कारण पंडित जी सभी संस्थाओं में, जहाँ उन्हों ने कार्य किया है, 'लोकप्रिय' होने

में असफल रहे हैं। 'लोक-प्रियता' के लिए तो और ही "गुणों" की आवश्यकता होती है। आजकल हमारे देश में सिद्धान्त-पालन को "हृदयहीनता" और किसी की सुविधा के लिए सिद्धान्तों की उपेक्षा करने को" "सहृदयता" कहते हैं। परन्तु विचारवान लोगों ने यह स्वीकार किया है कि आज स्वाधीन भारत के नागरिकों में जो चरित्र की दुर्बलता और अधिकारियों में कर्तव्य की उपेक्षा, पक्षपात, इत्यादि दिखाई पड़ रहा है और शासन में इतनी अव्यवस्था है उसका मूल कारण यह तथाकथित "सहृदयता" ही है। यदि हम सच्ची सहृदयता चाहते हैं तो हमें अपने जीवन में कर्तव्य को पहला स्थान देना होगा और पंडित जी की तरह सिद्धान्तवादी बनना पड़ेगा। जब हम अपने स्वार्थों को भुलाकर देश और समाज के हित का ध्यान रखेंगे तभी हम देश में सच्चा स्वराज्य (स्वर्गीय बापू के शब्दों में "रामराज्य") ला सकते हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि इस युग ने पंडित जी को भली भाँति नहीं समझा। परन्तु हमें विश्वास है कि स्वतंत्र भारत की भावी संतान उनके सिद्धान्त-वाद की दाद देगी और उसकी क़द्र करेगी। महाकवि भवभूति के शब्दों में हम पंडित जी से निवेदन करना चाहते हैं कि—

उत्पत्स्यतेति तव कोऽपि समानधर्मा ।
कालोह्ययं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी ॥

पंडित जी के जीवन की बहुत सी बातें इन संस्मरणों में नहीं आईं। हमारा विचार था कि हम उनके किसी घनिष्ठ समवयस्क से उनका संक्षिप्त जीवन वृत्त लिखा कर इस ग्रंथ में प्रकाशित करेंगे, परन्तु दुर्भाग्यवश ऐसा कोई व्यक्ति जल्दी में न मिला। पंडित जी स्वयं कोई बात बताते ही नहीं। बड़ी कठिनाई से उनके विद्यार्थी जीवन की प्रतिभा के संबंध मे हमें पता चला है कि एल्-एल्० बी० की परीक्षा में उन्हें प्रथम श्रेणी में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त हुआ था जिसके लिए विश्वविद्यालय ने उन्हें एक स्वर्ण पदक तथा अन्य पुरस्कार प्रदान किया था।

पंडित जी के अनेक व्याख्यानों और लेखों में उनके ठोस मौलिक विचार भरे पड़े हैं। वे विचार विद्वानों और गंभीर विचारकों के लिए—विशेषतः शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वालों के लिए—बड़े मूल्यवान सिद्ध होंगे। उनमें से कुछ को हम इस अभिनंदन-ग्रंथ में देना चाहते थे परन्तु समयाभाव के कारण नहीं दे सके। यदि अवसर मिला तो हम इन्हें पुस्तकाकार प्रकाशित करने का प्रयत्न करेंगे।

अन्त में ठीक समय पर इस अभिनंदन-ग्रंथ के प्रकाशित हो जाने की प्रसन्नता में हम उन सभी लोगों को हार्दिक धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस कार्य में हमारी सहायता की है।

(शुभ मिति आश्विन कृष्णा ३ सं० २०१० वि०)

विषय-सूची

संख्या विषय पृष्ठ

अंग्रेजी विभाग

सं० विषय पृष्ठ

————

संयुक्त प्रान्तीय व्यवस्थापिका सभा का सदस्य होने पर
(१९२१)

काशी नरेश श्रीमन्महाराज श्री विभूति नारायण सिंह जी

की

शुभ कामना

पं० इकबाल नारायण गुर्टू की त्यागपूर्ण सेवाओं के लिए हम उन के चिर ऋणी रहेंगे। भारतवर्ष में लाभ, प्रतिष्ठा तथा ख्यातिकी प्राप्ति का ध्यान न रखते हुए अधिकांश समय शिक्षा के क्षेत्र में लगाने वाले त्यागमूर्तियों में गुर्टू जी का स्थान प्रथम श्रेणी में आता है। ऐसे महान व्यक्तियों से देश का गौरव बढ़ता है। हम आप को अपने बीच पाकर अपने को भाग्यशाली समझते हैं। समाज तथा देश को आप के अनुभव तथा पथ-प्रदर्शन का लाभ बहुत बहुत काल तक उपलब्ध रह सके, उनका स्वास्थ्य इस के लिए अनुकूल रहे, यही हमारी हार्दिक शुभकामना है।

॥ श्रीः ॥

श्रीमदामनेकविश्वविद्यालयोपकुलपतिकुलपतिपदालङ्कारभूतानां सर्वदा विद्या-प्रचारतत्पराणामतिमहनीयचरित्राणामृषितुल्यानां डाक्टरपण्डितश्रीइकबाल-नारायणगुर्टूमहोदयानामायुषः पादोनवर्षशतपूर्तिनिमित्तप्रवर्तितमहोत्सवे ।

शुभाशंसनम् ।

शारदा शारिका क्षीरभवानी ज्वालिका पुनः ।
श्रीदेवोऽमरनाथश्च पान्तु कश्मीरजान् द्विजान् ॥ १ ॥

सारस्वते समुदिते परमे पवित्रे
क्षेत्रे विशिष्टकृतिकृद् जनताहिताय ।
सोऽयं गुर्टु कुलजो विदुषां विशिष्टो
राराज्यतां सुतमित्रकलत्रयुक्तः ॥ २ ॥

आलये विश्वविद्यानां श्रेष्ठं कुलपतेः पदम् ।
प्रयागे काशिकायां च समभूषयत कीर्तिमान् ॥ ३ ॥

अपीपैलीसंस्थाप्रमुखपदके कार्यनिरतोऽ-
धुना विद्याकार्ये प्रबलतमयत्नेऽचलमतिः ।
ऋषीणां चारित्र्यं स्वचरितमिषेण प्रकटयन्
पुमान् धन्यो मान्यो गुरुटुकुलजो विश्वमहितः ॥ ४ ॥

पादोनवर्षशतके वयसि प्रयाते
विद्याविवर्धनरतोऽनलसोऽतिधीमान् ।
नारायणस्त्विकबलेतिपदेन युक्तो
जीव्यादुमेशकृपया शरदां शतं च ॥ ५ ॥

इति श्रीभगवन्तमुमारमणं काशीपुरीपालकं विश्वनाथमभ्यर्थयते–

आश्विनवद्य २–२०१० भृगुवासरे,
(ता० २५-६-१९५३)

अनन्तशास्त्री फड़के
व्या. आ., मी. तीर्थ, वेदान्तकेसरी
प्रा. ग. सं. कालेज, एवं विश्वसंस्कृतपरिषद्, काशी.

गुर्टू-प्रशस्तिः

[डा० श्री जी० श्रीनिवास मूर्ति, मैयरल, मद्रास]

विद्वद्वरेण्यः सुगृहीतनामा
नारायणो गुर्टुपदोपनामा ।
विख्यातकश्मीरबुधान्ववायो
विद्याकलावर्धनबद्धदीक्षः ॥१॥

श्री ब्रह्मविद्यासदसः सदस्यो
देवीवसन्तागुरु शिष्यवर्यः ।
श्री जार्जअरुण्डेल् सहकारदक्षो
यन्मित्रमाहुर्जिनराजदासम् ॥२॥

विद्यास्थानपतिः स्वयं कुलपतिर्विद्यापतिश्चाप्यसौ
नैकस्थानपतिश्च राजसदसीत्येवं चकारामिताम् ।
सेवां लोकहितैषिणीं निरुपमां श्रीकृष्णमूर्तेः पथि
भ्रष्टः संचरतां सतां पुनरसौ वर्वर्ति सत्त्वोत्तरः ॥३॥

सोऽयं विद्वान् वत्सरेऽस्मिन् विजये पदमादधत् ।
पट्सप्ततितमे वर्षे चिरायुष्यमवाप्नुयात् ॥४॥

नारायणप्रसादेन गुर्टोर्नारायण प्रभोः ।
जगत्यां पुण्यचरितं वर्धतामभिवर्धताम् ॥५॥

इक्वल्नारायणविभोर्गुर्टोः श्वःश्रेयसं परम् ।
आशास्तेऽयं श्रीनिवासमूर्तिः स्वर्णमहोत्सवे ॥६॥

श्री "इकबाल" प्रशस्तिः ।

[श्री त्र्यंबक आत्माराम भण्डारकर, एम.ए., साहित्याचार्य, वसन्त कालेज, काशी]

स्वस्ति स श्री कबालाख्यो
नारायण पदान्वितः ।
जीवेत्स इ न्दु शुक्लाभः
श्रीगुर्टुः शरदां शतम् ॥ १ ॥

अयमे कः सतामग्रे
परार्थानन्दितान्तरः ।
स्वीयार्थ बा धित स्वान्ताः
सन्ति सन्तः सहस्रशः ॥ २ ॥

मान्यः कु ल पतिश्चायं
सौजन्यामृत सागरः ।
गृहीते ना म्नि यस्यास्ते
सादरं सर्वदान्तरम् ॥ ३ ॥

कथं न रा जमानाः स्युः
काश्मीरोज्वल दीप्तयः ।
गुणास्त स्य पुनः सर्व—
लोकाकर्षण हेतवः ॥ ४ ॥

पराय णाः स्वयं शिक्षा—
दीक्षा कार्ये निरन्तरम् ।
सर्वतोऽ गुर् जगत्यस्य
सुधाधवल कीर्तयः ॥ ५ ॥

नित्यं प ट्टु तरश्चासा—
वनुशासन पालने ।
अग्रणीर् म हतां जानन्
गुणदोपान्तरं सुधीः ॥ ५ ॥

करोत्य हो महत्कार्यं
स्वीकृत्य समदृष्टिताम् ।
किं पयो दः स्वयं कुर्या—
दुर्वरो परयोर्भिदाम् ? ॥७॥
सर्वेऽपि या न्ति सम्मोदं
दर्शनेनास्य मानवाः ।
कमला नां विकासाय
कोऽलमर्यमणं विना ? ॥८॥

शुभाशंसा

[*श्री कृपाशंकर लाल श्रीवास्तव, बी. ए., बी. एड्., सुलतानपुर*]

शत शरदों तक जिएँ आप पी प्रीति-सोमरस
यश की सुरभित ज्योत्स्ना से हो जीवन ज्योतित
करुणा-श्रद्धा से उर्मिल हो निस्तल मानस
श्री इकबाल नरायन प्रभु से विनय यही नित
मौन सुमन-सा सेवा-शिक्षा-रत तव जीवन
खिले प्रेरणा की पंखड़ियों में संजीवन
छवि-मधु-परिमल से समृद्ध हो जग का उपवन
करें आप जिज्ञासु मधुव्रतों का आकर्षण
लोक-प्रीति के वैभव से प्रमुदित हो संसृति
झंकृत हो युग-वीणा मानव-विजय-नाद से
पशुता-हिंसा-जड़ता का तम पराभूत हो
मुक्त बने नव संस्कृति स्वार्थों के प्रमाद से

आशंसा

[श्री यमुनादत्त शास्त्री, अध्यापक, बेसेन्ट कालेज, काशी]

१

वाणी स्वयं वसति यद्वदनारविन्दे
 कारुण्यमन्द लहरी नयनारविन्दे ।
ओजस्तथा लसति चारु करारविन्दे
 धैर्यं समुल्लसति यद्धृदयारविन्दे ॥

२

यः कोविदान्वयमणिर्मधुरोऽत्युदारः
 शिष्टानुशिष्ट जनमान्य लसद्विचारः ।
सद्राजनीति कुशलो जनमानपात्र–
 माचार्य गुर्टुविबुधो विजयं तनोतु ॥

३

प्रमुदितजनयुक्ते शुद्धभावस्वभावे ।
 विबुधजन समाजे ख्यात भव्य प्रभावे ।
अभिनव विधुकान्तौ लोकतापैकशान्तौ
 बुधवर इकबाले भक्तिरस्माकमस्तु ।

४

वासन्त शिक्षण महा भवनं प्रसिद्धं
 श्रीमद्भिरार्यचरणै विहित प्रबन्धम् ।
यस्योन्नतावनुदिनं धृतकार्यभारः
 श्रीगुर्टु कोविदवरो वितनोतु कीर्तिम् ॥

पंडित इकबाल नारायण गुर्टू

[श्री श्रीप्रकाश, राज्यपाल, मद्रास]

मेरे जैसे लोगों के लिये जो पंडित इकवाल नारायण गुर्टू को आज करीव ५० वर्षों से जानते हैं, और जो उनके प्रति असीम श्रद्धा रखते हैं. जो उनसे पढ़ चुके हैं, और जिन्होंने उन्हें कितने ही कार्यक्षेत्रों में वड़ी कुशलता और सफलता के साथ कार्य करते हुये देखा है, उनके संवंध में लिखना कठिन है, क्योंकि ऐसी लिखाई में साधारणतः या तो ऐसा समझा जाता है कि कोई प्रशंसक व्यर्थ की अतिशयोक्ति भर रहा है, या यह माना जाता है कि किन्हीं व्यक्तिगत कारणों से कोई व्यर्थ ही असमालोचनात्मक टिप्पणियाँ कर रहा है। जव मुझे आमंत्रण भेजा गया कि मैं श्री पंडित जी के संवंध में कुछ लिखूँ, तो मुझे वड़ा आनंद और संतोष हुआ, और मैं उनके प्रति अनुगृहीत हुआ हूँ जिन्होंने इस शुभ अवसर पर, जव पंडित जी अपने उपयोगी जीवन के पचहत्तर वर्ष समाप्त कर रहे हैं, मुझे याद किया, और चाहा कि मैं भी उनके अभिनंदन ग्रंथ में दो-चार शव्द लिखकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करूँ। साथ ही मुझे संकोच और असमंजस भी प्रतीत हुआ कि कहीं मैं कुछ अनुचित न लिख दूँ, और पुराने राजनीतिक मतभेदों के कारण कुछ अन्याय न कर बैठूँ। शिक्षक और विद्यार्थी का संवंध ऐसा भी नहीं होता जिसमें कटु अनुभव न हुआ हो, और इस कारण भी मैं अपना मन स्थिर न कर सका कि मैं कुछ लिखूँ या न लिखूँ। अन्त में मैंने यही उचित समझा कि जब मुझसे कुछ लिखने को कहा गया है तो मैं अवश्य कुछ लिखूँ, यद्यपि मुझे इसका भय है कि वहुत-सी ऐसी बातें संभवतः मैं दुहरा रहा हूँ जो कि और भाई भी लिख रहे होंगे।

मेरे लिये यह उचित है कि मैं आरंभ में ही यह लिख दूँ कि मेरे कुटुम्ब का, पंडित इकबाल नारायण गुर्टू के काशी में आने के दिन से, उनके कुटुम्ब से बड़ा ही निकट संबंध रहा है। श्रीमती एनी वेसेंट से आकृष्ट होकर, और उनके शिक्षा संवंधी कार्य में भाग लेने के लिये जैसे और लोग आये, वैसे पंडित इकबाल नारायण जी भी काशी आये। यह सन १९०५ की बात है। उनकी स्त्री और बच्चों से मेरीमाताऔर हम सब भाई-बहनों का बड़ा घनिष्ठ संबंध आरंभसे ही हो गया, औरयद्यपिपंडितजीको मैं 'पंडित जी' ही पुकारता रहा, पर पुरानी प्रथा के अनुसार उनके वालक-वालिका मेरी माता को, और हम भाई वहन उनकी स्त्री को, मौसी के नाम से जानते रहे, जो संबंध आज तक बना हुआ है। यह भी एक विशेष रूप से स्मरण रखने की बात है कि पंडित इकवाल नारायण गुर्टू अन्य प्रवासी कश्मी-

रियों की ही तरह समाज सुधारक रहे। कश्मीरी पंडितों के नाम से वर्णित जो छोटा-सा, पर प्रभावशाली, सारस्वत ब्राह्मणों का समुदाय एक तरफ पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश में और साथही दूसरी तरफ मध्य भारत के कुछ प्रदेशों में किसी समय अपने जन्मस्थान कश्मीर से निकलकर बसा, उसके सदस्यों ने मुगलों के जमाने में और विशेषकर अंग्रेजों के समय सरकारी नौकरियों और कानून के पेशे में पर्याप्त ख्याति पायी। इन्हें अपना बड़ा गर्व भी रहा। हिन्दू प्रथाओं को अपने कौटुम्बिक जीवन में ये दाँत से पकड़े रहते रहे हैं, और यदि इन्हें इस संबंध में रूढ़िवादी भी कहा जाय, तो अनुचित न होगा। पर बाहर ये बड़े समाज सुधारक का रूप धारण करते रहे, और हिन्दू समाज के अन्य अंगों को कुछ अपने से कम सभ्य अथवा परिष्कृत मानते रहे। ये लोग आपस में ही विवाह करते आये हैं। इनकी स्त्रियाँ यद्यपि बाहर के लोगों के सामने पर्दा करती रहीं, पर अपरिचित कश्मीरी पुरुषों के सामने भी नहीं करती रहीं। मांस भोजन का इनके यहाँ बड़ा प्रचार रहा, और मैंने पहले पहल पंडित जी के ही यहाँ "मालन" शब्द सुना, और जाना कि मनुष्य भी पशुओं का मांस खाते हैं, क्योंकि मेरे कुटुम्ब में, अथवा अन्य ऐसे कुटुम्बों में जिनसे मेरे कुटुम्ब का सजाति अथवा मैत्री का संबंध था, पशु-मांस नहीं ही खाया जाता था। श्रीमती एनी बेसेंट और उनके सहयोगी विदेशी स्त्री-पुरुष भी, जिनसे हमारे कुटुम्ब की घनिष्ट मैत्री थी, मांस भोजन का त्याग कर चुके थे। बंगाली मछली खाते हैं, यह तो मैंने सुन रखा था, पर इससे अधिक मांसाहारी नर-नारियों का मुझे कोई अनुमान नहीं था।

ये प्रवासी कश्मीरी समाज सुधारक रहे। आमिषभोजन भी संभवतः सुधार समझा जाता था। इन्होंने समुद्र यात्रा की जो सामाजिक रोक थी, उसे तोड़ा। इनकी कौटुम्बिक शिक्षा-दीक्षा सुसंस्कृत मुसलमानों की सी रही है, पर जैसा मैं ऊपर कह चुका हूँ, कौटुम्बिक जीवन में ये कट्टर पुरातनवादी हिन्दू ही रहे। साथ ही समाज सुधारक भी समझे जाते रहे क्योंकि इनके यहाँ पर्दा की प्रथा बहुत कम थी, और स्त्री-पुरुषों का सामाजिक जीवन में परस्पर का साथ भी अधिक रहता रहा। सुधार प्रायः इस कसौटी पर उचित रूप से ही कसा जाता है कि स्त्रियों का समाज विशेष में क्या पद है। और कश्मीरी समाज में अवश्य ही स्त्री का ऊँचा पद रहा। उनमें शिक्षा भी पर्याप्त रूप से रही। बाल विवाह की भी प्रथा कम रही। इन्होंने यदि एक तरफ़ इस्लामी सभ्यता को अपनाया, तो दूसरी तरफ़ अंग्रेजी सभ्यता को भी अपनाने में इन्हें देर न लगी। यद्यपि ये अधिकतर हिन्दी भाषा वाले प्रदेशों में रहे, पर हिन्दी को निकृष्ट "भाखा" ही मानते थे, और संस्कृत से केवल अनभिज्ञ ही नहीं रहे, वे उसके प्रति पर्याप्त रूप से उपेक्षा का भाव रखते थे, और समझते थे कि इसके कारण ही देश में इतनी खराबी है। तथापि अपने को उच्च श्रेणी के ब्राह्मण मानने में इन्हें विशेष गर्व होता रहा, और अपने

व्यक्तिगत और सामाजिक वैभव के कारण प्रवासी कश्मीरी, कश्मीरी होने का मान रखते हुये भी, कश्मीर के अधिवासियों से कोई प्रत्यक्ष संबंध नही रखते थे, और विवाह-शादी आदि परस्पर का संबंध सब प्रवासियों में ही होता रहा।

इतनी लम्बी भूमिका इस कारण आवश्यक हुई कि पंडित इकबाल नारायण गुर्टू के व्यक्तित्व और चरित्र-बल को बिना इसके नहीं ही समझा जा सकता। जिन व्यक्तिने ऐसे समाजमें जन्म लिया और शिक्षा-दीक्षा पायी, वे किस प्रकारसे श्रीमती एनी बेसेंट और उनके द्वारा स्थापित शिक्षा-केन्द्र काशी के सेंट्रल हिन्दू कालेज की तरफ आकृष्ट हुये, यह एक रहस्य की बात है, पर ऐसी घटना ऐसे ही वातावरण में संभव थी जो हमारे देश में उन्नीसवीं सदी के अन्तिम और बीसवीं सदी के प्रथम चरण में व्याप्त था। उस युग में विचारवानों के हृदय भयानक संघर्षों की रंगभूमि बन गये थे, और लोग घबड़ा उठे थे कि आखिर हम किधर जा रहे हैं, और हमारे देश और समाज का क्या होनेवाला है। इस प्रश्न का उत्तर तो पंडित जी ही स्वयं दे सकते हैं—कोई दूसरा नहीं ही दे सकता—कि क्या बात थी जो उन्हें काशी घसीट लायी। संभव है कि अन्य कितने सुशिक्षित नवयुवकों की तरह— क्योंकि उनकी अवस्था उस समय केवल २७ वर्ष की थी, और वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद अवश्य ही अपने जीवन-कार्य की समस्या पर विचार कर रहे होंगे—वे भी श्रीमती एनी बेसेंटकी विलक्षण वाणीसे आकृष्ट हो गये; और अपने देश की पुरानी महिमा को एक प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध अंग्रेज स्त्री के मुँह से सुनकर, अपने पूर्वजों के गूढ़ और विशाल विचारों के गौरव की शिक्षा इनके द्वारा प्राप्त करके, और भावी भारत के महत्व की संभावना का अनुभव करके, उन्होंने इनके ही साथ काम करना निश्चित किया, और विचार किया कि इनके नेतृत्वमें ही हमारे देश की उन्नति है जिसमें मुझे भी भाग लेना चाहिए। जो कुछ हो, मैं स्वयं यह जानता हूँ कि इनके घर के और लोग इनकी आकांक्षा के समर्थक नहीं थे। इनके समुदाय का विचार तो इनसे बहुत पृथक् था। बहुत संभव है कि इनके कुटुम्बी जन, मित्र और रिश्तेदार यही आशा करते रहे कि ये भी अपनी कुल परंपरा बनाए रख वकालत में बहुत नाम और रुपया कमायेंगे, अपने पिता की तरह ही प्रसिद्ध होंगे, अपने समाज में विशिष्ट स्थान प्राप्त करेंगे। ऐसे लोगोंको तो बहुत ही हतोत्साह होना पड़ा होगा जब इन्होंने एकाएक काशी आना तय किया होगा। इनकी स्त्री और बच्चों के हृदयों में भी अवश्य खलबली मची होगी क्योंकि काशी में, जहाँ तक मैं जानता हूँ, कोई इस समुदाय के लोग उस समय नहीं थे और जो पीछे आये भी, वे संभवतः इन्हीं के उदाहरण से आये, किसी दूसरे कारण से वे काशी की तरफ ध्यान नहीं ही दे सकते थे।

जहाँ तक मैं याद कर पा रहा हूँ, ये अपने समुदाय के सब विचारों को लेकर काशी आये। इनकी कौटुम्बिक संस्कृति वही रही जो साधारणतः प्रवासी कश्मीरी

भी होती है। मैं तो इनके साथ कौटुम्बिक उत्सवों में सम्मिलित हुआ हूँ। यहाँ पुरानी परंपरा का ही सदा पालन होते हुए पाया। पर इनका कोई संपर्क भारत के पुराने विचारों से नहीं था। हाँ, स्वाभाविक रूप से थियासोफी एनी बेसेंट की छाया अवश्य इनके ऊपर भी रही, जैसी कि कितने ही अन्यों के ऊपर थी। साथ ही शिक्षा की तरफ इनकी विशेष भावना थी, और देश में उचित शिक्षा के प्रचार के लिए इन्हें विशेष उत्साह रहा। सेंट्रल हिन्दू कालिज से संलग्न अन्य पुरुषों का इन-के साथ बहुत मेल हो गया, जिससे कि जहाँ तक मैं जानता हूँ इनकी स्त्री और बच्चाओं को—इन्हें कोई पुत्र नहीं है—ऐसा कभी भी प्रतीत नहीं हुआ होगा कि हम परदेश में हैं अथवा अनजिनों के बीच में हैं। यहीं के ही संपर्क से पंडित जी को देश के पुराने विचारों से संपर्क हुआ, और वे विद्यासागर और विद्यावारिधि गोस्वामियों से भी रस लेने लगे। जहाँ तक मैं जानता हूँ, जब वे आरंभ में आये थे, वे गोस्वामियों के सदृश भी नहीं थे। इनका अनुराग विद्यासागर से बहुत दूर रहता था। यह इसे पुरानी संस्कृति के पुनर्जागृत करने और देश को पीछे ले जाने के अनुचित प्रयत्न का साधन मानता था। इस सब को पंडित इकबाल नारायण गुर्टू के प्रति आरंभ में ही विशेष रूप से इस कारण अनुगृहीत होना चाहिये कि इन्होंने विलक्षण साहस से काम लिया, जब एक प्रकार से अपने समाज से अपने को काटकर और अपने कुटुम्ब को दुःखी करके, केवल २७ वर्ष की अवस्था में यह तय किया कि हम देश के नवयुवकों को धार्मिक शिक्षा के आधार पर सुसंस्कृत और सुशिक्षित करके देश के उद्धार का साधन बनायेंगे।

पंडित इकबाल नारायण गुर्टू की प्रकृति सदा से कुछ ऐसी मधुर रही है कि उन्होंने बहुत जल्दी ही सब से मैत्री स्थापित कर ली, और विशेष परंपरा के कारण उनकी स्त्री को भी सब से मिलकर निकट संबंध कायम करने में कुछ देर न लगी। आरंभ में ये हिन्दू कालिज के पूर्वी फाटक के सामने एक कोठी में रहते थे। यह स्थान इस समय "ऋषि-शाला" के नाम से जाना जाता है। मैं इसे बचपन से जानता था क्योंकि यह मेरे पिता और पितृव्यों के बड़े ही प्रिय मित्र मुन्शी जग-कृष्ण जी का स्थान था। पंडित जी के यहाँ मेरे कुटुम्ब के लोगों का इनके आने के आरंभ के ही दिनों में एक रात्रि को भोजन का निमंत्रण था। मुझे समय पालन करने का बहुत छोटी अवस्था से ही अभ्यास रहा। ठीक समय से मैं अपने छोटे भाई के साथ कोठी के दरवाजे पर पहुँचा। गर्मी का दिन था। मैंने भीतर पहुँचते ही पंडित जी की बड़े गुस्से की आवाज सुनी। वे भी संभवतः कुछ ही पहले पहुँचे थे। उनको आशा थी कि नौकर कुर्सी आदि बाहर चबूतरे पर निकाल सब प्रबंध कर रखे होंगे जिससे मेहमानों के आते ही उनका समुचित रीति से स्वागत किया जा सके। उसने ऐसा नहीं किया था। इसमें कोई आश्चर्य भी नहीं, क्योंकि १९०५ के काशी के नौकरों की वैसी शिक्षा-दीक्षा नहीं थी जैसी कि पंडित इकबाल नारायण गुर्टू ने कानपुर और इलाहाबाद के अपने समाज के अनुभव

से समझ रखा था। वे बहुत ही नाराज़ हो रहे थे। ऐसी अवस्था में जैसा स्वाभाविक ही होता है, उनकी आवाज़ काफी ऊँची थी। मैंने अपने भाई को दरवाजे पर ही रोका। कहा कि पंडित जी नाराज मालूम पड़ते हैं। इस समय चलना ठीक नहीं है। हमें देखकर वे असमंजस में पड़ जायँगे। मेरी अवस्था १५ और भाई की ११ की थी। जैसा होता है, पंडित जी को भी संभवत ऐसा ख्याल न रहा होगा कि कोई भी समय से पहुँच जायगा। वास्तव में मेरे पिता, चाचा आदि काफी देर करके आये। थोड़ी देर में जब उनकी आवाज़ शान्त हुई, हम लोग गये। उन्होंने हम लोगों को अपनी रौद्र अवस्था में नहीं देखा। इस कारण उन्होंने जाना भी नहीं होगा कि उनकी आवाज़ हमने सुनी, और आज यदि वे इसे पढ़ेंगे तो पहली वार जानेंगे कि अड़तालीस वर्ष पहले मैंने उनका अनुभव ऐसे रूप में भी किया है जिसका वे संभवतः यह न चाहते होंगे कि कोई भी करता।

मुझे वह भोज याद है। लड़कियाँ जो खाना परोस रही थीं, किसी पदार्थ को "कबाब" कहती थीं, किसी को ऐसे ही अन्य नाम से पुकारती थीं, जिससे मुझे कुछ मन में शंका हुई कि यह भोजन खाने योग्य नहीं है। कश्मीरियों का भोजन बड़ा गरिष्ठ भी होता है। घी का अत्यधिक प्रयोग होता है। एक बार हमारे वर्तमान प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू जी जब मेरे यहाँ ठहरे हुये थे, और महात्मा गाँधी जी के प्रभाव के कारण मांस-भोजन का उन्होंने त्याग कर दिया था, मुझ से कहने लगे कि तुम्हारा खाना बहुत पसंद आता है, कश्मीरी भोजन से तो मैं परेशान हो गया, मुझे ऐसा रसोइया देते जो इस प्रकार का भोजन बना सके जैसा तुम खाते हो। उलटे श्री सी० वाई० चिन्तामणिने मेरे भोजन को 'मोस्ट इंसिपिड' (नितान्त रसहीन, स्वादहीन) बतलाया था। जो कुछ हो, उस समय मैं कुछ भी न खा सका। पीछे बहुत बार पंडित जी के यहाँ मैंने भोजन किया है, और अच्छी तरह किया, पर मुझे फिर किसी ने "कबाब" के नाम से नहीं डराया, और मुझे भी विश्वास हो गया कि पंडित जी का कुटुम्ब चाहे पहले कुछ भी क्यों न खाता रहा हो, अब मेरी ही तरह निरामिषभोजी है, और सब्जी-भाजी के भी विशेष व्यंजन 'कबाब' और अन्य भयावह नामों से पुकारे जा सकते हैं।

अगर मैं ४८ वर्षों की कथा सुनाने लगूँ तो बहुत विस्तार हो जायगा। लिखते हुए बहुत-सी घटनाएँ याद आ रही हैं। पंडित जी अंग्रेजी भाषा में बड़े प्रवीण हैं, और वे मुझे भी स्कूल की कक्षाओं में अंग्रेजी पढ़ाते रहे। कभी कभी इनकी लिखाई को हम श्रीमती एनी वेसेंट की भाषा से तुलना करने लगते थे। उन दिनों मिस्टर जार्ज अरंडेल स्कूल के हेड मास्टर (प्रधान अध्यापक) थे, और जब कुछ दिनों के लिये वे छुट्टी पर गये, तो पंडित जी उनके स्थान पर काम करते रहे। आज के उनके विद्यार्थियों को यह विचार करना कठिन होगा, क्योंकि आज वे बड़े मृदु हैं, कि किसी समय उनके विद्यार्थी उनसे भयभीत रहते थे।

कक्षाओं में इनका इतना आतंक रहता था कि कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती थी, और यदि हममें से किसी ने कुछ गड़बड़ी की, तो इनका हमारी तरफ देख लेना मात्र ही हमें चुप करने के लिये पर्याप्त था। यह बात सब शिक्षकों के संबंधमें नहीं कही जा सकती। जब ये प्रधान अध्यापक रहे, तो सब अन्य शिक्षक भी इनसे काफी भय रखते रहे। जहाँ तक मुझे स्मरण आता है, नौकर को डाँटने की उपर्युक्त घटना के अतिरिक्त मैंने इन्हें कभी भी क्रोध अथवा आवेश में बात करते हुये नहीं पाया। पर इनके व्यक्तित्व का बहुत बड़ा प्रभाव रहता था। सब बड़े छोटों के साथ इनका सामाजिक व्यवहार सदा शिष्ट ही रहा है। उन दिनों में अंग्रेज महिलाएं भी हमारे स्कूल में पढ़ाती थीं। श्रीमती एनी बेसेंट अपने देश की परंपरा के अनुकूल उचित रूप से यह ठीक समझती थीं कि स्त्रियों को बालकों को पढ़ाने का कार्य करना चाहिये। विदेशों से यहां आये हुये शिक्षा के कई समीक्षकों ने भी यह आश्चर्य प्रकट किया है कि भारत में महिलाएँ बहुत कम शिक्षक होती हैं। हमारे यहाँ हिन्दू कालेज में मिस एडगार, मिस अरंडेल, मिस हेरिंगटन आदि कई योग्य महिलाओं ने शिक्षा का काम किया, जिसके लिये पर्याप्त रूपसे कृतज्ञता प्रकट करना हमारे लिए संभव नहीं है। हमारे योग्यतम शिक्षकों में श्री काली प्रसन्न चक्रवर्ती थे। ये हमें गणित पढ़ाते थे। हम सब इनका विशेष रूपसे सम्मान करते थे। इन्होंने मुझसे एक बार कहा था कि जब मिस हेरिङ्गटन पढ़ाती हैं, और मैं उनकी कक्षा के सामने से गुजरता हूँ, तो स्वयं मुग्ध होकर खड़ा हो जाता हूँ, और आश्चर्य करता हूँ कि कैसे ये ऐसे सुन्दर और आकर्षक रूप से पढ़ा सकती हैं। इन्हीं शिक्षिकाओं में मिस अलबेरस नामक भी एक स्त्री थी, जो स्कूल में पढ़ाती थीं। ये बड़ी जबर्दस्त औरत थीं। इनसे सब कोई डरता था। सब लोगों का ख्याल था कि ये कुछ पागल-सी हैं। जब ये शाम को टहलने निकलती थीं, तो एक हाथ में छाता, एक में छड़ी लेकर दोनों तरफ उन्हें फैलाकर कमच्छा से दशाश्वमेध की तरफ जाती थीं जिससे सारी सड़क ये ही भर लेती थीं, और काशी की सड़कें ऐसी चौड़ी भी नहीं हैं कि और लोगों को इस प्रकार से चलने वाले से कष्ट न हो। इसकी काफी शिकायत भी थी। यह औरत सबको डराती थी, पर पंडित इकबाल नारायण गुर्टू से यह बहुत डरती थीं, और उनको देखते ही जैसे स्तंभित रह जाती थी, यद्यपि ये कुछ उनसे कहते नहीं थे। अवश्य ही इनमें कोई आध्यात्मिक बल होगा जिसके कारण ये इतना प्रभाव रख सकते थे। इनकी अवस्था उस समय ३० से कम ही रही होगी।

पंडित इकबाल नारायण गुर्टू अपने समय में बहुत से पदों पर आसीन हो चुके हैं। सबकी ही मर्यादा इन्होंने बढ़ायी। इन्होंने बहुतसे विरोधों का भी सामना किया है। परन्तु अपनी शिष्टता और व्यक्तिगत मैत्री और सद्व्यवहार को इन्होंने कभी भी नहीं छोड़ा। मेरे ऊपर इनकी विशेष कृपा होने के कारण इनके प्रति मेरा पक्षपात हो सकता है। बहुत-सी बातों में विगत ३०-३५ वर्षों के राजनीतिक संघर्ष

के कुसमय में मतभेद होते हुये भी मेरे हृदय में इनके लिये व्यक्तिगत रूपसे सदा बड़ा ही सम्मान बना रहा, और जहाँ तक मुझे मालूम हुआ है, इन्होंने भी अपने हृदय में मेरे प्रति कभी भी विश्वास अथवा प्रीति में कमी नहीं होने दी। पंडित जवाहरलाल नेहरू से एक वार बातों के प्रसंग में हेडमास्टरों की चर्चा आयी। वे तो इंगलैंड के प्रसिद्ध हैरो स्कूल में पढ़ चुके हैं, और हैरो के हेडमास्टरों का क्या कहना है। जब उन्होंने मुझ से पूछा कि तुम अपने हेडमास्टरों में किनको सब से बड़ा मानते हो तो मैंने तत्क्षण उत्तर दिया—'पंडित इकबाल नारायण गुर्टू' को। मेरे लिये ऐसा कहना कोई साधारण बात नहीं थी क्योंकि संभवतः मेरे समय के अधिकतर विद्यार्थी ऐसे प्रश्न के उत्तर में श्री जार्ज अरंडेल का नाम लेते। मुझे भी उनके लिये बड़ा स्नेह, आदर और सम्मान है। पर अपने हेडमास्टरों की गणना करने में मुझे पंडित इकबाल नारायण गुर्टू का नाम इस कारण सर्वश्रेष्ठ प्रतीत होता है, कि हेडमास्टरों के कुछ विशेष गुण होते हैं, जो इनमें हैं या रहे, और जो हर प्रकार से योग्य होते हुये भी मिस्टर अरंडेल में मेरी समझ में नहीं रहे। पंडित जी से कोई अनुचित लाभ नहीं उठा सकता था, न किसी को यह साहस था कि इनके सामने मर्यादा का उल्लंघन करे। जब जवाहरलालजी ने मुझ से यह पूछा कि तुम ऐसा क्यों कहते हो (क्योंकि जहाँ तक राजनीति का संबंध है, पंडित इक-बाल नारायण गुर्टू का और उनका कभी भी सामीप्य नहीं रहा, और इस कारण संभव है, जवाहरलाल जी और इकबाल नारायण जी एक ही जन्म समुदाय के होते हुये भी उतना एक दूसरे को नहीं जानते, जितना सामीप्य के कारण दोनोंको ही मुझे जानने का अवसर मिला) तो मैं कोई उत्तर न दे सका। ऐसे प्रश्नों का उत्तर देना भी कठिन होता है। एक तो तुलना करना ही कोईसरल बात नहीं है, फिर किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व की परिभाषा देना और भी कठिन हो जाता है। यह कोई अवर्णनीय गुण होता है, जो कि अनुभव किया जाता है, पर जिसका शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। इस कारण मेरा यही उत्तर था कि मैं यह तो नहीं बतला सकता कि ऐसा मैं क्यों समझता हूँ पर मैं ऐसा ही समझता हूँ—इसमें कोई संदेह भी नहीं है।

मिस्टर अरंडेल अपनी अंग्रेजी परंपरा के कारण अपने विद्यार्थियों के बहुत-से कार्यों और आयोजनों में भाग ले सकते थे, और लेते थे, जो पंडित जी नहीं करते थे। यह पंडित जी में कमी मानी जा सकती है। जहाँ तक मुझे याद पड़ता है, पंडित जी का व्यायाम केवल टहलना था, पर यद्यपि खेलके मैदान में विद्या-र्थियों का इनका साथ नहीं था, पर वाद विवाद और अन्य बौद्धिक संस्थाओं में ये पर्याप्त रस रखते थे और शिक्षार्थियों की हर प्रकार से सहायता करते थे। हम सबने उन दिनों इंगलैंड की पार्लमेंट की नकलकर अपनी जो वादविवाद की सभा बनायी थी उसके अध्यक्ष (स्पीकर) के पद से पंडित जी ने कितने ही नये वक्ताओं को बल, उत्साह और सहायता दी। पंडित जी स्वयं

अंगरेजी और उर्दू के अच्छे ज्ञाता हैं। अपने दफ्तर संबंधी कार्यों में ये सदा व्यस्त रहते रहे और इसमें सदा से ये बड़े ही कुशल रहे। उतना संपर्क नव युवकों से ये नहीं कर पाते थे जितना कि संभवतः शिक्षकों के लिये आवश्यक समझा जाता है, तथापि एक अच्छे अर्थ में इनका भारी पाठशाला में आतंक रहता था, और अपने व्यक्तित्व मात्र से ये अनुशासन स्थापित करते थे, और सब लोगों को दत्तचित्त होकर अपना अपना कार्य करने को विवश करते थे। यह छोटी बात नहीं है। इसी सब की स्मृति ने मुझे अपने हेड मास्टरों में इन्हें सब से ऊँचा स्थान देने के लिये प्रवृत्त किया, और यदि मुझसे आज भी पूछा जाय तो मैं यही उत्तर दूँगा। मुझे इस बात का दुःख है कि आज की स्थिति में राजनीतिक विचारों और विभिन्न व्यक्तियों की आकांक्षाओं के संघर्ष में, और उनके निज के ही संकोची प्रकृति और साधारणतः अधिक आयु के कारण देश के सार्वजनिक कार्य में पंडित जी का समुचित प्रकार से उपयोग नहीं हो रहा है, जैसा कि लोकहित में हो सकता था और होना चाहिये। पंडित जी की यह विशेषता रही है कि ये जो कुछ कार्य उठाते हैं, बड़ी लगन से करते हैं। ये किसी की प्रशंसा की अपेक्षा नहीं करते, न किसी की टिप्पणी की ही परवाह करते हैं। गीता में कहे हुये "श्रेयां स्वधर्मो विगुणः" और "स्वधर्मे निधनं श्रेयः" का मैं इन्हें जीवित जाग्रत मूर्ति मानता हूँ। यदि कोई प्रमाण चाहे तो इसी में मिल सकता है कि बड़े बड़े विश्वविद्यालयों के कुलपति हो चुकने के बाद आज वे शिक्षा के काम में छोटे छोटे बच्चों की पाठशाला के संचालन में बड़ी तत्परता से लगे हुये हैं। उन्हें किसी और बात की अभिलाषा नहीं है। यदि कोई आकांक्षा है तो यह कि पाठशाला दिन प्रति दिन उन्नत हो, उसका लक्ष्य और आदर्श प्राप्त हो, उसके विद्यार्थी और शिक्षक सुखी रहें।

पंडित जी बड़े गंभीर प्रकृति के पुरुष हैं। मैंने इन्हें बहुत हँसते हुये या मजाक करते हुये नहीं पाया, और जो इनके नैसर्गिक गुण हैं, वे इनके सब कार्यों में सदा प्रदर्शित होते हैं। इनके काशी आने पर, ७ वर्ष हँसी-खुशी और स्नेहपूर्ण सहयोग करने के बाद, एकाएक भयंकर तूफान का उन सब लोगों को सामना करना पड़ा, जो सेंट्रल हिन्दू कालेज और थियासाफिकल सोसाइटी के विशिष्ट व्यक्ति थे। उस समय के झगड़े के गुण-दोष की विवेचना मुझे आज बैठकर नहीं करनी है। न इसकी मुझमें क्षमता है, न ऐसा करने का प्रयत्न करना उचित ही होगा। पर इसमें कोई संदेह नहीं कि उस समय परस्पर का भयंकर संघर्ष हुआ, मतभेद ही नहीं, दुःखद हृदयभेद निकटतम मित्रों और सहयोगियों में हो गया, और थियासाफिकल सोसाइटी को जो धक्का लगा, सो तो लगा ही, सेंट्रल हिन्दू कालेज तो एक प्रकार टूट ही गया। उस समय के संघर्ष में बहुत से लोगों ने भाग लिया और बड़ी कटुता भी उन्होंने व्यक्त की, पर जो लेख पंडित इकबाल नारायण गुर्टू के निकले थे, उनमें कोई कर्कशता न थी, और उनकी इच्छा यही थी कि पहले

की ही तरह परस्पर सौहार्द के साथ ही फिर काम किया जाय। इन्होंने शान्ति की स्थापना करानी चाही यद्यपि इसमें कोई संदेह न था कि इनकी सहानुभूति किस ओर है। इन सात वर्षों में इसमें भी कोई संदेह नहीं कि पंडित जी की विचार-धारा और मनोवृत्ति बहुत कुछ बदल गयी थी, और ये श्रीमती एनी बेसेंट के निकटतम भक्तों और सहयोगियों में हो गये थे। यदि पहले आप श्रीमती एनी बेसेंट से आकर्षित मात्र होकर देश के उद्धार के लिये शिक्षा के क्षेत्र में हिन्दू कालेज के द्वारा सार्वजनिक सेवा करने आये, तो अब उन्होंने अपने को पूर्णतया श्रीमती एनी बेसेंट के ही सुपुर्द कर दिया, और उन्हीं के कार्य को संपादन करने में अपने लक्ष्य की प्राप्ति देखी। यह छोटी बात नहीं है, और इसका प्रभाव उनके ही कार्य पर नहीं, एक प्रकार से देश के राजनीतिक जीवन पर पड़ा।

इस घटना से यह भी स्पष्ट है कि समाज सुधार के पक्षपाती और ऐसे समुदाय विशेष से आये हुये पंडित जी के ऐसे व्यक्ति, जिनका कि इस ओर कभी ध्यान भी न गया होगा, एक अद्भुत धार्मिक विचार के प्रवर्तक हो गये, जिसे श्रीमती एनी बेसेंट ने किन्हीं विशेष अवस्थावश उस समय उठाया था। पर आप का हृदय वास्तव में शिक्षा में ही रहा, और यद्यपि आप कुछ दिनों के लिये संयुक्त प्रान्तीय व्यवस्थापक सभा में रहे, और श्रीमती एनी बेसेंट के "होम् रूल लीग" में सम्मिलित होकर राजनीतिक क्षेत्र में भी उतरे जब इंग्लैंड जाते हुये आप आधे रास्ते से वापस किये गये, और यद्यपि कुछ दिनों तक आपने बनारस की म्युनिसिपल बोर्ड की अध्यक्षता भी की, तथापि आप का प्राण शिक्षा में ही सदा रहा, और सेंट्रल हिन्दू कालेज से पृथक् होकर श्रीमती एनी बेसेंट ने जो जो शिक्षा संस्थाएँ खोलीं— चाहे थियासाफिकल सोसाइटी के भवन में, चाहे राजघाट पर—उनमें आपका सदा से विशिष्ट रूप से हाथ रहा। संभवतः इस बीच में इस आशा से कि बदली हुई अवस्था में ऐसी शिक्षा संस्थाएँ भी, जिनका संबंध शासन से है, इस प्रकार से चलायी जा सकें, जिससे कि वहाँ पर भी उन राष्ट्रीय आदर्शों का प्रतिपादन हो सके, जिनके लिये आप अपनी स्वतंत्र शिक्षा संस्थाओं में व्यस्त रहे हैं, आपने निमंत्रित होने पर प्रयाग विश्वविद्यालय के कुलपति का और काशी विश्वविद्यालय के उप-कुलपति का भी स्थान ग्रहण किया। इनमें हर पद पर आपके रहते हुये मैं आपसे मिलता रहा। मैंने आपको सदा स्वस्थ चित्त ही पाया। कभी घबड़ाते हुये नहीं देखा। कार्य में व्यस्त रहते थे, परेशान भी किये जाते थे, त्रस्त भी हो जाते थे, पर जो काम उठाते थे, लगकर करते जाते थे। मित्रता सदा बनाये रखते थे। सबसे प्रेम से मिलते थे। अपने पद के कारण अपनी मनोवृत्ति में अन्तर नहीं आने देते थे। जो कुछ होता था, कर देते थे। परिणाम के लिये चिन्तित नहीं रहते थे।

हाँ, एक बात आपमें रही, जो एक प्रकार से गुण होते हुये भी दोष भी समझी जा सकती है। आप सब बातों की छानबीन काफ़ी करते हैं। अपनी क़ानून की

पढ़ाई आप भूल नहीं सकते। हरेक शब्द को तौलते रहते हैं, और इस कारण निर्णय करने में देर भी करते हैं। जब जब मैंने उनको देखा, तब तब उनके सामने मिसिलों का ढेर पाया। जब ये थियासाफिकल सोसाइटी की भारतीय शाखा के प्रधान मंत्री थे, अथवा म्युनिसिपालिटी के अध्यक्ष थे, अथवा प्रयाग या काशी विश्वविद्यालय के विशिष्ट अधिकारी थे, और मैं इनके पास मिलने मात्र के लिए गया, तभी बड़े परिश्रम से मिसिलों को उलटते हुये ही मैंने इन्हें पाया। कई बार तो मुझे अपने पास पाकर मिसिल विशेष की गुत्थियाँ और तत्संबंधी कानूनी पहलुओं को मुझेउन्होंने समझाना चाहा, और दुःखी होकर कहा—'देखो, ऐसे लोग भी दुनिया में होते हैं। भला ऐसे मामलेमें क्या किया जा सकता है'। लोगों की यह शिकायत पंडित जी से अवश्य रहती थी कि उतनी जल्दी प्रयाग विश्वविद्यालय की मिसिलें नहीं वापस जातीं जैसे पंडित गंगानाथ झा के समय आ जाती थीं, न म्युनिसिपालिटी के मामलों में उतनी जल्दी निर्णय होता है जितना मेरे पिता के समय होता था। पर पंडित जी का काम बराबर पक्का रहता था, और म्युनिसि-पालिटी से आपके चले जाने के बाद गवर्नमेंट का यह ख्याल हुआ कि काशी में कोई ऐसा व्यक्ति रह ही नहीं गया जो म्युनिसिपालिटी का अध्यक्ष हो सके, और इस कारण उसने यही उचित समझा कि म्युनिसिपालिटी ही स्थगित करके उसका कार्य-भार गवर्नमेंट स्वयं अपने ऊपर ले ले। यद्यपि सार्वजनिक दृष्टि से यह कार्रवाई अनुचित रही, तथापि इसमें कोई संदेह नहीं कि पंडित जी की व्यक्तिगत रूप से इससे अधिक प्रशंसा किसी दूसरे प्रकार से नहीं की जा सकती थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि जो कुछ उन्होंने किया, बड़े परिश्रम से किया, और जहाँ भी रहे, अपने कार्यकाल में और लोगों को वे ठीक प्रकार से काम करने के लिये सदा उत्साहित करते रहे। उनकी छाप उन लोगों पर अवश्य पड़ी है, जिनका कि सहयोगी के रूप में, छात्र के रूप में, अथवा सहायक के रूप में आपका साथ रहा, और जिनको आपके साथ काम करने का सुअवसर मिला।

पंडित जी का जी सदा सरल और शुद्ध रहा। किसी को इनके प्रति किसी प्रकार की शिकायत नहीं हो सकती। इन्होंने न किसी की हानि की, न किसी के दिल को दुःख पहुँचाया। अपनी योग्यता के अनुसार आप दान देते रहे, और किसी से कुछ भी पाने की इच्छा नहीं रखते। आप सदा स्वच्छ वस्त्र पहनते हैं, और अपने स्वास्थ्य पर भी समुचित ध्यान रखते हैं। मुझे तो ऐसा प्रतीत होता है कि सन् १९०५ और सन् १९५३ में उनके शरीर में कोई अंतर ही नहीं हुआ। कभी कभी तो मेरा ऐसा विचार होता है कि ७५ वर्ष की उम्र का उनका स्वास्थ्य २५ वर्ष की उम्र से अधिक अच्छा है। आज भी वे अच्छी तरह भोजन कर सकते हैं, उसी प्रकार टहल सकते हैं, काम कर सकते हैं, व्याख्यान दे सकते हैं, जैसा कि पहले। ५० वर्ष तक एक ही रूप बनाये रख सकना साधारण बात नहीं है। कपड़ा भी वे वैसे ही पहनते हैं, जैसे कि पहले पहनते थे। मैंने उन्हें घर पर और

वाहर हर स्थान में और हर अवस्था में देखा है। न कभी उनका कपड़ा फटा पाया, न गंदा। मैं इसे छोटी वात नहीं समझता। समुचित वस्त्र पहनना मनुष्य का समाज के प्रति विशेष कर्तव्य है। इसका उन्होंने सदा पालन किया। इन्हें मैंने कभी अंग्रेजी कपड़ों में नहीं देखा। इनमें कोई आडम्बर नहीं है। पर सफाई का इन्हें वड़ा ख्याल है। घर पर भी इनका रहन-सहन बहुत ही सादा है। पर जो थोड़ी-सी चीजें रखते हैं, वरावर साफ, शुद्ध और तरतीबवार रखते हैं। इस बात में इन से हम सभी शिक्षा ले सकते हैं। घर पर और वाहर इनमें बड़ी सुव्यवस्था है जो कि हम में से वहुत कम में होती है।

जिस पुरुष ने सफाई और सचाई से अपना जीवन व्यतीत किया है, जिसने हर प्रकार की योग्यता होते हुये भी न कोई आडम्बर रचा, न निजकी महत्वाकांक्षा रखी, जिसने भोजन, वस्त्र और मकान के संबंध में समुचित रीति से व्यवस्था रखी, जिसने अपनी गृहस्थी संबंधी कार्य सुचारु रूप से करते हुये लोकसेवा पर ध्यान रखा, जिसने अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा नहीं की और नियमित जीवन व्यतीत किया, वे यदि अपनी पचहत्तरवीं वर्षगाँठ मना सकें, चाहें देश के नर-नारियों की औसत आयु २६ ही क्यों न हो, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है, और आज हम सव जो उनके छात्र रहे हैं, सहायक रहे हैं, मित्र रहे हैं, सहयोगी रहे हैं, प्रशंसक रहे हैं, आलोचक रहे हैं, विरोधी रहे हैं, यदि मिलकर उनके प्रति अपनी प्रेमपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हों तो भी कोई आश्चर्य नहीं। मेरी आज यही शुभ कामना हो सकती है, और है, कि वे अभी वहुत दिनों तक हमारे वीच रहकर हमें अपने जीवनसे शिक्षा देते रहें, और साथ ही जिस उपयोगी कार्य में वे लगे हुये हैं, उसमें लगे रह सकें, जिससे स्वतंत्रता की अवस्था में समुचित रूप से देशऔर समाज का सदा उत्कर्ष होता रहे।

श्रद्धाञ्जलि

(श्रीकमलापति त्रिपाठी, मंत्री, सूचना तथा सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश)

इस अवसर पर, जब श्रद्धेय पं० इकबाल नारायण गुर्टू अपने जीवन के ७६ वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, मैं उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि इस अवसर पर गुर्टू जी के सम्मान में एक स्मृति ग्रन्थ भेंट किया जा रहा है। काशी का ऐसा कौन निवासी होगा जो गुर्टू जी के तपस्वी जीवन, उज्ज्वल व्यक्तित्व, पुनीत चरित्र और निःस्वार्थ देशभक्ति से परिचित न हो। उस युग में जब भारत पराधीन था और जब इस देश की सारी शिक्षा-पद्धति भारतीय बालक और युवक के हृदय में उन भावनाओं को भरने में तुली हुई थी, जो इस देश के जीवन के मूल्य और आदर्श तथा इस देश के सम्मान और उसकी स्वतन्त्रता की विरोधिनी थीं, उस समय गुर्टू जी ने शिक्षा के माध्यम से भारतीयता के उद्बोधन और उन्नयन के लिये अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया। प्रथम महायुद्ध के पूर्व, हमारे राष्ट्रीय जीवन में भारतीय संस्कृति और उसके भविष्य तथा भारतीय इतिहास के अतीत के प्रति जो सम्मान जाग्रत हुआ था, उसे सजीव और सक्रिय बनाने में भारत के जिन निर्भय देशभक्तों ने अपने जीवन को लगा दिया, उनमें गुर्टू जी अपना प्रमुख स्थान रखते हैं।

किसी पराधीन देश की आत्मा का जागरण तब तक सम्भव नहीं हुआ करता जब तक उसके अन्तर की जागृति न हो। भारतीय राष्ट्र को उत्थान और सम्मान के पथ पर आरूढ़ करने के लिये उसकी सोई हुई आंतरिक प्रवृत्तियों को जगाने की आवश्यकता थी। इस लक्ष्य की पूर्ति तब तक हो नहीं सकती थी जब तक शिक्षा की पद्धति में आमूल परिवर्तन न किया जाता और उसकी सारी धारा और उसके सारे दृष्टिकोण को बदल न दिया जाता। भारतीय इतिहास में वह युग भी आया था जब इस देश के पढ़े लिखे लोग उन सारी बातों, भावनाओं और आदर्शों से घृणा करते थे, जिन्हें हम भारतीय कह सकते हैं। शिक्षित वर्ग भी यह समझने लगा था कि भारत का उत्थान, भारतीयता को छोड़ कर विदेशों के अनुकरण से ही हो सकता है क्योंकि उनकी दृष्टि में भारतीय शब्द निकृष्टता और असभ्यता का द्योतक हो गया था। जब किसी देश की ऐसी मानसिक और बौद्धिक गति हो, उस समय उसके पतन की सीमा किस चरमता को पहुँच गई रही होगी, इसका अनुमान कर लेना कठिन नहीं है। गुर्टू जी उन लोगों में हैं जिन्होंने देश के इस मानसिक और बौद्धिक अधःपतन के प्रवाह को रोकने में अग्रणी भाग लिया।

आधुनिक भारत के निर्माण में इसी कारण उनका बड़ा भारी हाथ है।

गुट्टू जी उन व्यक्तियों में हैं जो प्रकाशन और प्रचार से दूर रह कर भारत के भविष्य के निर्माण की प्रक्रिया में एक कुशल शिल्पी की तरह जीवन पर्यन्त लगे रहे। उनके सामने लक्ष्य था और उस लक्ष्य के भेदन के लिये सांसारिक जीवन की आकांक्षाओं और इच्छाओं का त्याग करके स्थिरगति से अग्रसर होते रहे। काशी में सेन्ट्रल हिन्दू कालेज और बाद में थिआसॉफिकल सोसाइटी और उसकी अनेक शिक्षा-संस्थाओं और सांस्कृतिक केन्द्रों के वे प्राण रहे हैं। मैं स्वयं सेन्ट्रल हिन्दू कालेज का, जब वह एक स्कूल और कालेज के रूप में चलता था, विद्यार्थी था। मैं जानता हूँ कि किस प्रकार उस संस्था की एक-एक ईंट पर गुट्टू जी के व्यक्तित्व की छाप पड़ी थी। प्राचीनकाल में इस देश में शिक्षा का सारा क्रम और उसकी सारी योजना जिन भावों और आदर्शों को लेकर चलती थी, उन्हीं की प्रतिष्ठा अपनी शिक्षा संस्थाओं में करने की चेष्टा इन गुरुजनों ने की। तत्कालीन विदेशी शासकों की दृष्टि में ये संस्थायें, परीधानता के विरोधियों और भारतीय स्वतन्त्रता के लिये संघर्ष करने वाले विद्रोहियों का केन्द्र समझी जाती थीं। वे उनकी ओर सशंक दृष्टि से देखते थे, क्योंकि वे यह अनुभव करते थे कि शिक्षा के माध्यम से जिस भाव-धारा को यहाँ फैलाया जा रहा है और युवकों के हृदय को जो स्फूर्ति और प्रेरणा मिल रही है, वह आगे चल कर उस भारतीयता को जाग्रत करेगी, जो कभी पराधीनता को सहन न कर सकेगी। प्राचीन भारत में गुरुओं के निकट बैठ कर शिष्य, सत्य के और जीवन के तथ्यों का अनुशीलन करते थे। गुरु से मिलने वाला प्रकाश शिष्य के जीवन का निर्माण करता था और उसी के कारण भारत में उस महती गुरु-परम्परा का प्रतिष्ठापन हुआ जो आज तक इस देश के लिये गौरव का विषय है। मुझे गुट्टू जी में इसी गुरुत्व की छाया दिखाई देती है। विद्यार्थी के और शिष्य के जीवन को कल्याण और उत्थान तथा उन्नति की ओर किस प्रकार ले जाया जाय और कैसे अपने आचरणों और चरित्र से शिष्य के जीवन पर अमिट छाप छोड़ी जाय, यह जिसे देखना हो वह गुट्टू जी के जीवन की ओर दृष्टिपात करे।

आज वे अपने जीवन के ७६वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, यह और सौभाग्य की बात है कि वे हमारे बीच वर्तमान हैं। बाबा विश्नाथ उन्हें चिरायु करें और हम लोग उनके उत्कृष्ट और स्फूर्तिप्रद जीवन से प्रेरणा और प्रकाश ग्रहण करें तथा इस देश की वर्तमान और भावी पीढ़ी के लिये कुछ करने में समर्थ हों। उनका आशीर्वाद हमें शक्ति और सफलता प्रदान करे।

गुर्टू-प्रशस्तिः

(श्रीगोपाल शास्त्री, दर्शन-केसरी, अध्यक्ष, श्रीकाशीपण्डित सभा, शिवाला, बनारस)

श्रीमतां थियोसाफिकलसोसाइटीसदस्यानां
प्रयाग विश्वविद्यालय वाइसचान्सल-
पदप्रतिष्ठितानां काशीस्थ म्युनिसि-
पलप्रधानत्वमुपगतानां विवि
जनसेवासम्पादकानां
श्रीइकबाल नारायण गुर्टू महोदयानां
श्री काशीविद्वन्मण्डलकृतं (७५) वर्ष पर्वशुभाभिनन्दनम् ॥

श्रीमान् सुकीर्तिर्विमलस्वभावः इकबालनारायणगुर्टुवर्य्यः ।
वाणाश्वसंख्यं निजवयपर्वं प्रकल्प्य जीव्याच्छरदःशतायुः ॥१॥

सोऽयं पुरोयं इहैमवांये चन्द्राश्वनन्दाब्जमितेस्यकायाम् ।
वाणीरतां ख्यातगुणां विहाय काश्यांप्रधानः किल शिक्षकोऽभूत् ॥२॥

सर्वैव देव्या जनसेविकायां वासन्तिकायाः शुभसङ्गतेन ।
चकार कार्य्यं बुधवृन्दवन्द्यं परोपकारात्मकमेत्यकाश्याम् ॥३॥

ततः प्रयागे किल विश्वविद्यालये प्रधानं पदमारुरोह ।
सम्पाद्य सम्यक् स्वयमादरेण सर्वं स्वकृत्यं प्रथितो बभूव ॥४॥

प्रोवाइस चान्सलरपदं पुनरागत्य काशिके ।
विश्वविद्यालयेस्थित्वा प्रतिष्ठामगमत्सुधीः ॥५॥

पुनस्तत्रैव नगरीपालिका पर्षदि स्थितः ।
चेयरमैनपदं प्राप्य जनसेवां चकारह ॥६॥

थियोसाफिकलेत्यस्याः संस्थायामन्त्रितां तथा ।
काश्यां बहुदिनान्यत्र जनोपकृतिमाचरत् ॥७॥

इहैव काश्यां बहुवर्षवासं समाश्रयन् दिव्यगुणोमहात्मा ।
महामुनेर्मल विनायकस्य साहाय्यदानं सततं चकार ॥८॥

सीताराम कृषीशाला, बहुवर्षमलङ्कृता ।
कामाद्याप्यस्यवासेनकृतार्थाजनि सर्वदा ॥९॥

साम्प्रतं राजघट्टस्थो निवासोऽस्य विराजते ।
दिव्यजीवनचर्य्याभिः लोककल्याणकारिणः ॥१०॥

एवं सर्वगुणाकरो बुधवरो मान्योवदान्यः कृती
सेवां भारतराष्ट्रकस्य विदधञ्जीव्याच्चिरंभूतले ।
आदर्शं चरितं यदीय विमलं स्तुत्यं बुधानांगणैः
श्रावं श्रावमहोऽद्यशिष्यनिवहा नन्दन्तु हर्षोन्मदाः ॥११॥

पञ्चसप्ततिवर्षेऽस्मिन् प्राप्ते मङ्गलदायके
समेता अभिनन्दामस्त्वां बुधाः काशिका वयम् ॥१२॥

इकबाल नारायण गुर्टू

[श्री 'भुवनेश' काशी]

इन्द्र सरिस सबको सुखद, सह दुख नित्य महान ।
कर्म धर्म अरु नियम में, रहते सदा समान ॥
बात नित्य मधुरी कहत, सत्य-तत्त्व से सींचि ।
लच्च लच्च अर्पण करत, दोऊ हाथ उलीचि ॥
नाम परम विख्यात है, जानत सकल जहान ।
राका शशि सम सुखद यश, गावत सकल सुजान ॥
यहि ऋषि का है जन्म-दिन, गावो मंगल गान ।
नर वपु में यह देवता, हैं देवर्षि समान ॥
गुरु मानत पूजा करत, जिनके शिष्य अनेक ।
टूट तार सोइ प्रेम को, जोरत सहित विवेक ॥

एक आदर्शमय जीवन

[डा० मंगलदेव शास्त्री, एम. ए., डी. फिल्. (आक्सन),
भूतपूर्व प्रिन्सिपल, गवर्नमेंट संस्कृत कालेज, काशी]

लगभग २५ वर्ष का समय हुआ होगा जब कि प्रथम बार मेरा श्री गुर्टूजी से परिचय हुआ था। उसके बाद अनेकों बार उनसे मिलने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। उनसे मिलने पर जो भाव मेरे मन में बराबर उठते हैं उनको, अपने ही शब्दों में, मैं इस प्रकार कह सकता हूँ—

जयन्ति के जना भुवि ?

परोपकार तत्पराः स्वदेशभक्ति वत्सलाः।
अमत्सरास्तथापि ये जयन्ति ते जना भुवि ॥ १ ॥

उदात्तकर्मशालिनो न दैन्य भावधारिणः।
तथापि सन्ति प्रश्रिता जयन्ति ते जना भुवि ॥ २ ॥

विद्यातुमुद्यताः सदा परार्थमात्मनोहितम्।
अथाभिमानवर्जिता जयन्ति ते जना भुवि ॥ ३ ॥

विसृष्ट कीर्तिकामनाः स्वधर्मपालने रताः।
तथापि ये यशस्विनो जयन्ति ते जना भुवि ॥ ४ ॥

अमायिनो दृढव्रतास्तपस्विनो जितेन्द्रियाः।
सदाशया महाशया जयन्ति ते जना भुवि ॥ ५ ॥

वास्तव में अक्षरशः यह वर्णन गुर्टूजी के जीवन में घट जाता है।

वेद के ब्राह्मण-ग्रन्थों में प्रायः कहा गया है—

सत्यं वै देवा अनृतं मनुष्याः।

यदि यह कथन ठीक है, तब तो यही कहना होगा कि गुर्टूजी उस देव-कोटि के मनुष्य हैं जो अपने आदर्शमय जीवन से दूसरे लोगों का बराबर पथ-प्रदर्शन करते रहते हैं।

सचमुच, गुर्टूजी की तरह, परोपकार, त्याग, सत्य-निष्ठा, निरभिमान सदृश उत्कृष्ट आदर्शों पर चलना और उनके लिए अपने जीवन को समर्पण कर देना, एक असाधारण बात है। इसीलिए वे हम सब के लिए एक मार्ग-प्रदर्शक रहे हैं। भगवान् से प्रार्थना है कि वे चिरकाल तक हमारे लिए एक प्रकाश-स्तम्भ का कार्य करते रहें।

———

शुभकामना

(सरदार माधव वी. किबे, एम. ए., इन्दौर)

मुझे यह सुनकर बहुत आनन्द होता है कि युक्त प्रदेश के वयोवृद्ध, ज्ञानवृद्ध एवं आजन्म शिक्षणोत्तेजक तथा निःस्वार्थ सेवी डॉ० इकबाल नारायण गुर्टू को उनके ७५ वर्ष के संपूर्ण होने के उपलक्ष्य में अभिनन्दन ग्रन्थ अर्पण किया जा रहा है। प्रयाग विश्वविद्यालय के पूर्व स्वरूप में, जब म्युअर सेन्ट्रल कॉलेज उससे जुड़ा हुआ था, और डॉ० तीबो सरीखे उसके आचार्य थे, उस समय, यानें १८९५ में, मैंने उसमें प्रवेश किया। उस समय जो कि पंडित जी आयु में मुझसे कम हैं, फिर भी वह ऊपर की कक्षामें पढ़ते थे। उस समय उनकी बुद्धिमत्ता, सौजन्य, शिक्षाप्रेम, प्रसिद्धिविमुखता इत्यदिका प्रभाव महाविद्यालय में—छात्रों में एवं प्राध्यापकों के ऊपर—पड़ा था, यहीं उनका वैशिष्ठ्य प्रगट हुआ जो उन्होंने शिक्षोत्तेजना के संबंध में एवं शिक्षा संस्थाओं में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भी उच्चतम स्थान प्राप्त करके प्रदर्शित किया। बनारस में तत्कालीन युक्त प्रदेश की गवर्नर स्वर्गीया सरोजिनी देवी की अध्यक्षता में जो India P. E. N. का अधिवेशन हुआ था, उस समय व्यवस्था करने में, एवं अतिथियों के सत्कार में उन्होंने प्रसिद्धि विमुख रहते हुए भी अपने को व्यस्त रखकर जो कार्यक्षमता दिखाई थी वह कभी भूली नहीं जा सकती। 'जयपुर' राजधानी में उपरोक्त संस्था का स्वर्गीया सरोजिनी देवी की अध्यक्षता में जो समारंभ हुआ उससे भी काशी का समारोह श्रेष्ठ रहा। इसका सर्व श्रेय पंडित जी को ही है। इतना वय होते हुए भी पंडित जी तरुण ही मालूम पड़ते हैं और प्रकृति से स्वच्छ हैं। मैंने इसका उनसे कारण पूछा था, तो मुझे उन्होंने यह बताया कि विद्यार्थियों की अविरल सेवा का, और उनमें मिले-जुले रहने का यह फल है। परमेश्वर पंडित जी को दीर्घायुरारोग्य देवें, ऐसे ही उनके नम्र सहपाठी की परमेश्वर से प्रार्थना है।

विशुद्धकर्मा गुरुः

(आचार्य रामेश्वर झा, काशी)

जयति जनमरिष्टादुद्धरन्ती भवानी
जयति निज विभूतिव्याप्तविश्वः स्मरारिः ।
जयति च गजवक्त्रः सोऽत्र यस्य प्रसादा
दुपरमति समस्तो विघ्नवर्गोपसर्गः ॥१॥

भारते पुण्यवर्षेऽस्मिन् विद्या क्षेत्रेऽपि साम्प्रतम् ।
विद्याविक्रयिणोलोका जाता विद्याविनाशकाः ॥२॥

रक्षितायाञ्च विद्यायां रक्षितानि भवन्ति हि ।
सर्वाणि स्वीयवस्तूनीत्यालोच्यैव बृहस्पतिः ॥३॥

आगत्याध्यापनं चक्रे स्वीयं स्वच्छददत्स्वयम् ।
भृतिकाध्यापनं कर्म न कार्यमिति दर्शयन् ॥४॥

औदार्य्यञ्च वशित्वञ्च धैर्यं गाम्भीर्य्यमेव च ।
एकमेवतमाश्रित्य राजन्ते विविधा गुणाः ॥५॥

तद्वात्सल्य गुणाकृष्टाः शिष्टाः शिष्याह्यनेकशः ।
विनयादिफलैराढ्यां विद्यां प्रापुः प्रशान्तिदाम् ॥६॥

सर्वत्र सर्वकृत्येषु शिष्याः सन्ति सहस्रशः ।
कारयन्तश्च कुर्वन्तः शुभ्रकर्माणि भारते ॥७॥

सोयमेवमाजन्मविशुद्धकर्म्मा,
परार्थ संघट्टन सक्तचेताः ।
श्रीकचालनारायणनामधेयो,
विराजतेऽसौ गुरुरेव गुरुः ॥८॥

एक संस्मरण

(श्रीराम कुमार वर्मा एम० ए०, पी० एच्० डी०, प्रयाग)

श्री इक़बाल नारायण गुर्टू हमारे देश की ऐसी विभूतियों में हैं जिन्हें प्रसिद्धि की अपेक्षा कार्य में अधिक विश्वास है। जो व्यक्ति उनके संपर्क में आया उसने यह अवश्य अनुभव किया कि कर्त्तव्य-निष्ठा ही जीवन है और उसमें तत्पर रह कर असुविधाओं में सुविधाओं को खोज निकालने की शक्ति ही कार्य करने की श्रेष्ठ कला है।

श्री गुर्टू का नाम मैंने अपने विद्यार्थी-जीवन से ही सुना था। वे सुलझे हुए विचारक हैं, कुशल वक्ता हैं। आकाश में स्पष्ट होते हुए इन्द्रधनुप की भाँति मैंने उन्हें देखा भी था—उत्सुकता और उमंग से—किन्तु उनके समीप नहीं आ सका था। एक श्रद्धामय आतंक की गहरी रेखा मेरे और उनके बीच में खिंची थी। उनके समीप आने की लालसा सन् १९३२ में पूर्ण हुई जब वे हमारी यूनीवर्सिटी के वाइस चांसलर निर्वाचित हुए।

उनके पूर्व महामहोपाध्याय डा० गंगानाथ झा हमारे वाइस चांसलर थे। वे सच्चे अर्थ में कुलपति थे। हम लोग उन्हें "बड़े पंडित जी" कहा करते थे। हमारी श्रद्धा और भक्ति सरिता की भाँति उमड़ कर उनके स्नेह-रत्नाकर में जाकर लीन हो जाती थी। ज्ञात होता था कि वे आशीर्वादों की अपार संपत्ति के अधिपति हैं और मुक्तहस्त से उसे वितरित करते हैं। जो उनके पास गया, कृतार्थ होकर ही आया। उनके बाद जब श्री गुर्टू हमारे वाइस चांसलर हुए तो हमारे हृदय में एक हलकी सी आशंका थी कि वैसा स्नेह अब हमें प्राप्त हो सकेगा या नहीं!

तब मैं हिन्दी विभाग में जूनियर लेक्चरर था—वय और बुद्धि दोनों के गांभीर्य से रहित। लेकिन एक दिन सूचना मिली कि हम में से कुछ को संध्या समय श्री गुर्टू जी ने चाय पर आमंत्रित किया है। मैंने प्रसन्नता और गर्व का अनुभव किया। एक सिल्क का सूट पहिना और सजकर श्री गुर्टू साहब के निवास की ओर चला। पहुँच कर देखा कि गुर्टू साहब हमलोगों में से प्रत्येक का स्वागत कर रहे हैं और निर्धारित स्थानों पर बिठला रहे हैं। चाय पीते समय उन्होंने हम में से प्रत्येक के समीप थोड़ी थोड़ी देर बैठकर बातें की। इतने महान् होकर वे हमलोगों के धरातल पर आ गए। उन्होंने हमलोगों की कुशलता पूछी, सदैव असुविधाओं की सूचना देने की बात कही और साहस और सतर्कता से कार्य करने का प्रोत्साहन दिया। थोड़ी ही देर में हमलोग अपने वाइस-चांसलर के इतने निकट आ गए जैसे उनके परिवार

के ही व्यक्ति हों। उनके दर्शन कर हमलोगो ने साहस और बल का अनुभव किया। हमारी आशंकाएँ न जाने कहाँ गईं और 'बड़ेपंडित जी' के बाद उन्हें वाइस चांसलर के रूप में पाकर हमलोग सचमुच कृतार्थ हुए।

कुछ समय बाद एक घटना घटी जिससे मैंने श्रीगुरु जी के महान् व्यक्तित्व को पूरी तरह से समझा। मैं कायस्थ पाठशाला यूनीवर्सिटी कालेज में हिन्दी का ट्यूटर भी था। मेरी द्वितीय वर्ष बी. ए. की क्लास में एक विद्यार्थी आया। वह कालेज के टाइम टेबल के अनुसार मेरी सेमीनार क्लास में उपस्थित नहीं हो सकता था क्योंकि उसी समय उसे अन्य विषयों के क्लासों में जाना पड़ता था। कायस्थ पाठशाला कालेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डा० ताराचन्द्र जी ने मुझसे कहा कि यदि मैं उसे यूनीवर्सिटी की अपनी किसी सेमीनार क्लास में भरती कर सकूँ तो असुविधा दूर हो जायगी। मैंने अपने विभाग के अध्यक्ष डा० धीरेन्द्र वर्मा की अनुमति से उसे अपनी यूनीवर्सिटी की एक सेमीनार क्लास में भरती कर लिया। उसकी उपस्थिति यूनीवर्सिटी के सेमीनार क्लास के रजिस्टर में नहीं लग सकती थी क्योंकि वह वस्तुतः कायस्थ पाठशाला कालेज के सेमीनार का विद्यार्थी था। अतः उसकी उपस्थिति एक अलग कागज पर लगती थी। इस भाँति क़ायदे से न तो उसकी हाज़िरी कायस्थ पाठशाला कालेज के रजिस्टर पर थी और न यूनीवर्सिटी के रजिस्टर पर। एक अलग कागज़ पर थी जो यूनीवर्सिटी के रजिस्टर के साथ में आफिस भेज दिया करता था। उस समय हिन्दी विभाग का कोई अलग आफिस नहीं था, ओरिएंटल डिपार्टमेन्ट आफिस के नाम से संस्कृत, अरबी-फारसी, उर्दू और हिन्दी विभाग का सम्मिलित आफिस था। न जाने किस तरह—जिस कागज़ पर उस विद्यार्थी की हाज़िरी लगती थी, वह कागज़ आफ़िस से खो गया। जब वर्ष के अंत में गैरहाज़िरी के कारण परीक्षा में प्रविष्ट होने से रोके जाने वाले विद्यार्थियों की सूची घोषित की गई तो उस सूची में उस बेचारे विद्यार्थी का भी नाम था क्योंकि उसकी सेमीनार की हाज़िरी का कहीं पता न था। वह विद्यार्थी मेरे पास आया और उसने दीन वाणी में कहा कि मैं वर्ष भर आपके यूनीवर्सिटी के सेमीनार क्लास में पढ़ता रहा और मेरी हाज़िरी कहीं नहीं है। मैंने उसकी परिस्थिति समझी। उसकी हाज़िरी का कागज खोजा गया। किन्तु वह आफ़िस में नहीं मिला। खो गया था। विद्यार्थी को जैसे काठ मार गया। उसकी आँखों में आँसू थे। वह अब बी. ए. की परीक्षा में नहीं बैठ सकेगा! मैंने उससे कहा—वाइस चांसलर साहब से प्रार्थना करो कि वे ऐसी स्थिति में तुम्हें परीक्षा में प्रविष्ट होने की विशेष अनुमति दे दें। उसने 'डीन' के द्वारा वाइस चांसलर के पास प्रार्थना-पत्र भेज दिया।

कुछ दिनों बाद मुझे एक सूचना मिली कि वाइस चांसलर साहब का आदेश है कि मैं उनसे दूसरे दिन ही उनके आफ़िस में मिलूँ। मैं मिला।

उन्होंने सारी स्थिति पूछी, जानी और समझी। यह समझ कर कि आफिस से खो जाने की बात कहने से संभवतः आफिस के अकिंचन कर्मचारी को दंडित होना पड़े, मैंने कहा कि वह कागज मुझसे ही खो गया। उन्होंने पूछा कि इसकी क्या सजा होनी चाहिए। मैंने उत्तर दिया जो आप उचित समझें। उन्होंने तुरन्त कहा—भूल के कभी न दुहराये जाने में उसका परिष्कार है। यह भूल कभी न दुहराई जाय।

उन्होंने उस विद्यार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी। वह विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण भी हुआ।

आज भी जब मैं किसी रजिस्टर में हाजिरी भरता हूँ तो अपने वाइस चांसलर के वे शब्द कानों में गूँज जाते हैं—'भूल के कभी न दुहराये जाने में ही उसका परिष्कार है।'

शिक्षा के क्षेत्र में मनोविज्ञान को लेकर चलनेवाले, अधिकार के क्षेत्र में सहानुभूति का निर्वाह करनेवाले श्री इकबाल नारायण गुर्टू वास्तव में हमारे देश के रत्न हैं।

पण्डित इकबाल नारायण गुर्टू

(श्रीगङ्गाशङ्कर पण्ड्या, एम० ए०, अध्यक्ष, कला-संसद,
म० स० विश्वविद्यालय, बड़ौदा)

मैं सन् १९२७ से १९३१ तक थियॉसॉफिकल स्कूल में विद्यार्थी था। विद्याभ्यास पूरा होने पर पहली नौकरी—जुलाई से सितम्बर १९३९ की—मैंने वसन्त कालेज में शुरू की। उसके बाद जीवन का प्रवाह मुझे बनारस की आध्यात्मिकता से भरी उस संस्था से बहुत दूर ले गया। परन्तु जब कभी पूर्वस्मृति जागती है तो वह संस्था और वहाँ के व्यक्तिविशेष आज भी मुझे आत्मीय ही लगते हैं।

"गुर्टूजी" का प्रथम परिचय सन् १९२७ में शांति-कुंज बनारस में हुआ। उनके निवास-स्थान में ही कृष्णमूर्त्ति जी ठहरे थे। कृष्णमूर्ति जी के दर्शन और गुर्टू जी के परिचय का लाभ एक शुभ मुहूर्त्त में साथ ही साथ होना मेरा सौभाग्य था। प्रथम परिचय में ही उनकी सादगी और विचार-दृढ़ता ने मेरे मन पर उनकी अमिट छाप डाली।

सन १९३० में जब हम लोगों ने स्कूल की पार्लमेण्ट और वाद-विवाद-सभा की स्थापना की तो उसकी पहली बैठक गुर्टू जी की अध्यक्षता में हुई। उस दिन का उनका प्रभावशाली भाषण और योग्य मार्गदर्शन हमें अत्यन्त उपयोगी सिद्ध

हुआ। इसके बाद वाद-विवाद सभा का कार्य, पढाई अथवा कोई दूसरा बहाना लेकर हमलोग उनके पास जाते रहते थे।

बनारस म्युनिसिपालिटी के अध्यक्ष होने पर गुट्टूजी के दर्शन कम होने लगे। तब भी गुट्टूजी शाम को कार्य से निवृत्त होकर सिगरा की तरफ घूमने जाते थे। पण्डित विश्वनाथलालजी का आदेश था कि मैं कविता के साथ नियमित व्यायाम भी करूँ। बहुत दिनों तक इसी प्रकार गुट्टूजी के दर्शन का लाभ शाम को मैं रोज लेता रहा। उनकी तेज चाल से मुझे प्रेरणा मिली और मैंने भी कुछ कुछ उनका अनुकरण किया। इस प्रकार १६३३ तक उनके सान्निध्य का थोड़ा बहुत लाभ मुझे मिलता ही रहा।

सन् १६३३ में मैं काशी विश्वविद्यालय को छोड़कर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भरती हुआ। यहाँ पर गुट्टूजी ही विश्वविद्यालय के कुलपति थे। उनकी कार्यदक्षता और निर्भीकता से सभी प्रभावित थे। वे विश्वविद्यालय के काम में हमेशा व्यस्त रहते थे। तब भी एक बार उनसे मैं उनके निवास-स्थान पर मिला। उस मुलाकात में ही मुझे ऐसा लगा कि गुट्टूजी का मन काशी में ही था और वे थियॉसॉफिकल स्कूल के सेवार्थ ही इलाहाबाद जाने को राजी हुए थे।

सन् १६३६ मे जब मैंने अपनी पहली नौकरी बसन्त कालेज में शुरू की तब मेरा ध्येय अपने परिचित वातावरण में लौटने का ही था। यहाँ पर गुट्टूजी ने अध्यापकों को जो आदेश दिए थे वे अभी भी याद हैं। गुट्टूजी केवल आर्थिक सङ्कट के समय संस्था को मदद करें ऐसी बात न थी। उनके चारित्र और व्यवहार से हमें जो प्रेरणा मिली उससे संस्था को स्थायी लाभ हुआ।

गुट्टूजी की सबसे ताजी मुलाकात दो वर्ष पहले बड़ोदा में ही हुई। किसी तरह हम उन्हें एक दिन के लिए यहाँ पाकर कृतकृत्य हुए और उन्हें हमने बनारस की संस्था का मूर्तिस्वरूप मानकर परमानन्द पाया।

गुट्टूजी का स्वल्प संस्मरण लिखते समय मैंने उनके गुणों की व्याख्या करने की धृष्टता नहीं की। उनकी एक प्रशस्ति टूटी फूटी कविता में सन् १६३० में मैंने शब्द-बद्ध की थी। इसे भी मैं लड़कपन की धृष्टता समझता हूँ। आज मैं गुट्टूजी को उस आदर्श संस्था का, जिसमें मैं चार साल तक रहा, मूर्तस्वरूप ही मानता हूँ। कितने ही व्यक्ति किसी संस्था के प्रतिनिधि के रूप में प्रतिष्ठित होते हैं; परन्तु गुट्टूजी के कारण संस्था प्रतिष्ठित हुई ऐसा मेरा अपना विचार है। गुट्टूजी को देखकर संस्था का स्मरण होता है और उनके प्रति मान की भावना के साथ संस्था के प्रति भी आदर उत्पन्न होता है। गुट्टूजी को देखकर संस्था के प्रति भी आदर उत्पन्न होता है। गुट्टूजी और थियॉसॉफिकल सोसाइटी की संस्थाओं को इस रूप में देखकर ही भावुकता के तत्व को सन्तोष मिलता है।

गुर्टू जी

(पं० गुरुसेवक उपाध्याय, रिटायर्ड रजिस्ट्रार, कोआपरेटिव सोसायटीज़, यू. पी.)

उन्नीसवीं शती के अंतिम तीन चार वर्षों में एक ज्योति का आविर्भाव काशी में हुआ। उस ज्योतिष्मती के ग्रह और उपग्रह भी थे, जिनकी संख्या धीरे धीरे बढ़ती गई। उस समय मैं क्वीन्स कालेज में पढ़ता था। हिन्दूसमाज विच्छिन्न था, एक दूसरे के साथ खान पान में रुकावटें थी। हिन्दू धर्म पर अंगरेजी पढ़े लिखों की आस्था कम हो रही थी, और राजनीतिक क्षेत्र में ऊपर ही ऊपर कुछ उथल पुथल देखने में आती थी। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के प्रति आदर का भाव न था, उनसे अधिक ध्यान उन विषयों पर दिया जाता था जो उन्हें पढ़ाये जाते थे। उन विषयों से आत्माभिमान और जात्यभिमान के जगने का अवसर नहीं के बराबर था। स्व. डा. ऐनी बेसंट के आकर्षक व्यक्तित्व ने यू. पी. के वहुतेरे अंगरेज़ी पढ़े लिखों पर जादू का काम किया। उनके शिक्षा-संबंधी विचारों ने, जो सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल के रूप में मूर्त हुये, पं० इकबाल नारायण गुर्टू को भी खींचा और उन्होंने १९०५ से आठ वर्ष तक उसकी हेडमास्टरी बड़ी योग्यता से की। उसी बीच वे थियॉसॉफिकल सोसायटी के जेनरल सेक्रेटरी के पद पर पहुंच गये। वहां भी इतना अच्छा काम किया कि सोसायटी के स्तंभों में से एक गिने जाने लगे। पं० जवाहर लाल नेहरू ने अपनी पुस्तक "मेरी क़हानी" में जो इस तरह का वर्णन थियॉसॉफिस्ट का किया है "नीरस, उदासीन चेहरा, जो कभी कभी पवित्रता का सूचक होता है" वह उनके लिये लागू नहीं हो सकता है। फिर भी वे अपने ढंगके पक्के थियॉसॉफिस्ट हैं जिनपर कोई दूसरा रंग नहीं चढ़ सका। उनके लिये महात्मा गांधी और उनकी बातें आज तक पहेली ही वनी हैं।

शिक्षा विभाग में बहुत कम लोगों ने ऐसा अच्छा काम किया है जैसा आपने किया। अपनी योग्यता से आप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के उप-कुलपति और इलाहाबाद युनिवर्सिटी के कुलपति के पद पर आसीन रहे हैं। आप अनुशासन-प्रेमी हैं। आपकी छाप आपके शिष्यों पर गहरी पड़ी है। शिक्षा के उद्देश्यों में समयानुसार परिवर्तन होता जा रहा है। हमारे देश में भी स्वतंत्रता प्राप्ति के वाद उनमें कुछ उलट फेर किया गया है। अव तो बर्ट्रंड रसल साहव "प्रगति शील" शिक्षा में विश्वास करने लगे हैं, पर मालूम नहीं गुर्टू जी अपने पहले के विचारों से कहां तक आगे वढ़े हैं।

अगर किसी को प्रतिनिधि-कश्मीरी देखना हो तो वह पं० इकवाल नारायण

को देख ले। यह बाहर भी कश्मीरी हैं और भीतर भी। बाहर का संबंध रंग और सूरत शकल से है, और भीतर का तेज बुद्धि, तेज मिजाज, और चाक चौबंद होने से। उनको केवल "पंडित जी" समझने से समझने वाले को धोखा हो सकता है। वह राजसी वृत्ति के पुरुष, कर्मवीर हैं। उनको राजदरबारी पंडित कह सकते हैं काशी के रामदरबारी पंडित नहीं। आप शहरी जीव हैं। आपका इखलाक़ और इल्मे-मजलिस बहुत ऊंचे दर्जे का है जो नई पीढ़ी में बहुत कम देखने में आता है। आपसे मिलकर ताजगी और प्रसन्नता प्राप्त होती है। आपके सौभाग्य से आप की धर्मपत्नी एक आदर्श हिन्दू महिला हैं जो पतिको मनुष्य होते हुए भी देवता मानती हैं। आप दम्पती को दो तीन बार मैंने कुछ कष्टों में पड़ा देखा है। जिस धैर्य से उन्होंने उन्हें सहन किया वह प्रशंसनीय था।

गुर्टू जी, अंगरेजी कहावत के अनुसार, अपने पांव के नीचे घास नहीं जमने देते हैं—वह घास चाहे घर के आंगन में हो चाहे बाहर के क्षेत्र में। इस गुण के कारण आपका कार्य क्षेत्र सदा साफ़ सुथरा और चमकीला रहता है। आपने कभी धन के लालच से कोई काम नहीं उठाया। आपका जीवन आत्म-त्याग का रहा है। भगवान से प्रार्थना है कि आप शतायु हों और आप का उदाहरण नवयुवकों के लिये पथ-प्रदर्शक बने।

श्रद्धेय प्रधानाध्यापक श्रीगुर्टूजी

(सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल द्वारा प्रेषित)

श्रद्धेय पं० इकबालनारायणजी गुर्टू के त्याग तथा देश-सेवा का श्रीगणेश सेंट्रल हिन्दू स्कूल में आरंभ हुआ। उन्होंने सन् १८९९ में एम. ए. और १९०२ में एल्-एल्. बी. परीक्षाएँ पास कीं और स्वर्गीय श्रीमोतीलालजी नेहरू के गुरु श्रीपृथ्वीनाथ चक के सहयोगी के रूप में वकालत आरंभ की थी—आर्थिक दृष्टि से इसमें उनके लिए अच्छा मैदान सामने था—यदि वकालत करते रहते तो हाईकोर्ट के सर्वमान्य वकील बन जाते। परन्तु छल-बल से काम निकालना आपकी पवित्र आत्माको स्वीकार न हुआ और आपने "थियॉसॉफिकल सोसाइटी" द्वारा सञ्चालित सुख्याति सम्पन्न से० हि० स्कूल में त्याग-पूर्ण निष्ठा और अदम्य उत्साह के साथ १९०५ में प्रवेश किया। जो नये प्रयोग इस संस्था में चलाये जा रहे थे, जो नया आदर्श भारतीय नव-युवकों के उत्थान और उन्नति के लिए समीचीन प्रतीत हुआ उसमें अपना सर्वस्व

समर्पण करना श्रीगुर्टू जी ने आवश्यक समझा और अपनी सह-धर्मिणी महाशया को अनुसूया सा सादा जीवन व्यतीत करने पर राजी कर लिया और काशीपुरी को गौरव प्रदान करने यहाँ चले आये। इस प्रकार २० अक्टूबर १९०५, से० हि० स्कूल के इतिहास में गौरवशाली दिवस बन गया।

श्रीअरंडेल महोदय कालेज विभाग के प्रिन्सिपल नियुक्त हुए और श्रीइकबाल-नारायणजी प्रधानाध्यापक बनाये गये। संस्कृत में उक्ति है :—

"केचिन्मृगमुखा व्याघ्राः केचिन्व्याघ्रमुखा मृगाः"

आप वास्तव में व्याघ्रमुख मृग थे, अर्थात् देखने में आपका तेज भय उत्पन्न करता था परन्तु जो आपके निकट पहुँच जाता उसे आप प्रेम की प्रतिमूर्ति प्रतीत होते थे। बड़ी सावधानी के साथ ये बालकों को संयम और नियम-पालन का अभ्यास कराते थे। इनके विलक्षण त्याग और पाण्डित्य ने इन्हें थोड़े ही समय में सर्वप्रिय बना दिया था—श्रीअरंडेल दो वर्षों में जिन प्रयोगों का आरंभ कर चुके थे, वास्तव में उनको कार्य रूप में परिणत करने, उनके द्वारा छात्रों को निर्भीक, सुदृढ़ देश-सेवक, स्वदेश प्रेमी और न्यायपरायण नागरिक बनाने का यश तथा गौरव श्रीगुर्टूजी को ही प्राप्त है। उन दिनों स्कूल और कालेज (सेन्ट्रल-हिन्दू कालेज) दो पृथक् संस्थाएँ नहीं मानी जाती थीं—श्रीअरंडेल प्रिन्सिपल पद पर आसीन रह कर स्कूल विभाग में पढ़ाने आते और श्रीगुर्टूजी का आदर कालेज विभाग के छात्र प्रोफेसर के रूप में करते थे। अतएव गुर्टूजी की संयम और नियमन की तलवार सदा छात्रों में चमकती रहती; परन्तु जो निकट संपर्क में आता, उसे आश्चर्य होता, क्योंकि उसमें दया और वात्सल्य की पालिश चढ़ी रहती थी। वास्तव में सेन्ट्रल हिन्दू कालेज की सैनिक शिक्षा, जिसे अंगरेज हाकिम 'एक बला' समझते थे—आज भारत में अनिवार्य सी बन बैठी है। नागरिक-ज्ञान, नागरिक कर्त्तव्य, नागरिक शिक्षा का श्रीगणेश सेन्ट्रल हिन्दू कालेज में श्रीगुर्टू जी की अध्यक्षता में हुआ जो आज एक स्वतंत्र विषय के रूपमें देश भर में व्याप्त हो चुका है। पार्लियामेन्ट्री-शिक्षा का उदय यहां हुआ और आज हम यूनिवरसिटीके छात्रों को यूनियन के नाम पर सत्याग्रह करते पा रहे हैं।

श्रीगुर्टूजी का कार्य इतना मोहक और आकर्षक रहा है, उनकी पाठन शैली इतनी अनुपम रही है तथा उनके प्रयोग इतने व्यापक तथा उद्बोलक रहे कि श्री सी. वाई. चिन्तामणि जैसे उद्भट विद्वान तथा निर्भीक आलोचक ने मिनिस्टर होते ही श्रीगुर्टूजी को अपना सचिव नियुक्त किया था। वे ६ वर्षोंतक प्रयाग विश्व-विद्यालयके कुलपति चुने गए थे तथा काशी हिन्दूविश्वविद्यालय में अनेक वर्षोंतक उप-कुलपति, खजानची अथवा कोर्ट तथा काउन्सिल के प्रमुख सदस्य के रूप में कार्य करते रहे हैं।

डा० वेसेन्ट के अनुयायियों ने जब ऋषिवैली ट्रस्ट स्थापित कर राजघाट में

एक उपनिवेश बसाया और स्कूल-कालेज खोले तब श्रीगुर्टू जी वहाँ भी सेवा कार्य करते रहे हैं—प्रि० संजीवरावजी के मद्रास चले जाने पर ये सेक्रेटरी के रूप में सब कार्य सम्हाल रहे हैं। यद्यपि आप ७५ वर्ष के हुए परन्तु दो वर्षों तक भिन्न-भिन्न स्थानों का दौरा करके अपने प्रभाव से लगभग दो लाख रुपयों की निधि संचय करने में आप सफल हुए हैं।

"सेन्ट्रल हिन्दू कालेज तथा स्कूल" के छात्र आज आपका अभिनन्दन करते हैं तथा आपकी दीर्घायु के लिए परमात्मा के चरणों में विनम्र प्रार्थना करते हैं।

कौन कौन गुण गाऊँ अपने नारायण के।

(श्रीमाधव प्रसाद खन्ना, भूतपूर्व प्रधान मन्त्री, नागरीप्रचारिणी सभा तथा आर्यसमाज, काशी)

देश की उन्नति तथा जाति को जीवित रखने के लिये अनुभवी, त्यागी, साहसी व प्रगतिशील महानुभावों की आवश्यकता होती है। मैं अपने चालीस वर्षीय परिचय-प्राप्ति के सौभाग्य के अनुभव से लिख सकता हूँ कि ये गुण पूज्य पंडित इकबाल नारायणजी में विद्यमान हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन देश-सेवा तथा हिन्दू जाति की उन्नति के चिंतन में व्यतीत होता रहा है। उनके जीवन को सार्वजनिक सेवाओं से पृथक् नहीं किया जा सकता। पंडितजी ने कितने ही विद्यार्थियों के भविष्य जीवन को उच्च कोटि का बनाया तथा कष्ट में फंसे हुए परिवारों की सहायता, परिवार के प्रमुख व्यक्ति (head of the family) के न रहने पर, की है, जिनका नाम उल्लेख करना उचित नहीं है। मैंने अपने अनुभव में उनके अन्दर एक बड़ा गुण यह पाया कि वे सच्चे हितैषी के नाते अपने मित्रों का स्वतः ख्याल रखते हैं। आवश्यकता पर बिना याचना के सहायता करते हैं।

पंडित जी की सुरुचि सर्वदा मेल की ओर मैंने पाई है, चाहे वह संस्थाओं से सम्बन्धित रही हो या व्यक्तियों से। मैंने उनको संस्थाओं तथा व्यक्तियों के झगड़े में भी विरोधात्मक भावनाओं से परे पाया है। इसके कई उदाहरण हैं जिनका जिक्र करना ठीक नहीं है। संस्थाओं के सम्बंध में पण्डित जी के विचार अमली रहे हैं। आकाश में घोड़े कभी नहीं दौड़ाते रहे, इसी कारण कुछ लोग उनको रूखा तथा कड़ी प्रकृति का बतलाकर आक्षेप करते हैं। वे संस्थाओं के संबंध में भी कभी चालबाजी से पार्टी नहीं बनाते रहे। वे सर्वदा दलदल से

ऊंचे रहे। कुछ मेरे परिचित सज्जन जिस समय बनारस म्युनिस्पल बोर्ड की चेयर-मैनी के लिये प्रस्ताव लेकर पंडित जी के पास आये तब उन्होंने कहा कि यदि बोर्ड के सदस्य सर्व सम्मति से चुनने को तय्यार हों तब मुझको स्वीकार है।

पंडित जी अवैतनिक कार्यकर्ता की हैसियत से भी जो कार्य हाथ में लेते रहे हैं उसके सम्बंध में वैतनिक कार्यकर्ता से कम परिश्रम नहीं करते रहे। उदाहरणार्थ बनारस म्युनिस्पल बोर्ड की चेयरमैनी है, जिसका कार्य उन्होंने परिश्रम के साथ दफ्तर में काफी घंटों तक बैठकर सुचारु रूप से सुसंपन्न किया था। जब बनारस म्युनिस्पल बोर्ड तोड़ा गया तब लिंच साहब के आने के पूर्व पंडित जी के बोर्ड संबंधी कार्यों से संतुष्ट होने के कारण, सरकार ने उनके सामने बोर्ड सम्बंधी पूर्ण अधिकार देने का प्रस्ताव रखा था। सिद्धांततः पंडित जी ने इसको स्वीकार नहीं किया क्योंकि यह प्रस्ताव लोकतंत्र के विरुद्ध था।

श्रद्धाञ्जलि

(राय गोविन्द चन्द्र, एम० ए०, भूतपूर्व चेयरमैन, म्यु० बो० बनारस)

आदरणीय पण्डित इकबाल नारायण गुर्टू जी के प्रति श्रद्धाञ्जलि अर्पित करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ इसे मै अपना परम सौभाग्य समझता हूँ। सेवा-व्रत धारण करके आपने अपना सम्पूर्ण जीवन जनता के हितसाधन में ही व्यय किया है। ऐसे कर्तव्यपरायण और निष्ठावान व्यक्ति इस बृहत् भारतवर्ष में भी कम हैं। इस देश के सभी सार्वजनिक कार्यकर्ताओं पर कोई न कोई दोष मढ़े गये; परन्तु आज तक किसी ने भी पण्डितजी पर किसी प्रकार का दोषारोपण करने का दुःसाहस नहीं किया। मैं बाल्यकाल से पण्डित जी का अनन्य भक्त रहा, इस कारण नहीं कि वे मेरे पिता के शिक्षक थे अपितु इस कारण कि आपका जीवन हम सब के हेतु आदर्श रहा। मुझे पण्डित जी को बहुत पास से भी देखने का अवसर प्राप्त हुआ है और मै कह सकता हूँ कि मनुष्य को किस लगन से अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिये यह इनसे कोई सीखे। कठिन से कठिन परिस्थिति में भी मैंने इन्हें अपने कर्तव्य से विमुख होते नहीं देखा। पण्डित जी भारत की एक विभूति हैं। इनका जितना हम आदर करें वह थोड़ा है।

जहाँ भी आपने कुछ कार्य किया वहीं आपने अपनी छाप छोड़ी, चाहे वह सचिवालय में हो अथवा काशी नगरपालिका में हो अथवा प्रयाग विश्वविद्यालय में हो अथवा हिन्दू विश्वविद्यालय में हो। आज भी आपके लिखे हुए मन्तव्य कार्यकर्ताओं को सहायक हो रहे हैं। भगवान आपको दीर्घायु करे जिससे हमें आपसे और शिक्षा लेने का अवसर प्राप्त हो सके।

चाचा जी

(श्री ब्रजकृष्ण जुत्शी, एम. ए., रजिस्ट्रार, म० स० विश्वविद्यालय, बड़ौदा)

• पचास वर्ष से ऊपर की बात है जब चाचाजी म्योरसेण्ट्रल कालिज में पढ़ते थे। तब से ही कालिज की सभाओं में व्याख्यान देने का उन्हें शौक था और बड़ों से सुना है कि वे अच्छे वक्ताओं में गिने जाते थे। एक मर्तबा डाक्टर सैयद महमूद इलाहाबाद पधारे और जस्टिस करामत हुसैन के यहाँ ठहरे। चाचाजी 'ला सोसायटी के मन्त्री होने की हैसियत से मुन्शी ईश्वर शरण के साथ डाक्टर महमूद के सामने व्याख्यान देने के लिए बुलाए गए। जस्टिस करामत हुसैन इन दोनों नौजवानों को जानते थे। उन्होंने चाचा जी का परिचय कराते हुए डाक्टर महमूद से कहा कि यह एक होनहार युवक हैं और व्याख्यान अच्छा देते हैं। डाक्टर महमूद ने जज-साहब की तरफ देखा और बोले "यह बोलते अच्छा हैं?" फिर चाचा जी की ओर मुड़ कर बेसाख्तगी से कहा "बोल बेटा।" मुंशी जी बताते थे कि इसपर चाचा जी सकपका गए और उनसे कुछ कहते न बना।

(२)

वकालत छोड़ बनारस आए हुए कुछ ही दिन हुए थे। दिल में जोश था सेवा का। मिसेज बेसेण्ट से दोचार मर्तबा मिल चुके थे और चाहते थे कि वह कोई काम करने को दें। एक दिन वह चाचाजी से बोलीं कि दफ्तर में समय समय पर बहुत से लोगों के पत्र आए हैं कि वे लोग सेण्ट्रल हिन्दू कॉलिजमें काम करना चाहते हैं, सो उन सब लोगों की फेहरिस्त बन जावे और उनकी डिग्रियों, योग्यता आदि का भी पूरा हवाला हो। चाचा जी ने बड़ी तत्परता से यह कार्य शुरू किया। यद्यपि यह काम बेकार सा मालूम होता था। बहुत सी पुरानी फाइलें उलट डालीं, पुराने पत्रों को पढ़ा। करीब महीने भर में बड़ी मेहनत से पूरा रजिस्टर तय्यार किया और वह मिसेज बेसेण्ट के सामने रक्खा गया। उन्होंने उस रजिस्टर को एक मर्तबा सरसरी निगाह से देखा और उठाकर किनारे रख दिया। चाचा जी शायद समझते थे कि उनसे सवाल किए जायेंगे और इस काम को करने के सिलसिले में उनको कुछ शाबाशी मिलेगी; परन्तु वहाँ कुछ भी न हुआ। कदाचित् इनके चेहरे पर खिंचता देखकर वह देवी बोलीं, "I just wanted to see if you could bear the drudgery of hard work". तब यह समझ पाए कि उनकी परीक्षा हो रही थी, जिसमें वह उत्तीर्ण हुए।

झाँका, पर शक दूर न कर सका। उसने धीरे से अदब से बाबा जी से पूछा "आप कहाँ से आ रहे हैं और कहाँ जाएँगे!" बाबाजी उसकी इन हरकतों पर कुछ नाराज और उलझे हुए तो थे ही उसके सवाल करते ही भल्ला कर बोले, "मैं खाकसार नहीं हूं।" यह नौजवान फिर निहायत नर्मी से बोला "नाराज न हों, हुजूर खाकसार तो मैं हूं।" उसकी इस हाजिरजवाबी पर बाबा जी मुस्करा दिए और अपना नाम वगैरह सब उसको बता दिया।

सादर श्रद्धाञ्जलि

(श्री राजाराम गो. भागवत, अध्यापक, सें. हि. स्कूल, काशी)

इस लेख की पार्श्वभूमि का सूत्रपात उस समय से होता है जब कि मैं सरोरुह के सुमधुर परिमल से आकृष्ट भ्रमर की भाँति हिन्दू स्कूल के गौरव और सुनाम से प्रभावित होकर शिक्षा ग्रहण के हेतु इस अनुपम विद्यालय की नवम कक्षा में सन् १९०७ में प्रविष्ट हुआ। उस समय इस संस्थाका संचालन प्रधानाध्यापक के रूपमें हमारे श्रद्धास्पद श्रीमान् गुर्टू जी के तत्वावधानमें हो रहा था। इसके पहले इसी पदको ख्यातनामा श्री अरंडेल सुशोभित कर रहे थे किन्तु उनकी नियुक्ति सेंट्रल हिन्दू कालेज के आचार्य (Principal) पदपर हो जाने से उनको कालेज विभाग में जाना और इस रिक्त स्थान का सारा बोझ गुर्टू जी को सौंप देना पड़ा। वाग्विभव तथा सरस्वती निष्यंद से सम्पन्न वाग्मी, धनाढ्य परिवार में प्रसूत होने से जन्मजात कुलीनता व गांभीर्य से युक्त मानी पुरुष, ओजस्वी विद्वान् और तारुण्यावस्था-जन्य उमंग व कर्मनिष्ठा से प्रेरित उत्साही नवयुवक श्री अरंडेल जैसे चतुरस्त्र व्यक्ति के अधिकार-काल में सुचारु रूप से संचालित विद्यालय की धुरा किसी उत्तराधिकारी को संभालना टेढ़ी खीर थी। किन्तु इतना गुरुतर कार्यभार जीवन के प्रारंभ काल के नव यौवन में कंधे पर पड़ने पर जिस कुशलता, युक्ति व अच्छे ढंग से गुर्टू जी ने निभाया उसको देख कर किसी को भी दाँतों तले अंगुली दबाना पड़ता था।

आश्विन पौर्णिमा के षोडश कलापूर्ण दीप्तिमान् शीतल नवोदित चन्द्रमाके समान अपने पार्षदगणों के सहित जब श्री गुर्टू जी काशी नरेश हाल में प्रवेश कर ऊँचे मंच पर विराजमान होते थे तो उस समय की शोभा तथा महिमा का वर्णन शब्दों के परे है। तदनन्तर उनके सहयोगी संस्कृत के अध्यापक स्वनाम-धन्य स्वर्गीय श्री रामचन्द्र कोटिभास्कर का प्रार्थना-पठन सुमधुर कंठसे जब

प्रारंभ होता था तो सारा प्रार्थना-भवन उनकी श्रवण सुभग ध्वनि से गूँज उठता। श्री गुर्टूजी के व्यक्तित्व की गंभीरता से अनुप्राणित तथा श्री कोटिभास्करजी के श्रुतिमनोहर स्वरमाधुर्य से प्रभावित विद्यार्थी-गण और अध्यापक वर्ग अपने को भूलकर एकाग्रता से प्रार्थना पढ़ने में लवलीन हो जाते। प्रार्थना की समाप्ति के पश्चात् श्री गुर्टूजी सारे भवन का चक्कर लगाकर देखते कि सब विद्यार्थी अपनी कक्षा में उपस्थित होकर अपने वर्गाध्यापक की आज्ञाओं का पालन कर पढ़ाई में दत्तचित्त हो गए हैं। विद्यालय में दो विश्रामकाल (Reccsses) होते थे। प्रत्येक विश्रामकाल के अन्त में निश्चितरूप से और अन्य समय भी कर्तव्यवश वे सारे विद्यालय की नित्य परिक्रमा कर निरीक्षण करते; जैसे ईश्वर-परायण कोई भक्त किसी पवित्र मंदिर की प्रदक्षिणा भक्तिभाव से करता है।

श्री अरंडेल के उत्तराधिकारी के रूपमें पदस्थ होने पर उनके सद्गुणों, सद्भावों तथा विद्वत्ता का श्री गुर्टूजी में प्रादुर्भाव होना दायभाग की भाँति क्रमप्राप्त हो गया इसमें कोई आश्चार्य नहीं है क्योंकि दोनों में अनेकों बातों का सादृश्य विद्यमान है। दोनों हैं एम. ए. एल.-एल. बी. दोनों महलों में पले हैं और उच्चकुलावतंस तथा समृद्धिशाली हैं। प्रयाग विश्वविद्यालय के दोनों "फेलो" भी थे। दोनों हैं सदय व त्यागशील और दोनों ने कई संस्थाओं का आजन्म अवैतनिक निष्ठापूर्ण सेवा की है। एक पहलू से दोनों में बड़ा अन्तर है। श्री अरंडेल थे मृगमुख तथा श्री गुर्टूजी व्याघ्र मुख परंतु पके आम की तरह दोनों का हृदय है कोमल, रसाल, उदार और समदुःखी। श्री गुर्टूजी हैं गौरवर्ण और श्री अरंडेल थे श्वेताङ्ग। श्री गुर्टूजी यदि युरोपियन पहनावा पहनकर अंग्रेजी बोलना आरंभ करें तो कोई भी बिना भ्रमके उनको एक अंग्रेज समझेगा।

बीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक में, आज से ४५ वर्ष पूर्व, देश को स्वतंत्र करने के आन्दोलन ने बड़ा ही उग्ररूप धारण कर लिया था और उसी मात्रा में शासकों द्वारा अत्याचार और दमन प्रबल हो उठा था। श्वेताङ्ग युरोपियन को देखकर लोगों के चेहरे का उन दिनों फीका पड़ना और उनके मनमें आतंक छा जाना स्वाभाविक था। युरोपियनों का जनसाधारण पर अतिशीघ्र प्रभाव पड़ता था क्योंकि उसमें दण्डविधान के भय का बीज निहित रहता था। हिन्दू स्कूल या कॉलेज की इस बात में बिलकुल भिन्नता थी। क्योंकि यहाँ भयजन्य वातावरण का पूर्णतया अभाव था। हिन्दू स्कूल में शारीरिक दण्डदान का सर्वथा निशेध था। शेरवानी-चूड़ीदार पैजामा-फ़ेल्ट कैप के वेश में जब श्रीगुर्टूजी विद्या भवन के देखभाल के लिये, चक्कर काटते तब सर्वत्र सन्नाटा छाया हुआ रहता और पूर्णशांति विराजमान रहती। छात्रवृन्द, सहयोगी वर्ग तथा अन्यान्य संसर्गियों पर आपका समान रूपसे ऐसा प्रभाव पड़ता था जैसा कि किसी तत्कालीन युरोपियन अध्यापक का नहीं। आपके अनुशासन का बन्धन ऐसा कठोर था कि वैसा किसी युरोपियन में कठिनाई से पाया जाता हो। ईश्वर ने श्रीगुर्टू

विचारमग्न गुर्टू जी
(१९३५)

गुर्टू दम्पति (१९३९)

डा० काटजू के साथ

उप-कुलपति के रूप में
मालवीयजी के साथ

जी के मुखपर गंभीरता तथा ओज का एक ऐसा स्वाभाविक पुट लगा दिया था कि उनको देखते ही कोई भी विद्यार्थी भयभीत होकर धृष्टता या उच्छृंखलता दिखाने का साहस न करता। आपमें एक ऐसी सहज नैसर्गिक प्रतिभा थी कि जिसके बलसे दूसरों से अनुशासन पालन कराने के लिए उन्हें कोई मानसिक या शारीरिक प्रयास न करना पड़ता। संयम और विनयन के अनुशीलन में आप सदा आग्रहपूर्वक सतर्क रहते थे। यही कारण था कि आप जब कभी निरीक्षण के लिये गश्त लगाते तो कोई भी बालक कक्षा के बाहर न फटकता था। अनुशासनात्मक कार्य करते समय आप किसी प्रकार का इंगित, हस्तादि चालन स्वरूप, अंगविक्षेप, हावभाव या अपशब्द का प्रयोग न करते किन्तु उनका ओजस्वी व्यक्तित्व तथा अनुपम मर्मभेदी दृष्टि अनायास ही कार्य सिद्ध कर लेती।

कठोर अनुशासन के कट्टर पुरस्कर्ता होते हुए भी आपका हृदय सद्गुणों का रत्नाकर था। निर्धन विद्यार्थियों को सहायता पहुंचाना, उनके दुःख में सम वेदना प्रगट करना, देशभक्त तथा देशसेवक एवं राष्ट्रीय भावों से उत्प्रेरित किन्तु अंग्रेज शासक के कोपभाजन विद्यार्थियों को प्रश्रयदान, संसदीय (Parliamentary) तथा वादविवादात्मक प्रथाओं की विधिवत् शिक्षायोजना, प्रभृति आपके अधिकार-कालकी उल्लेखनीय विशेषताएँ हैं। कठोर अनुशासक होने के नाते यह समझना भूल होगा कि आपमें हास्यरस का पूर्ण अभाव था। परन्तु इसके विपरीत आपमें रसिकता प्रचुर मात्रा में विद्यमान थी। जब आप अपनी मित्र गोष्ठी में बैठकर हँसीठट्ठा करते थे तो आप हास्यरसके अक्षय उत्स प्रतीत होते और आपकी विनोद प्रियता का कौतुक होता था, आपके रसिक वार्तालाप से पार्षद्गणों का मुखकमल खिल उठता था और स्वयं आपका वदन हास्योदक से उल्लसित तथा अरुण हो जाता था।

दो वर्ष पूर्व घटित एक घटना का उल्लेख कर स्थल-सकोच तथा विस्तार भय से इस लेखको समाप्त करना है।

एक दिन काशीके विवेकानन्द रोड पर पैदल जाते हुए श्री गुरूजी का दर्शन आपके ४५ वर्ष के इस पुरातन छात्र को अकस्मात होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

आपने विनोदपूर्ण वाणी से संबोधित कर मुझसे कहा—"तुम मुझसे अधिक वृद्ध तथा जराजीर्ण प्रतीत होते हो। मैं इस अवस्थामें भी अपने को तुमसे अधिक तरुण तथा कार्यक्षम पाता हूँ।"

मेरे गुरुजी के मुखारविंद से इन मधुमय शब्दों का क्षरण होते ही मैंने विनय पूर्वक उत्तर दिया—"पौराणिक राजा ययाति की भाँति आप यदि अपने नव यौवन का मेरे वार्धक्य से विनिमय करने के लिये तत्पर और समर्थ हैं तो अविलम्ब इस कार्य का सम्पादन हो जाना चाहिये।"

श्री रामचन्द्रजी के अनुज श्री भरतजी ने उनकी अनुपस्थिति में उनकी पवित्र पादुकाओं का वैराग्य तथा श्रद्धासे पूजन करते हुए अयोध्या के राज्य को उनकी पावन धरोहर समझकर निःस्वार्थभाव से संभाला था। श्री गुर्टूजी की त्यागमय स्वार्थहीन सेवाओं से अनुप्राणित होकर आपके पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए आपके कतिपय छात्रोंने इसी विद्यामंदिर में अध्ययन और अध्यापन का कार्यकर अपने उत्सर्गमय जीवनकाल का अधिकांश यहीं व्यतीत कर अवकाश ग्रहण करने तथा सेवा-निवृत होने में सफलता प्राप्त की है। जो जो शिक्षा-संस्थाएँ आपके त्यागमूलक संसर्ग से सिंचित तथा कुशल आदर्श कार्यप्रणाली से अंकुरित हुईं, आपके अदम्य उत्साह से पनपीं, फलीं फूलीं और अटूट लगन से फूलके समान खिलकर अपनी सुरभि अविच्छिन्न रूपसे सारे भारत में फैलाने में सफलीभूत हुईं, वे सब आपके पुण्यमय संपर्क में आने से अपने को आज भी धन्य, गौरवान्वित, सौभाग्यशाली और कृतकृत्य समझती हैं।

अन्तमें मैं इस शुभ अवसर पर आपके चरणकमलों में सादर श्रद्धा सुमनाञ्जलि समर्पित कर भगवान् भूतभावन से नम्र हार्दिक प्रार्थना करता हूँ कि आपको मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक आरोग्य तथा चिरायु प्राप्त होकर आप भारतीय शिक्षासंस्थाओं को धर्म-प्रेम-त्याग-शील के मंत्रसे संजीवित कर चिरकाल तक उनका अमोघ मार्ग प्रदर्शन करते रहें। वन्दे मातरम।

"सेन्ट्रल हिन्दू कालेज" का आदर्श तथा श्री गुर्टूजी।

(श्री साँवलजी नागर, अध्यापक, से० हि० स्कूल, बनारस)

सन् १८९९-१९१४ का काल "सेन्ट्रल हिन्दू कालेज" के नाम से विख्यात रहा। इस काल में स्कूल और कालेज विभाग पृथक् रहते हुए भी एक थे। उनका ध्येय, उनका आदर्श, उनकी कार्य प्रणाली, उनकी व्यावहारिक प्रणाली एक थी। श्री इकबालनारायणजी गुर्टू ने इसी संस्था के द्वारा अपने त्याग के प्रयोग नव युवकों द्वारा भावी पीढ़ी के सम्मुख उपस्थित किए थे। वे वास्तव में सत्य के प्रयोग रहे और भारत के हित के लिए वे सदा अमर हैं और अमर रहेंगे।

प्रथम ध्येय रहा **'धार्मिक शिक्षा'** जिसका प्रयोग यहाँ की प्रथम विशेषता रही है। सम्प्रदाय और पंथ के अनुयायी, निर्गुण और सगुण के कट्टर उपासक, एक मंत्र पर एकही स्तुति क्योंकर कर सकेंगे—परंपरा की इस गुत्थी को सुलझाने का प्रथम सार्वजनिक प्रयास इस कालेज में श्री अरंडेल और श्री गुर्टू के समय में

हुआ और पूर्ण रीति से सफल सिद्ध हुआ। भारत के विभिन्न प्रान्तों की अनेक शिक्षा-संस्थाओं ने इसे अपनाया। अखिल भारतीय रिलिजस परीक्षा में प्रथम आने वाले छात्र को स्वर्ण पदक मिलना एक गौरव की बात समझी जाने लगी।

संस्कृतशिक्षा

संस्कृत के ज्ञान-दान का सार्वजनिक प्रसार हो, भारतीय संस्कृति की अपूर्वताओं की वाहक भाषा का प्रेम विद्यार्थी मात्र में प्रस्तरित हो जाय इस हेतु से इस संस्था में उसे अनिवार्य रूप में पढ़ाना निश्चय किया गया। स्पेशल क्लासकी व्यवस्था भी की गयी जिसमें सभी श्रेणियों को इसके ज्ञान-प्राप्ति का सुअवसर प्राप्त हो। आज ५३ वर्षों बाद होम मिनिस्टर काटजू जिसके सार्वजनिक प्रचार की राय दे रहे हैं उसका सफल प्रयोग इसी संस्था की देन है।

पूर्व और पश्चिम का समन्वय

इस विद्यालय का पवित्र आदर्श रहा है। पश्चिमीय ज्ञान को पूर्वीय साँचे में ढालकर, उसे भारतीय संस्कृति में पवित्र कैर के छात्रों को अर्पण करना इसका अनुपम प्रयोग रहा। पौरुष, कर्मण्यता, स्फूर्तियुक्त कार्यतत्परता तथा वैज्ञानिक आविष्कारों की तुलनात्मक व्यवस्था यहाँ दी जाती थी। नम्रता, सुशीलता, सात्विकता तथा आत्मोद्धार की जरूरत यहाँ बताई जाती थी। अंग्रेज अध्यापक भारतीय गुणों को तथा भारतीय शिक्षक आँग्ल विशिष्टताओं को यहीं स्पष्ट करते नजर आते थे।

दैवी-प्रेम

अध्यापक और छात्रों में दैवी प्रेम का उद्भव यहीं प्रत्यक्ष हुआ। विद्यार्थी गुरू को अपना सर्वस्व हितचिन्तक समझते और गुरू उसे अपना वात्सल्यभाजन पुत्र मानते थे। कमजोर छात्रों को वे घर पर बुलाकर उन्हें विशेष शिक्षा देते। अंग्रेज महिलाएँ जो कविता पढ़ाती थीं छात्रों को घर पर एक घंटा बोलने की शिक्षा देती थीं। बदले में वे प्रेम की भिक्षा माँगती थीं। पैसा उनका आकर्षण न रहा। एक दूसरे को अपने हृदय में रख लेना चाहता था।

विशेष शिक्षा (सार्वजनिक ज्ञानकी शिक्षा)

आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक, सैनिक व्यवस्था का उचित और सही ज्ञान छात्रों में हो जाय इस भावना से यहाँ विशेषक्लास लगते थे। होम-रूल के जमाने में ये क्लास सायंकाल शहर में भी लगने लगे थे। आन्दोलन बाद में परन्तु सद्ज्ञान पहिले प्राप्त हो यह सुन्दर आदर्श मनमुग्ध करने वाला सिद्ध हुआ था। इस समय की पार्लमेण्ट में जिज्ञासु भाव की प्रबलता थी। सत्याग्रह और अनशन उसके सामने टिक नहीं सकते थे।

खेल का मैदान

सी० एच० सी० में खेल का मैदान शारीरिक गठन, मानसिक विकास तथा विशुद्ध प्रेमके प्रचार का केन्द्र रहा। केवल मनोरंजन उसका ध्येय नहीं रहा। इसकी प्रथम रिपोर्ट में लिखा है। "कानून के ढेरों से किसी कौमकी स्थायी उन्नति नहीं की जा सकती, जब तक वह कौम संयमहीन और आचरणभ्रष्ट है"। अतएव खेलका मैदान सदाचार सम्पन्न बलवान नागरिक बनाने के लिए था। संगठन और सहकारिता इसका आदर्श रहा। जो सैनिक शिक्षा यहाँ आरंभ हुई थी उसका इस समय सार्वजनिक प्रयोग किया जा रहा है। सी० एच० सी के लिए यह गौरव और संतोष की बात है।

त्याग और सेवा

श्री एनी बेसेंट, श्री अरंडेल, डा० भगवानदास, पं० छेदालाल, प्रो० उनवाला, श्री इकबाल नारायण गुर्टू, मिस अरंडेल, श्री श्यामाचरण दे आदि का आदर्श था त्यागपूर्वक सेवा। इसका प्रभाव समस्त अध्यापकों पर पड़ता गया। निर्वाह मात्र के लिए ही वे यहाँ वेतन लेते थे। न कभी वेतन-वृद्धि के हेतु झगड़ा हुआ न सत्याग्रह। अतएव यहाँ के छात्रों में भी वही आदर्श उतर आया। अनेकों ने सरकारी नौकरियों को तिलाञ्जलि दी, विशुद्ध सेवा ही उनका आदर्श बना। जिसने सरकारी पद स्वीकार किया उसने सेवाभाव अपनाया। वहाँ भी सार्वजनिक हितके लिए आत्मत्याग उनका आदर्श बना। यही आदर्श महात्मा गांधी का भी था जिससे हम स्वतंत्र बने।

श्री इकबाल नारयण जी गुर्टू ने अपना जीवन इन्ही आदर्शों के लिए समर्पण कर दिया। देशके उत्थान के इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों से अंकित किया जायगा। ईश्वर करे देश के संचालकों में इसका प्रचार और प्रसार हो जावे। सी० एच० सी० के दो महान आदर्श यहाँ अंकित हैं।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्॥
नत्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नाऽपुनर्भवम्।
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तनाशनम्॥

"गुर्टू जी के म्युनिसिपल-अध्यक्ष-काल की झाँकी"

(श्री पं० जानकीशरण त्रिपाठी, सूर्य — संपादक, काशी)

आज एक महान् आदर्श पुरुष के जीवन की कुछ झाँकी से हृदय आनन्द में निमग्न हो रहा है। जिनमें सदाचार, शिष्टाचार के साथ ही साथ नैतिकता ने भी अपना निवास स्थान बना लिया है। ऐसे पुरुष-रत्न संसार में दुर्लभ होते हैं। सचमुच में भारतमाता के लिये यह महान् गौरव है जिसने ऐसे पुरुष-पुंगव को जन्म देकर अपनी महानता का परिचय प्रदान किया है। सत्यता, नैतिकता, न्यायप्रियता, सदाचारयुक्त जीवन ही वास्तव में जीवन है। पर इस विज्ञापन-प्रधान युग में इसकी झाँकी कहाँ ?

इस युग में जिसका विज्ञापन नहीं हुआ और जो विज्ञापनों से ऊब कर भागता फिरा उसकी सची झाँकी जनता को नहीं मिली तो आश्चर्य ही क्या ? इस दलबन्दी के काल में दल को ही सबसे उच्च स्थान प्राप्त है। यद्यपि यह भी पाश्चात्य जगत् की देन है, पर भारत ने तो इस काँच के टुकड़े को अमूल्य जवाहिरात ही समझ लिया है। इसके भ्रम में पड़कर यह अपना सब कुछ भूल गया है। अपने दल का काँच का टुकड़ा कबूल पर उसके बाहर का जवाहिरात नहीं। यही कारण है कि यह आज स्वतंत्रता के उज्ज्वल प्रकाश में भी घोर अन्धकार की तरफ बढ़ता जा रहा है, और यही पुराना राग ठकुरसोहाती अलापने वालों की ही शासन प्रबन्ध में पूछ है। अभी भी हमारे देश में वयोवृद्ध, अनुभवी और दूरदर्शी पुरुष-सिंहों की कमी नहीं है, पर "गुण न हेरानो, गुण ग्राहक हेरानो है" कहावत चरितार्थ हो रही है।

आज हमें उदारमना पं० इकबाल नारायण गुर्टू महोदय को श्रद्धाञ्जलि अर्पण करते हुये यह अपना उद्गार प्रगट करना पड़ा है, जब हम अध्यापक थे, उस समय तो नहीं, पर जब हमने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया तब हमें गुर्टू महोदय की यह झाँकी प्राप्त हुई। एक बार स्थानीय म्युनिसिपैलिटी की दशा और उसकी स्थिति डावाँडोल हो गई थी। सदस्यों की अकुशलता, स्वार्थान्धता और बदनीयती से भ्रष्टाचार ने उसमें अपना स्थान दृढ़ रूप से जमा लिया था। तत्कालीन सरकारी जाँच के फलस्वरूप भी उसकी पुष्टि हुई। ऐसी अवस्था में नागरिकों ने गुर्टू महोदय को चेयरमैन बनने के लिये प्रार्थना की, जिसके उत्तर में उन्होंने सर्व सम्मति से चुने जाने की इच्छा प्रगट की। वे संघर्ष में पड़ना नहीं चाहते थे और धींगाधींगी से अलग रहना चाहते थे। किन्तु जब हमने कुछ सदस्यों की प्रेरणा से जाकर उनके निवास-स्थान पर भेंट कर उनके समक्ष यह प्रस्ताव रक्खा तो फिर उन्होंने वही सदस्यों की धींगाधींगी, अकुशलता, स्वार्थान्धता

खेल का मैदान

सी० एच० सी० में खेल का मैदान शारीरिक गठन, मानसिक विकास तथा विशुद्ध प्रेमके प्रचार का केन्द्र रहा। केवल मनोरंजन उसका ध्येय नहीं रहा। इसकी प्रथम रिपोर्ट में लिखा है। "कानून के ढेरों से किसी कौमकी स्थायी उन्नति नहीं की जा सकती, जब तक वह कौम संयमहीन और आचरणभ्रष्ट है"। अतएव खेलका मैदान सदाचार सम्पन्नं बलवान नागरिक बनाने के लिए था। संगठन और सहकारिता इसका आदर्श रहा। जो सैनिक शिक्षा यहाँ आरंभ हुई थी उसका इस समय सार्वजनिक प्रयोग किया जा रहा है। सी० एच० सी के लिए यह गौरव और संतोप की बात है।

त्याग और सेवा

श्री एनी बेसेंट, श्री अरंडेल, डा० भगवानदास, पं० छेदालाल, प्रो० उनवाला, श्री इकबाल नायरण गुर्टू, मिस अरंडेल, श्री श्यामाचरण दे आदि का आदर्श था त्यागपूर्वक सेवा। इसका प्रभाव समस्त अध्यापकों पर पड़ता गया। निर्वाह मात्र के लिए ही वे यहाँ वेतन लेते थे। न कभी वेतन-वृद्धि के हेतु झगड़ा हुआ न सत्याग्रह। अतएव यहाँ के छात्रों में भी वही आदर्श उतर आया। अनेकों ने सरकारी नौकरियों को तिलाञ्जलि दी, विशुद्ध सेवा ही उनका आदर्श बना। जिसने सरकारी पद स्वीकार किया उसने सेवाभाव अपनाया। वहाँ भी सार्वजनिक हितके लिए आत्मत्याग उनका आदर्श बना। यही आदर्श महात्मा गांधी का भी था जिससे हम स्वतंत्र बने।

श्री इकबाल नारयण जी गुर्टू ने अपना जीवन इन्ही आदर्शों के लिए समर्पण कर दिया। देशके उत्थान के इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों से अंकित किया जायगा। ईश्वर करे देश के संचालकों में इसका प्रचार और प्र जावे। सी० एच० सी० के दो महान आदर्श यहाँ अंकित हैं।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्॥
नत्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नाऽपुनर्भवम्।
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तनाशनम्॥

"गुर्टू जी के म्युनिसिपल-अध्यक्ष-काल की झाँकी"

(श्री पं० जानकीशरण त्रिपाठी, सूर्य — संपादक, काशी)

आज एक महान् आदर्श पुरुष के जीवन की शुद्ध झाँकी से हृदय आनन्द में निमग्न हो रहा है। जिनमें सदाचार, शिष्टाचार के साथ ही साथ नैतिकता ने भी अपना निवास स्थान बना लिया है। ऐसे पुरुष-रत्न संसार में दुर्लभ होते हैं। सचमुच में भारतमाता के लिये यह महान् गौरव है जिसने ऐसे पुरुष-पुंगव को जन्म देकर अपनी महानता का परिचय प्रदान किया है। सत्यता, नैतिकता, न्यायप्रियता, सदाचारयुक्त जीवन ही वास्तव में जीवन है। पर इस विज्ञापन-प्रधान युग में इसकी झाँकी कहाँ ?

इस युग में जिसका विज्ञापन नहीं हुआ और जो विज्ञापनों से ऊब कर भागता फिरा उसकी सच्ची झाँकी जनता को नहीं मिली तो आश्चर्य ही क्या ? इस दलबन्दी के काल में दल को ही सबसे उच्च स्थान प्राप्त है। यद्यपि यह भी पाश्चात्य जगत् की देन है, पर भारत ने तो इस काँच के टुकड़े को अमूल्य जवाहिरात ही समझ लिया है। इसके भ्रम में पड़कर यह अपना सब कुछ भूल गया है। अपने दल का काँच का टुकड़ा क़बूल पर उसके बाहर का जवाहिरात नहीं। यही कारण है कि यह आज स्वतंत्रता के उज्ज्वल प्रकाश में भी घोर अन्धकार की तरफ़ बढ़ता जा रहा है, और वही पुराना राग ठकुरसोहाती अलापने वालों की ही शासन प्रबन्ध में पूछ है। अभी भी हमारे देश में वयोवृद्ध, अनुभवी और दूरदर्शी पुरुष-सिंहों की कमी नहीं है, पर "गुण न हेरानो, गुण ग्राहक हेरानो है" कहावत चरितार्थ हो रही है।

आज हमें उदारमना पं० इकबाल नारायण गुर्टू महोदय को श्रद्धाञ्जलि अर्पण करते हुये यह अपना उद्गार प्रगट करना पड़ा है, जब हम अध्यापक थे, उस समय तो नहीं, पर जब हमने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया तब हमें गुर्टू महोदय की यह झाँकी प्राप्त हुई। एक बार; स्थानीय म्युनिसिपैलिटी की दशा और उसकी स्थिति डावाँडोल हो गई थी। सदस्यों की अकुशलता, स्वार्थान्धता और बदनीयती से भ्रष्टाचार ने उसमें अपना स्थान दृढ़ रूप से जमा लिया था। तत्कालीन सरकारी जाँच के फलस्वरूप भी उसकी पुष्टि हुई। ऐसी अवस्था में नागरिकों ने गुर्टू महोदय को चेयरमैन बनने के लिये प्रार्थना की, जिसके उत्तर में उन्होंने सर्व सम्मति से चुने जाने की इच्छा प्रगट की। वे संघर्ष में पड़ना नहीं चाहते थे और धींगाधींगी से अलग रहना चाहते थे। किन्तु जब हमने कुछ सदस्यों की प्रेरणा से जाकर उनके निवास-स्थान पर भेंट कर उनके समक्ष यह प्रस्ताव रक्खा तो फिर उन्होंने वही सदस्यों की धींगाधींगी, अकुशलता, स्वार्थान्धता

को प्रगट करते हुये अनिच्छा प्रगट की, इस पर हमने उन्हीं के बनाये हुये म्युनिसिपल विधान की ओर जब उनका ध्यान आकर्षित किया (क्योंकि इस विधान को उन्होंने ही, जब वे स्वर्गीय जगतनारायण मल्ल। मिनिस्टर के सभा-सचिव थे, तब बनाया था।) और कहा कि या तो आप इस लोकतांत्रिक विधान की गलती स्वीकार कीजिये या उसके अनुसार बोर्ड की अध्यक्षता स्वीकार कर उसे सुधारिये। उन्होंने उसे स्वीकार कर लिया, और चुनाव की बैठक में पहले ही उन्हें इतने अधिक मत प्राप्त हो गये कि फिर दूसरे नाम के प्रस्तावित होने का अवसर ही नहीं आया और वे बहुमत से अध्यक्ष चुन लिये गये। यद्यपि उस समय उनकी उम्मेदवारी के विरुद्ध खड़े हुए सज्जन की प्रेरणा से एक प्रसिद्ध कांग्रेसी महाशय कुछ समय तक के लिये एक समाचार पत्र निकाल कर अपनी लेखन-कला का जौहर दिखलाते हुये उनकी निन्दा का ढोल खूब ही पीट रहे थे। पर उसमें वे सफल नहीं हुये।

अस्तु, बोर्ड में, जिसकी हालत वर्षों से बहुत खराब चली आ रही थी, श्री गुर्टू महोदयने अपने छः माह के कार्य-काल में बहुत बड़ा सुधार किया, क्योंकि उन्होंने अपनी स्मरण-शक्ति, लोकतांत्रिक ढंग पर योग्यता, कार्य-कुशलता, परिश्रम, अनुभव, नेकनीयती और नैतिकता आदि के बल पर तत्कालीन सदस्यों में नूतन जीवन-संचार किया और साथ ही साथ बोर्ड के कर्मचारी और नागरिक दोनों में विश्वास उत्पन्न किया। किन्तु उसी समय के वे प्रयाग विश्वविद्यालय के वाइस-चांसलर चुन लिये गये और वहाँ भी जाकर कार्य-भार सँभालना उनके लिये बड़ा आवश्यक था। अतः फिर योग्य अध्यक्ष के अभाव में बोर्ड जब्त होगया और सरकार की तरफ़ से एक ऐंग्लो इन्डियन कर्मचारी प्रबन्धक (ऐडमिनि-स्ट्रेटर) नियुक्त हुये।

एक बार भेंट करने पर उस प्रबन्धक महाशय ने गुर्टू महोदय के प्रति अपना यह उद्गार प्रकट किया कि मुझे नहीं मालुम था कि इण्डियनों में भी ऐसे योग्य पुरुष हुआ करते हैं। यदि आज वे अभागे भारत में पैदा न होकर, इंग्लैण्ड में पैदा हुये होते तो प्रधान मन्त्री होते। फाइलों पर उनके योग्यतापूर्ण नोटों को पढ़कर इच्छा होती है कि वे मिलें तो उनके चरण की धूलि सर पर लगाऊँ। कहने का तत्पर्य यह है कि आज हमारे देश में ऐसे योग्य अनुभवी पुरुष-रत्न मौजूद हैं जिनकी योग्यता से हम लाभ न उठायें तो हमारा और हमारे देश दोनों ही का महान् दुर्भाग्य है।

आज हम ऐसे उदारमना पं० इकबाल नारायण गुर्टू महोदय के जीवन की एक झाँकी द्वारा अपनी श्रद्धाञ्जलि अर्पण करते हैं।

संस्मरण

(श्रीविश्वनाथ लाल श्रीवास्तव, बेसेन्ट कालेज, राजघाट, बनारस)

श्रद्धेय श्रीमान् पंडित इकबाल नारायण गुर्टू जी का प्रथम दर्शन मुझे सन् १९१३ ई० की १० जुलाई को हुआ। उस समय मैं कक्षा ८ में नाम लिखाने के लिए भटक रहा था, और पंडित जी कमच्छा स्थित ज्ञानगेद स्कूल बिल्डिंग में प्रातः-स्मरणीय तेलंग साहब—श्री पंढरीनाथ काशीनाथ तेलंग जी—के साथ बैठे हुए स्कूल के दाखिला में सहारा दे रहे थे।

दोनों महान् मूर्तियों को देखकर मेरे हृदय में आस्था उत्पन्न हो आई। प्रसन्नता से हृदय भर आया और श्रद्धा से मस्तक आपसे आप देवतुल्य व्यक्तियों के सामने आदर पूर्वक झुक गया। यद्यपि यह घटना आज से ४० वर्ष पुरानी है फिर भी ताजी बन कर मेरे सामने आ खड़ी होती है। जब श्रद्धेय तेलंग साहब ने मुस्कराते हुए मुझसे पूछा कि क्या चाहते हो, तब उत्तर देने में विलंब होते देख पूज्य गुर्टू साहब ने मुझे ढाढस बँधाते हुए कहा, हाँ हाँ बोलो क्या चाहते हो। तब हिम्मत बटोरते हुए मैंने दबी जबान से उत्तर दिया कि एडमीशन चाहता हूँ। किस क्लास में ? फिर उसी सहमी जबान से उत्तर दिया कि ८वीं कक्षा में। कौन क्लास पास हो, और किस स्कूल में पढ़ते थे ! एक बार उत्तर दे देने के बाद कुछ हिम्मत बंध गई थी। कुछ खुश होते हुए मैंने उत्तर दिया, सेकेन्डियर पास हूँ और स्पेशल इंगलिश स्कूल में पढ़ता था।

साधारणतः सेकेन्डियर माने कालेज का एफ० ए० क्लास होता है। उसको पास करने के बाद ८वीं कक्षा में पढ़ना कैसा ? श्रद्धेय गुर्टू जी ने मुस्कराते हुए कहा, ठीक है। हिन्दी मिडिल पास होने पर अंग्रेजी पढ़ने वाले लड़कों को फर्स्टइअर याने सिक्स्थ क्लास में भरती करते हैं और ऐसे स्कूलों को जो ऐसे विद्यार्थियों को अँग्रेजी पढ़ाते हैं स्पेशल स्कूल कहते हैं। तब यह निश्चय हो गया कि सेकेन्डियर पास माने मैं सेविन्थ क्लास पास हूँ और एट्थ क्लास में नाम लिखाने के लिए उम्मीदवार हूँ। इस रहस्योद्घाटन पर एक बार बड़ी हँसी हुई। फिर मुझे नाम लिखाने का फार्म मिल गया, और मैं ८वीं कक्षा में भर्ती हो गया।

और एक बार की ऐसी घटना है जिससे यह बिलकुल स्पष्ट हो जायगा कि पूज्य गुर्टू जी कितने महान् और विशाल हृदय के हैं। जब सन् १९१६ ई० में अम्मा (श्रीमती डा० ए० बेसेंट) ने तेलंग साहब को होमरूल के लिए काम करने के हेतु अड्यार (मद्रास) बुला लिया और कुछ ही दिनों के बाद जब वे उन्हीं के साथ विलायत चले गये तब पूज्य गुर्टू जी अपने स्कूल—थियोसोफिकल हाई स्कूल—के प्रधानाचार्य हुए। मैं उन दिनों टेन्थ क्लास में पढ़ रहा था। स्कूल के वाताव-

रण ने मेरे ऊपर जो प्रभाव डाला उससे प्रेरित होकर मैंने दो पत्र लिखे, एक पत्र पूज्य गुट्टू जी के पास लिखा और दूसरा श्रद्धेय तेलंग साहब के पास। उसमें मैंने अपने बाल विवाह की चर्चा की। और यह प्रार्थना की कि मैंने इतने दिनों तक यह घटना गोप्य रखी थी। इसका मैं दोषी हूँ। मैंने स्कूल में नाम लिखाने के पहले इस बात को छिपा रखा था। इसका मैं अपराधी हूँ। आज आप लोगों के सम्पर्क में आने के कारण मुझको सत्य आचरण की प्रेरणा मिली है, इसी से आप लोगों के पास स्पष्ट लिखने का साहस हुआ है। आप जो उचित समझें दंड दें। मैं सहर्ष उसको स्वीकार करूँगा। दोनों गुरुजनों को एक ही पत्र था। केवल लिफाफे अलग अलग थे। पत्र लिखने के कई महीने बाद एक दिन स्कूल के सब विद्यार्थी और सब अध्यापक अम्मा का स्वागत करने के लिए बनारस कैण्ट स्टेशन पर गये हुए थे। मैं भी उन्हीं विद्यार्थियों में से एक था।

स्टेशन पर बड़ी चहल पहल थी। सबके मन में अम्मा के स्वागत के लिए बड़ा आह्लाद था। मैं भी स्टेशन के प्लेटफार्म पर टहल रहा था। एकाएक किसी ने मेरा हाथ पकड़ लिया और जोर से हाथ को दबाते हुए कहा, सुनो, मैं भौचक्का रह गया देखा कि सामने पूज्य गुट्टू साहब हैं। मैं डर सा गया। उन्होंने मुझको अपने साथ टहलने का संकेत किया। टहलते टहलते उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हारा पत्र मुझको मिला है। तुम्हारी सच्चाई और निर्भीकता पर मैं अत्यन्त प्रसन्न हूँ। इसमें तुम्हारा विशेष दोष नहीं है। यह तुम्हारे माता-पिता का दोष है। तुम चिन्तारहित होकर पढ़ो। पंडित जी यह कह ही रहे थे कि गाड़ी आ गई। सब अध्यापक अम्मा के डिब्बे की ओर दौड़े और सब विद्यार्थी प्लेटफार्म पर खड़े हो गये। अम्मा उतरीं और उन्हीं के साथ श्रद्धेय तेलंग साहब भी थे। स्वागत बड़ी धूम धाम से हुआ। सब लोग शान्तिकुंज में आकर ठहरे। तीन दिनों के बाद श्रद्धेय तेलंग साहब ने मुझको बुलवाया और मेरे पत्र की चर्चा करते हुए हँस कर मेरी पीठ ठोंकी और कहा कि मैं तुम्हारी सचाई से बहुत प्रसन्न हूँ। कुछ चिन्ता मत करो। जाओ मन लगा-कर पढ़ो। आजभी उस घटना का स्मरण कर आँखों में आँसू आ जाते हैं और प्रसन्नता से हृदय भर जाता है।

एकबार अखबार में हम लोगों ने देखा कि अम्मा बनारस के स्कूल को धना-भाव के कारण बन्द करना चाहती हैं ज्योंही गुट्टू साहब को यह बात मालूम हुई वे शीघ्र बंबई पहुँचे और श्रद्धेय तेलंग साहब को लिवाकर अम्मा के पास गये। उन दिनों अम्मा बंबई में ही थीं। और प्रयत्न करके उन्होंने विद्यालय की रक्षा कर ली। पूरे देश में भ्रमण कर इन्होंने धन संग्रह किया और अम्मा की सब शिक्षा संस्थाओं को सम्हाल लिया।

गवर्नमेन्ट में नौकरी और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के कुलपति पदको पंडित

जी ने इसीलिए स्वीकार किया था कि वे धन द्वारा काशी और प्रयाग स्थित संस्था के विद्यालयों को सींचते रहें। अभी केवल तीन चार वर्ष का समय होता है अपने विद्यालयः (बेसेन्ट कालेज, राजघाट) की आर्थिक दशा अत्यन्त दयनीय हो गई थी, परन्तु पंडित जी ने इतनी अधिक उम्र होने पर भी अपने अथक परिश्रम द्वारा विद्यालय की आर्थिक दशा को सुदृढ़ कर दिया।

• एक बार की घटना है कि पंडित जी के घर पर यहाँ के डिप्टी कलक्टर और कमिश्नर साहब मिलने के लिए आने वाले थे। उन लोगों का आतिथ्य भार मुझ पर सौंपकर पंडित जी स्नान करने चले गये। कमिश्नर साहब अपने साथियों के साथ ठीक वक्त पर आ गये। मैंने उन लोगों का समुचित स्वागत किया। कुर्सी पर बैठते ही कमिश्नर साहब ने पूछा 'पंडित जी कहाँ हैं'। मैंने उत्तर दिया अभी आ रहे हैं। पाँच मिनट के बाद पंडित जी आ गये और सभी उपस्थित सज्जन पंडित जी के सम्मानार्थ उठकर खड़े हो गये। पंडित जी ने नम्रतापूर्वक सबको बैठने के लिए प्रार्थना करते हुए मजाक किया कि भारी भारी मेहमानों को देखकर मेजबान ने जब यह समझा कि मुझसे खातिरदारी न निभेगी तो उसने घर ही छोड़ दिया। इस बात को सुनकर सब लोग खूब प्रसन्न हुए और हँसे और कमिश्नर साहब ने मुस्कराते हुए कहा, परन्तु यह कहावत तो आपके लिए लागू नहीं हो सकती आपने तो हम लोगों की दावत का ऐसा बढ़िया इन्तजाम किया है कि घर पर दो दिनों तक खाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

ऋषि वैली ट्रस्ट के सर्व मान्य स्वतन्त्र विचारक श्री जे० कृष्ण मूर्ति जी हैं। ट्रस्ट द्वारा संचालित सब विद्यालयों का संवर्धन और उन्नयन उन्होंने श्री संजीव राव जी श्री माधवाचारी जी, श्री अच्युत पटवर्धन जी और श्री पंडित इकबाल नारायण गुर्टू जी के हाथों में सौंप दिया है। पंडित जी ऋषि वैली ट्रस्ट के इन दिनों प्रेसिडेन्ट (कुलपति) हैं। उनकी देखरेख में संस्था दिनों दिन उन्नति कर रही है।

श्रद्धेय तेलंग साहब के निधन पर संस्था को क्रियमाण रखने का सारा श्रेय पूज्य गुर्टू जी को है। तन मन धन यह वाक्यांश अक्षरशः पूज्य पंडित जी के लिए लागू है। तन से कार्य, मन से चिन्तन, धन से सहायता. यही गुर्टू साहब का बाना हो गया है। ऋषि वैली ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षा संस्थाओं की अभिवृद्धि ही इनकी तपस्या है।

जीवन में कार्य करने की क्षमता, हृदय की विशालता, मस्तिष्क की प्रतिभा, नियम पालन की दृढ़ता, भविष्य की दूरदर्शिता, संयम की संलग्नता, मन की उदारता और आचरण की पवित्रता हमारे पूज्य गुर्टू साहब में शत प्रतिशत विद्यमान है। आज ७६वीं जन्म तिथि के शुभ दिन हम भगवान् से प्रार्थी हैं कि वे पंडित जी को शतायु करें जिससे वे अपने आशीर्वाद से हमारे भीतर जीवन

ज्योति भरते रहें और जिसमें उनकी तपःपूत वाणी से हमें उत्तम नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती रहे।

श्रद्धा के फूल अंजलि में लेकर नतमस्तक मै पूज्य पंडित जी का अभिनन्दन करता हूँ।

श्रद्धेय पंडित जी का आदर्श

(श्री रामेश्वर जोशी, काशी)

सांसारिक झंझटों में व्यस्त रहने वाले जीव के लिये कब संभव है कि वह विशिष्ट आत्मा की महानता का पता पा सके ! शिष्य कभी अपने आचार्य की महिमा को बखानने में समर्थ हो सकता है ? अतः मैं भी अपने गुरु पंडित इकबाल नारायण गुर्टू के विषय में कुछ लिखने में संकोच का अनुभव करता हूँ।

पूज्य गुर्टूजी के पूर्वज काश्मीर से आकर मुगल बादशाहों के जमाने में कानपुर में बस गये। उनके पिता राय इन्द्रनारायण जी प्रख्यात जमीन्दार रहे और जज रहते हुए भी देशभक्त थे।

श्री गुर्टू जी ने एम. ए. और एल्-एल्. बी. परीक्षायें पास कीं और वकालत आरंभ की। सौभाग्य से श्री मोतीलाल जी नेहरू के गुरू श्री पृथ्वीनाथजी चक के तत्वावधान में कार्य आरंभ किया और यदि वकालत करते रहते तो हाईकोर्ट में सर्वश्रेष्ठ पद प्राप्त कर लेते, पर उनकी अन्तरात्मा उनके द्वारा देशोद्धार का कार्य कराना चाहती थी और उनकी धर्मपत्नी के अपूर्व त्याग ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिये प्रोत्साहित किया। फलतः वे काशी आये और थियोसॉफिकल सोसाइटी के त्यागवीर-दल में उन्होंने अपना जीवन अर्पण कर दिया। इस प्रकार २० अक्तूबर, १९०५, संतगुर्टू जी के कारण उज्वल और पवित्र तिथि बन बैठी।

सी. एच. सी. में आपका आदर्श था प्रेम और सेवा—अन्धा व उन्मत्त बनाने वाला प्रेम नहीं, वरन् वह प्रेम जो भारत के भिन्न भिन्न प्रान्तों से आए हुए विद्यार्थियों के जीवन में ऐक्य स्थापन कर सके, जो उनमें प्राचीन व अर्वाचीन विद्या के प्रति, भारतीय संस्कृति और आदर्शों के प्रति, श्रद्धा और जातीय गौरव स्थापित कर सके। अपने शासन में वे कठोर तथा भयकारी से प्रतीत होते थे परन्तु उनका हृदय वात्सल्य का आकर था। शान्ति और सहिष्णुता का

उनका व्यवहार शायद एक कृतघ्न भी भूल नहीं सकेगा। दुर्बल अशक्त तथा गरीब छात्रों के उत्थान की ओर उनका सदा ध्यान रहा। सेवा-भाव से ही कमजोर विद्यार्थियों के लिये स्पेशल क्लास लगता था और अंग्रेज अध्यापिकायें वार्तालाप के बहाने एक घंटा बोलने की शिक्षा देती थीं। C. H. C में जितने नये प्रयोग किये गये उनकी सफलतामें श्री गुर्टू जी का प्रधान हाथ रहा है। आज ४६ वर्ष के बाद स्वराज्य मिलने और अपनी सरकार हो जाने पर भी हम उन प्रयोगों से १० इंच आगे नहीं बढ़ सके हैं।

जब C. H. C. हिन्दू यूनिवर्सिटी काउंसिल के सिपुर्द हुआ तो कतिपय त्यागवीर सदस्य रहने लगे परन्तु पूज्य पण्डितजी ने धन संग्रह के कार्य में महामना मालवीय जी का साथ दिया और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आरंभ में पूर्ण सहायता प्रदान की। उन्होंने इतिहास के मानद-प्रोफेसर रूप में भी श्री प्रो. पी. के. तेलंगजी को इतिहास-विभाग के संगठन में सहायता दी। वे सभी कमेटियों में सभासद चुने गये और प्रो-वाइस-चान्सलर तथा ट्रेजरर के रूपमें भी प्रशंसनीय कार्य किया। काशी विश्वविद्यालय ने उन्हें डी॰ लिट् की उपाधि प्रदान कर अपनी कृतज्ञता प्रगट की।

जब होम-रूल का जमाना आया तब श्री गुर्टूजी देशभक्ति से प्रेरित होकर उस कार्य में अग्रसर हुए। सरकारी कोप उनको ध्येय से डिगा न सका। भारत के मामले की वकालत करने लंदन जा रहे थे परन्तु तत्कालीन सरकार ने जहाज को जिब्राल्टर में रोककर आपको आगे बढ़ने की इजाजत न दी।

प्रयाग विश्वविद्यालय के सभासदों पर आपके अपूर्व त्याग का प्रभाव पड़ा और आप कुलपति चुन लिये गये। प्रायः ६ वर्षों तक आपने उसके कार्य को त्यागपूर्ण भावसे सम्हाला। विश्वविद्यालय ने एल्. एल्. डी. की डिग्रीसे आपको विभूषित कर कृतज्ञता प्रगट की।

सन् १९१९ का शासन-सुधार कार्यरूप में परिणत होने लगा तो पण्डितजी धारा सभा में चुने गये और श्री जगतनारायण मल्ला के सभासचिव नियुक्त हुए।

जब प्रिन्सिपल संजीवरावजी "ऋषि वैली ट्रस्ट" के कार्य से विरत हुए तो आपकी पुकार हुई और पूज्य पण्डितजी ने उस कार्य को हाथ में लिया। लाखों रुपया एकत्र करने में श्री गुर्टूजी के प्रभाव ने विलक्षण कार्य किया जिसको इस पंक्तिके लेखक ने स्वयं देखा है। उन्होंने अपनी निजी निधिको भी अर्पण कर दिया।

आज जब पण्डितजी को अभिनन्दन ग्रंथ समर्पित हो रहा है, मैं अपने प्राचीन छात्र-परिवार और व्यापारिक परिवार की ओर से उनके चरणों में श्रद्धाञ्जलि समर्पित करने में अपना सौभाग्य समझता हूँ।

परमात्मा आपको दीर्घायु देवे और आपके वरद हस्त द्वारा देश का मंगल हो।

श्रद्धेय पण्डित जी

(श्री रविशरण वर्मा, वकील, काशी)

श्रद्धेय पण्डित इक़बालनारायण गुर्टू से मेरा सम्पर्क सन् १९०७-८ के लगभग हुआ जब मैं सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल में निम्नतम वर्ग का विद्यार्थी था। उस समय से लेकर आजतक पण्डितजी मेरी श्रद्धा, प्रेम, पूजा तथा सम्मान के भाजन रहे हैं। उनके समीपस्थ होने पर मेरे हृदय में वे ही भावनायें आज भी उदय हो आती हैं जो मेरी छात्रावस्था में उमड़ती रहती थीं।

मेरे हृदय में पण्डित जी आदर्श शिक्षक, आदर्श नेता, आदर्श गुरु, आदर्श मित्र एवं आदर्श सज्जन सदा से ही रहे हैं। शराफ़त के तो वे मुजस्सिम रूप हैं। अपने विरोधियों के प्रति भी वार्तालाप एवं व्यवहार में लोगों ने उन्हें हमेशा शराफ़त से लबरेज़ पाया है। पण्डित जी सदा प्रसन्नचित्त, हँसमुख, सुशिष्ट हास्य और विनोद में हाज़िरजवाब प्रसिद्ध रहे हैं। सुशिष्ट मज़ाक और हास्य की परिभाषा तो यह है कि जिस पर हास्य के गुलाबी छींटे उड़ाये जायँ, या जिसके प्रति फबतियां कसी जायँ कसने वाले से अधिक कसे जाने वाले व्यक्ति के दिल में अधिक आनन्ददायक गुदगुदी, पैदा हो जाय।

पण्डित जी सन् १९२१ में कौंसिल की सदस्यता के लिये ग्रैजुयेट क्षेत्र से खड़े हुए थे। उनके प्रतिद्वन्दी थे स्व० डा० गणेश प्रसाद, गणित के जगत-विख्यात विज्ञाता, सेन्ट्रल हिन्दू कालेज के तत्कालीन सुप्रसिद्ध प्रिंसिपल। मैं डा० गणेश प्रसाद के विरुद्ध, पण्डित जी के पक्ष में वोट संग्रह का काम कर रहा था। मुझे मिला था बनारस स्टेट के अन्तर्गत सभी ग्रैजुयेटों के मत-संग्रह का भार। इसी सिल-सिले में एक दिन एक जगह पण्डितजी तथा डा० गणेश प्रसाद का आमना सामना हो गया। एक दूसरे के मत-संग्रह के प्रयत्नों की सफलता की जब चर्चा चली तो डा० गणेश प्रसाद ने हँसते हुए कहा कि आपके गोरे चिट्टे और सुन्दर रूप को देख कर मुझ काले कलूटे को कौन वोट देगा। पण्डित जी ने हँस कर अत्यन्त विनोदपूर्ण लहजे में कहा कि आपके इस साँवले सलोनेपन के सामने क्या मजाल है कि आपको वोट देने के लिये मतदाताओं की लार न टपक पड़े। शब्द वस्तुतः ये न थे। किन्तु भाव यही थे जो इन शब्दों में व्यक्त किये गये हैं। वे दोनों स्वयं तथा सुनने वाले सभी इस सुशिष्ट हास्य से खिलखिला उठे।

पण्डित जी विनय, विनोद, औदार्य, शील और अनुशासन-प्रियता के एक अत्यन्त सुन्दर सम्मिश्रण हैं। आपका व्यक्तित्व एक ऐसे सुन्दर सुस्वादु एवं सर्वो-पयोगी मनमोहक फल के सदृश है जिसमें सुन्दर, सुमधुर, एवं सुस्वास्थ्यकर एवं रस भरा हो परन्तु ऊपर से वह एक बारीक परत ज़रा कठोर आवरण से, छिलके

रूप में ढका हो। जब पण्डित जी सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल के हेडमास्टर थे उस समय के छात्रों में अवसर पड़ने पर प्रायः पण्डित जी के लिये 'बादाम' की उपमा का प्रयोग किया जाता था। स्वर्गीय काली प्रसन्न चक्रवर्ती को लोग "जामुन" या "बदरी" (बेर) कहा करते थे। क्योंकि वे ऊपर से सुन्दर एवं सुस्वादु जामुन या बेर के गूदे के समान विनम्र, विनयी और मधुरभाषी थे किन्तु जामुन या बेर के कठोर बीज के समान अन्तर हृदय में उनके कर्तव्य भावना की दृढ़ कठोरता सदा ही पायी जाती थी। डा० अरण्डेल को लोग "अंगूर" की मिसाल दिया करते थे जो ऊपर और भीतर दोनों ओर मधुर और मुलायम थे, बीच में केवल एक सो बीज रूप में कर्तव्य निष्ठा रहती थी। पण्डित जी को जैसा ऊपर लिख आया हूँ, हमलोग बादाम की उपमा दिया करते थे। ऊपर से बादाम के छिलके की तरह उनका रोषयुक्त अनुशासन प्रियता का एक तह कठोर आवरण देखने में आता किन्तु भीतर सब मेवों का बादशाह मीठा पौष्टिक मगज बादाम, जो केवल आपको में सुस्वाद ही नहीं आपको बल, ओज, उत्साह, एवं स्वास्थ्य भी प्रदान कर सके।

निस्वार्थ सेवा भाव तथा आत्मत्याग के तो पण्डित जी सदेह रूप हैं। मुझे यह दृढ़ विश्वास है कि पण्डित जी को जो लोग किञ्चित भी जानते हैं उनमें कोई भी ऐसा नहीं कह सकता कि पण्डित जी ने कभी भी जबसे उन्होंने स्वर्गीय डा० एनी बेसेन्ट के आवाहन या प्रोत्साहन पर सार्वजनिक सेवा क्षेत्र में पदार्पण किया है, निजी स्वार्थ, पद, प्रभाव या प्रभुता की प्राप्ति के लिये तनिक भी कभी इधर से उधर किया हो। जब कि हम आये दिन देखते हैं कि लोग प्रत्येक सार्वजनिक सेवा क्षेत्र में, चाहे वह राजनीतिक हो चाहे सामाजिक, चाहे शिक्षण क्षेत्र हो, चाहे धार्मिक या आध्यात्मिक ही क्यों न हो, स्वार्थ साधन, अथवा कम से कम पद, प्रभाव और प्रभुता की प्राप्ति, अथवा येनकेन प्रकारेण यह अगर प्राप्त हो गयी हो तो उसे अधिक से अधिक समय तक स्थायी बनाये रखने के लिये किस गहराई तक नीचे उतर आते हैं। लोकसेवियों के भाव, भेष, भूषा के आवरण में स्वार्थसेवियों का जिस क्षेत्र में एक बार पदार्पण हो जाता है वह अपने लिये, अपने कुटुम्बियों के लिये, अपने जाति-भाइयों तथा समान भाषा भाषियों के लिये, उचितानुचित का विचार छोड़ कर सर्व भावेन अपने पृष्ट पोषक समर्थकों के लिये उस क्षेत्र को एक गोत्र अर्थात् मौरूसी चरागाह बना लेते हैं।

पण्डित जी का अधिकांश जीवन अवैतनिक सेवा में ही बीता है। वैधानिक व्यवस्था के अनुसार किसी सार्वजनिक सेवा के लिये वेतन-ग्रहण अनिवार्य हो, तो उसकी बात अलग है किन्तु इसके अतिरिक्त पण्डित जी की सेवायें सदा केवल अवैतनिक ही नहीं रही हैं; लोकसेवा के कामों में उनकी मुट्ठी सदा खुली हुई भी पायी गयी है।

पण्डित जी अनुशासन, और औदार्य, नियम-पालन सिद्धान्त-प्रेम और सहानुभूति का, जैसा हम ऊपर कह आयें हैं, एक सुन्दर सामंजस्य हैं। विशेषतः

अनुशासन और व्यवस्थाप्रियता के लिये पण्डित जी सदा से ही प्रसिद्ध रहे हैं। मानव स्वभाव है कि लोग अपने प्रति औदार्यपूर्ण कृत्यों को सरलता से भूल जाते हैं, किन्तु अपने प्रति किये गये अनुशासनात्मक कृत्यों को सहज में भूल नहीं पाते। अस्तु, ऐसे लोगोंमें जीवन भर जिनका सारा काम रियायतों शिफ़ारिसों एवं पक्षपातपूर्ण कार्यों के भरोसे चला करता है, 'उनके बीच में पण्डित जी प्रायः अखर जाते रहे हैं। ऐसे लोगों की कमी प्रायः प्रत्येक सार्वजनिक क्षेत्र में होती नहीं, विशेष कर आज कल। अस्तु, सभी संस्थाओं में जहां कहीं भी पण्डित जी रहे, वह प्रायः ऐसे लोगों के लिये परेशानी के बायस रहे हैं।

पक्षपात हीन न्यायशीलता के कभी कभी पण्डित जी के जीवन में अत्यन्त सुन्दर उदाहरण मिले हैं। जब वे सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल के हेडमास्टर थे तो उनके सम्बन्ध की ऐसी कहानियां प्रायः सुनने में आती थीं कि अमुक छात्र के वार्षिक परीक्षा में अनुतीर्ण हो जाने पर प्रोमोशन के लिये छात्र के अभिभावक ने जब बहुत आरजू मिन्नत की तब उन्होंने उसे यह कहा कि यह छात्र के भविष्य के लिये हितकर है कि वह एक बर्ष और उसी कक्षा में रह कर अपने कमज़ोर विषयों को मजबूत बनाले ताकि उसे आगे युनिवर्सिटी की परीक्षाओं में बुरी तरह फेल होने की नौबत न आवे। जब उसने यह कहा कि वह गरीब है और एक वर्ष फिर अपने बच्चे की पढ़ाई के खर्चे का बोझ कैसे उठा सकेगा; तो उन्होंने यह कहा कि अगर यही बात है तो एक वर्ष वह स्वयं उसके खर्चे का भार वहन करेंगे किन्तु बच्चे को एक वर्ष फिर उसी दर्जे में रहना पड़ेगा। सिद्धान्त-प्रेम, उदारता और सहानुभूतिका कितना सुन्दर सम्मिश्रण है।

जब पण्डितजी बनारस नगरपालिका के चेयरमैन थे तो उस समय भी एक ऐसी ही मनोरंजक घटना की बात कही जाती है। पण्डित जी अपने पक्षपातहीन न्याय एवं सिद्धान्त-प्रियता के लिये प्रसिद्ध तो थे ही नगरपालिका के कर्मचारी यह भी जानते थे कि पण्डितजी एक पक्के थियॉसॉफिस्ट हैं जो प्रायः अपनी सिद्धान्तप्रियता के लिये बदनाम रहते हैं। उनलोगों ने मिलकर उनकी न्यायप्रियता तथा सिद्धान्त की दृढ़ता को परीक्षा की कसौटी पर कसना चाहा। काशी के अनेक अभिमानी प्रभावशाली लोगों के जिम्मे जल-कर (वाटर टैक्स) बकाया में पड़े रहते थे। साधारण नागरिक निर्धारित अवधि के भीतर यदि जल-कर प्रदान करदें तो विला रू व रेयाअत उनके घर के पानी का कनेक्शन काट दिया जाता था। किन्तु नगर के प्रभावशाली धनीमानी व्यक्तियों की बात और थी। काशी की थियॉसॉफिकल सोसाइटी का जल-कर कभी किन्ही कारणों से बकाया में पड़ा रह गया था। नगर पालिका के कर्मचारियों ने नगर के सब छोटे बड़े बाकीदारों की फेहरिस्त इस नोट के साथ पण्डितजी के सामने पेश की कि करों की अदायगी निर्धारित समय के भीतर न होने से नियमानुसार कलों के कनेक्शन तत्काल

काट दिये जाने की व्यवस्था है। कहा जाता है कि इस सूची में सोसाइटी का नाम सर्व प्रथम रक्खा गया था। पण्डितजी ने फौरन उसपर हुकुम लिख दिया कि नियमानुसार कनेक्शन काटने के पूर्व अगर जल-कर अदा न हो जाय तो बिना पक्षपात कनेक्शन सबके काट दिये जायें। इधर यह हुकुम दिया उधर अपने निजी एकाउन्ट से एक चेक काटकर नगरपालिका के दफ्तर में सोसाइटी का बकाया जमाकर दिया, क्योंकि वे जानते थे कि नगर-पालिका के कर्मचारी सबसे पहले प्रातः होते ही कनेक्शन काट देंगे। न्याय, सिद्धान्त और नियम तथा अपनी सर्वप्रिय संस्था के सम्मान की रक्षा सब एक साथ ही किस सुन्दरता से हो गयी ?

पण्डित इकबाल नारायण गुर्टू को नर-रत्न के रूपमें नर-रत्नों की मर्मज्ञा स्वर्गीय डा० एनी बेसेन्ट ने खोज निकाला था, जब उनके अलौकिक व्यक्तित्व के प्रकाश में पण्डितजी के हृदय में निहित उनका मानव-प्रेम, देश-प्रेम एवं संस्कार रूपमें अप्रगट आध्यात्मिकता एकाएक चमक उठी थी। उन्होंने अपनी चमकी हुई वकालत को ठीकरों की तरह क्षण मात्र में ठुकरा कर अपने आपको डा० एनी बेसेन्ट के चरणों में सदा के लिये समर्पित कर दिया। वे पाँचवीं अप्रैल सन् १९०८ को थिऑसॉफिकल सोसाइटी जैसी अन्तर्राष्ट्रीय संस्था के सदस्य बन गये। तबसे वे बराबर डा० एनीबेसेन्ट के नेतृत्व में उनके स्थापित सभी कार्य-क्षेत्रों में उनके दाहिने हाथ बने रहे। प्राचीन हिन्दूधर्मके मूल सिद्धान्तों पर आधारित इस देशमें सदियों से विस्मृत, शिक्षण-संसार में युगान्तर उपस्थित करने वाले जिस शिक्षण-सिद्धान्त की नींव उन्होंने सेन्ट्रल हिन्दू कालेज की स्थापना करके रक्खी थी, उस नवनिर्मित भवन के पण्डित जी जीवन भर एक अत्यन्त सुन्दर, सुदृढ़ एवं अविचल स्तम्भ बने रहे। वैसे तो डा० एनीबेसेन्ट के नाम के सहारे चलने वाली देश में अनेक शिक्षण-संस्थायें हैं, परन्तु उनके द्वारा प्रतिपादित एवं स्थापित शिक्षण पद्धति के मर्मज्ञ आज इने गिने ही रह गये हैं और उनमें पण्डित जी निर्विवाद रूप से अग्रगण्य समझे जाते हैं। डा० एनी बेसेन्ट के नेतृत्व में पण्डित जी राजनीतिक क्षेत्र में भी एक प्रमुख स्थान रखते थे किन्तु मेरी दृष्टि में पण्डित जी सर्व प्रथम एवं प्रधानतः एक सच्चे थिऑसोफिस्ट रहे हैं। उनके अन्यान्य रूप केवल लाक्षणिक ही समझे जा सकते हैं। थिऑसॉफिकल सोसाइटी का मूलाधार विश्वबन्धुत्वके रूप में भेद रहित मानव प्रेम है। परन्तु ऐसा प्रायः हर जगह और हर संस्था में हुआ करता है कि लोग संस्था के मूल सिद्धान्त को छोड़ कर उसकी शाखाओं के ही सिद्धान्त में अपने को खो देते हैं। फलस्वरूप शाखायें मोटी होती होती मूल तने से विलग हो जाती हैं और मूल तना शुष्क होकर उकठा कुकाठ ही रह जाता है। पण्डित जी थिऑसॉफिकल सोसाइटी के मूलाधार के ही अनन्य पुजारी रहे। शिक्षा-क्षेत्र की उनकी चिरस्मरणीय सेवायें सोसाइटी के मूलाधार मानव-प्रेम से उद्भूत एक निरन्तर अखिल स्रोत के ही सदृश है।

मानव-प्रेम का प्रसार, जितना विद्वत्तापूर्ण भाषणों से नहीं हो पाता, उससे कहीं अधिक सद्-शिक्षा द्वारा आने वाली पीढ़ियों को उदार मनोवृत्तियों की शिक्षा प्रदान करके सहज ही में किया जा सकता है। डा० एनीबेसेन्ट ने भी भारत में आते ही इसी मार्ग का अवलम्बन किया था।

पंडित जी की थिऑसॉफिकल सोसाइटी की सेवायें भी कुछ कम नहीं हैं। उन्होंने सात वर्षों तक भारतीय सोसाइटी के सर्वोच्च पद पर प्रधान मंत्री के रूप में उसकी सेवा की है। अन्यान्य रूप मे भी जो उन्होंने सोसाइटी की सेवा की है उन्हें विस्तार के साथ लेखवद्ध करना एक बृहद् कार्य है। हम इस समय इन्हीं कतिपय शब्दों में अपनी कृतज्ञता, श्रद्धा और प्रेम उन्हीं के एक साधारण छात्र के नाते उनके चरण-कमल में अर्पित करके सन्तोष कर लेते हैं। और ईश्वर से तथा थिऑसॉफिकल सोसाइटी के संस्थापक ऋषियों से यह करवद्ध प्रार्थना करते हैं कि उन्हें चिरायु करके भारतवर्ष तथा लोक की सेवा के लिये उत्तरोत्तर बल प्रदान करे।

निष्काम सेवक

(प्रो. मुकुट बिहारीलाल, अध्यक्ष, राजनीति विभाग, हिं० वि० बनारस।)

धर्म और उदारवाद डा० इकबाल नारायणजी गुर्टू के जीवन के मूल सिद्धांत हैं। उन्हीं की प्रेरणा और प्रभाव से पंडितजी के जीवन का विकास हुआ और उन्होंने आजीवन समाजकी सेवाकी है। वे धर्म और आध्यात्मिक शक्तिपर पूरा विश्वास रखते और नैतिक मूल्यों को धर्मका महत्वपूर्ण अंग समझते हैं। उनका निश्चित मत है कि नैतिक जीवन ही धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन हो सकता है। वह मनुष्य जिसका जीवन नैतिक नहीं, चाहे वह कितना ही विद्वान् और आध्यात्मवादी क्यों न हो, उनकी दृष्टि में छोटा है जिसकी सचाई और नेकनीयती पर उन्हें विश्वास होता है वे उससे मतभेद रखते हुए भी उसका आदर करते हैं, प्रेम भाव रखते हैं। धर्म के साथ उदारवाद गुर्टूजी की नैतिकता का आधार है। उन्होंने जहाँ धर्मसे निष्काम सेवा की शिक्षा ली, वहाँ उदार-वाद से नागरिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के पाठ पढ़े। पंडितजी का सार्वजनिक जीवन इन तीनों सिद्धान्तों को बड़ी खूबी से चरितार्थ करता है। आपने युवावस्थामें ही वकालत छोड़ आजीवन समाज-सेवा का व्रत लिया और तबसे अबतक निरन्तर उस व्रत का पालन कर रहे हैं। उनके सार्व-जनिक जीवन में स्वार्थ का नितान्त अभाव है। सार्वजनिक जीवन को निजी

व्यापार में बदलने की बात तो वे स्वप्न में भी नहीं सोचते और जो सार्वजनिक कार्यकर्ता ऐसा करता है उसे वे बड़ा ही निन्दनीय समझते हैं।

पद और प्रशंसा की लालसा के वे कट्टर विरोधी हैं। लिबरल पार्टी के सदस्य होते हुए भी उन्होंने दो चार लिबरल फेडरेशन का अध्यक्ष बनने से इन्कार कर दिया। प्रशंसा का विचार उन्हें कभी भी अपने कर्तव्य से विचलित नहीं कर सका। इस वजह से समाजकी अच्छी सेवा करते हुए भी उन्हें निरर्थक कटाक्ष का सामना करना पड़ता है। इससे उन्हें दुःख होता है। कभी कभी तीव्र वेदना और विह्वलता भी होती है। पर वे अपनी बात पर डटे ही रहते हैं। जब उन्हें कोई अधिकारी और कार्यकर्ता अपयश या झंझट के भयसे अपने कर्तव्य पालन में आनाकानी करता दिखाई देता है तब वे उनकी इस कमजोरी के लिए भर्त्सना करते हैं। उनका तो निश्चित मत है कि कर्तव्यपरायणता ही सार्वजनिक सेवा की पवित्र प्रेरणा है और आत्मतुष्टि ही सेवा का सर्वोत्तम पुरस्कार है।

पंडित गुर्टूजी अधिकार और उत्तरदायित्व के घनिष्ट सम्बन्ध पर विश्वास करते हैं। उनकी धारणा है कि सार्वजनिक अधिकार अधिकारी के उपभोग के लिए नहीं बल्कि सामाजिक कामों का संचालन करने के लिए है, जहाँ तक उसके संचालन के लिए अधिकार का प्रयोग आवश्यक हो वहाँ तक उसका प्रयोग अधिकारी का हक़ ही नहीं कर्तव्य भी है। पर इसके अलावा अधिकार का प्रयोग दुरुपयोग है, अन्याय है। जिस पद या अधिकार को वे स्वीकार करते हैं उसकी मान-मर्यादा की रक्षा वे अपना परम कर्तव्य समझते हैं। वे पदके अधिकार में जरा से अनुचित हस्तक्षेप को बर्दाश्त करने को तैयार नहीं।

पंडितजी में सार्वजनिक उत्तरदायित्व की भावना बड़ी प्रबल है। जिस कामको वे अनिच्छा पूर्वक ग्रहण करते हैं उन्हें वे उनलोगों से भी अधिक उत्तरदायित्व के साथ करते हैं जो उस प्रकार के कामको स्वेच्छा से स्वीकार करते हैं। जो सामाजिक भार उनके कंधों पर आ जाता है उसे ठीक तौर पर उठाना वे अपना परम कर्तव्य समझते हैं। कर्तव्य-पालन में तत्परता और दृढ़ता उनके सार्वजनिक जीवन की एक बड़ी भारी खूबी है। पर अकसर यह खूबी विह्वलता और कट्टरता का स्वरूप धारण कर लेती है और तब उनके साथ काम करना कठिन हो जाता है।

पंडित गुर्टूजी वैधानिक जनतन्त्र के पक्षपाती हैं। सब बात कायदे करीने से करना उन्हें पसन्द आती है। कानूनी ढंगपर अन्याय का विरोध और मानव अधिकारों और हितों की रक्षा और वृद्धि वे आवश्यक समझते हैं। पर गैर-कानूनी विरोध का वे सदा विरोध करते रहे है। हुल्लड़बाजी से उन्हें चिढ़ है। पंडितजी जनतन्त्र के समर्थक हैं और चुनावको जनतांत्रिक प्रथा का अनिवार्य अंग मानते हैं। पर चुनावों की हुल्लड़बाजी और उम्मीदवारों की गैर जिम्मेदारी के

कारण चुनाव प्रथाके व्यापक विस्तार से वे घबराते हैं। वे स्वतन्त्रता और उत्तरदायित्व के अविच्छिन्न सम्बन्ध पर जोर देते हैं और उनके विचार में उत्तरदायित्व के विकास के साथ साथ ही जनतन्त्र का विकास हितकर है। वे अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर जोर देना आवश्यक समझते हैं उनकी दृष्टि में कर्तव्य, हकों और अधिकारों से कहीं अधिक महत्वकी चीज है। उनका निश्चित मत है कि कर्तव्यपरायण नागरिक ही जनतन्त्र की रक्षा कर सकता है, जनतांत्रिक व्यवस्था को चला सकता है और जनतांत्रिक परम्पराओं को प्रतिष्ठित कर सकता है। कर्तव्य-विहीन नागरिक तो जनतन्त्रको हुल्लड़बाजी में बदल डाल सकते हैं। राजनीतिक पन्डे तो जनतन्त्र के लिए खतरा हैं। उनसे जनतन्त्रको बचाना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। जनतन्त्र सबसे उत्तम पर सबसे कठिन राज्य व्यवस्था है। उसे सुचारु रूपसे चलाने के लिए नागरिकों को स्वस्थ जनतांत्रिक शिक्षा देने की बड़ी जरूरत है। उन्हें दुःख है कि जनताकी क्षमता पर ध्यान दिये बगैर भारतमें वयस्क मताधिकार चालू कर दिया गया। उनके विचार में उचित यही होता कि श्रीमती एनी बेसेन्ट के सुझावके अनुसार गांव पंचायतों का चुनाव वयस्क मताधिकार के जरिये होता और केन्द्र तथा राज्योंकी विधान सभाओं के प्रतिनिधियों का चुनाव सीमित मताधिकार पर किया जाता। पंडित जी को इस बात का भी बड़ा क्लेश है कि जनता को जनतांत्रिक नागरिकता के सिद्धान्त समझाने के बजाय उन्हें हुल्लड़बाजी सिखाई जा रही है, जनतन्त्र पर कायम सरकारें भी स्वस्थ जनतांत्रिक परम्पराओं को प्रतिष्ठित करने के बजाय प्रशासकीय मनमानी (ऑटोक्रैसी) को प्रोत्साहित कर रही हैं और बड़े बड़े जिम्मेदार नेता भी अपने व्यवहार में जनतांत्रिक कायदे करीने की कोई परवाह नहीं करते और राजनीतिक पंडों जैसा व्यवहार करते हैं। आजके जनतंत्रवादी के लिए वयस्क मताधिकार के सम्बन्ध में उनके विचारों का समर्थन करना कठिन होगा। वह तो वयस्क मताधिकार को जनतन्त्रका क्रांतिकारी सिद्धान्त मानता है और उसे जनतंत्र का बुनियादी उसूल समझता है। पर उस जनतांत्रिक को भी पंडितजी की भारतीय जनतन्त्र की समीक्षा माननी ही होगी और उनके आक्षेपों को ध्यान में रखते हुए त्रुटियों का प्रतिकार करने की चेष्टा करनी ही होगी और जनता में जनतांत्रिक चेतना और शऊर पैदा करना ही होगा।

पंडित गुर्टूजी आजकी दशासे असन्तुष्ट हैं और सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों में सुधार जरूरी समझते हैं। उन्होंने स्वयं भी बहुत से क्षेत्रों में काम किया है। धार्मिक क्षेत्र में थियॉसॉफिकल सोसाइटी के एक सदस्यकी हैसियत से वे धार्मिक असहिष्णुता और साम्प्रदायिकता तथा संकीर्णता का विरोध करते हैं और धर्म के व्यापक तत्वों और नैतिक सिद्धान्तों पर जोर देते हैं। उन्होंने १९१६ में श्रीमती एनी बेसेन्ट के नेतृत्व में होमरूल आन्दोलन में भाग लिया और आगे

चलकर प्रान्तीय विधान सभा के सदस्य की हैसियत से ब्रिटिश साम्राज्यशाही का वैधानिक विरोध किया। कुछ दिनों पार्लिमेन्टरी सेक्रेटरी की हैसियत से मांटेग्यू चेम्सफोर्ड सुधारों के द्वारा देश को आगे बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने एक वर्ष तक बनारस म्यूनिस्पल बोर्ड के चेयरमैन की हैसियत से काशी के नागरिकों की सेवा की। उन्होंने और भी बहुत से सार्वजनिक कार्य किये। पर पंडितजी उन्नीसवीं शती के उन बुजुर्गों में से हैं जो धर्म और देशभक्ति के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा के द्वारा देश के नवयुवकों को शिक्षित करना राष्ट्र के उत्थान का सबसे अधिक आवश्यक और ठोस रचनात्मक काम समझते हैं। इसी लिए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में ही अपना सारा जीवन लगा दिया और बिना किसी पुरस्कार के आजीवन विद्यार्थियों की सेवा की। प्रयाग विश्वविद्यालय के वाइस-चान्सलर की हैसियत से जो कमाई की वह भी सबकी सब ज्युबिली ट्रस्ट को शिक्षा प्रसार के निमित्त अर्पण कर दी।

पंडित गुर्टूजी साम्प्रदायिक असहिष्णुता पर आश्रित धार्मिक राष्ट्रीयता तथा आधिपत्य-भावना पर आधारित संकीर्ण आक्रमणकारी राष्ट्रीयता को मानव-समाजके लिए घातक और आध्यात्मिक मानवता पर आश्रित उदार राष्ट्रीयता को मानव-समाज के लिए हितकर समझते हैं। उनका निश्चित मत है कि जहां भारत जैसे बड़े देश में समान धार्मिक विश्वास और व्यवहार असम्भव है, वहां सब मनुष्यों और सबधर्मों की आध्यात्मिक एकता पर अटल विश्वास हो जाने पर भिन्न भिन्न धर्मों और सम्प्रदायों के हिन्दुस्तानी अपने में राष्ट्रीय एकता कायम कर सकते हैं। उनके विचार में मनुष्यों की तरह राष्ट्र भी आध्यात्मिक शक्ति का अंश है और प्रत्येक राष्ट्र को अपने जीवन के विकास और भविष्य के निर्माण में स्वतन्त्र होना चाहिए ताकि वह मानव-समाज के विकास में भाग ले सके। पंडित जी को भारत की आध्यात्मिक संस्कृति के प्रति विशेष अनुराग है और वे योरप के सांस्कृतिक आधिपत्यको सहन करने को तैयार नहीं। पर वे भिन्न भिन्न राष्ट्रों के सांस्कृतिक सहयोगके पक्षमें हैं तथा योरप और एशिया की संस्कृतियों के समन्वय का समर्थन करते हैं। वे चाहते हैं कि योरप भारत की आध्यात्मिक संस्कृति के मर्म को समझे और भारत योरप के विज्ञान और सामाजिक आदर्शों का अध्ययन करे। पूर्व और पश्चिम के बीचमें सांस्कृतिक सम्बन्धों की वृद्धि वे विश्व-विद्यालयों के विद्यार्थियों का एक कर्तव्य समझते हैं।

पंडित गुर्टूजी को भारत की आध्यात्मिकता पर गर्व है और वे उसे सुरक्षित रखना चाहते हैं पर वे भावी उन्नति में बाधक परम्परावाद को अपनाने के पक्ष में नहीं हैं। उनके विचार में सामाजिक ढाँचे की कड़ाई ने भारतीय जनता को "मुर्दा" बना डाला है, "सामाजिक जीवन और विचार-क्षेत्र दोनों में मनुष्य की स्वतन्त्रता को बुरी तरह खतरे में डाल दिया है", "शब्द प्रमाण और परम्परा

पर पूर्ण आश्रय की मनोवृत्ति पैदा कर दी है।" जनता "स्वाभिमान और आत्मविश्वास खो बैठी है।" उनका निश्चित मत है कि "सामाजिक दासता और बौद्धिक जड़ता की दुखद परिस्थितियों ने हमारे राष्ट्रीय जीवन का पतन किया है और राष्ट्रके जीवन-तत्वों को खा डाला है।" सामाजिक अन्याय और जड़ता के कारण हमें परतन्त्रता और अपमान का जीवन व्यतीत करना पड़ा है और इनसे छुटकारा पाकर ही हम अपने राष्ट्रको ऊंचा उठा सकते हैं। इसलिये "हमें अपनी सामाजिक कुरीतियों से मुक्त होना होगा, रीतिरिवाज और अंध विश्वास (superstition) के मुर्दा बोझ को फेंकना होगा और यह जानना होगा कि परिवर्तन और गति जीवन और विकास का नियम है। सामाजिक न्याय और स्वतन्त्रता के दावों के प्रति प्रबल भावना (sensitiveness) ही नये प्रयत्नों के लिये आवश्यक रचनात्मक शक्ति पैदा कर सकती है।"

पंडित गुट्टूजी के सामाजिक विकास के सिद्धान्तों पर उदारवाद और आध्यात्मिक मानवता की छाप है। उन्नीसवीं सदी के अंग्रेज उदारवादियों की तरह वे भी सुधारों को उपयोगितावाद की कसौटी पर रखते हैं और क्रान्तिकारी ढंगके बजाय वैधानिक ढंगपर सामाजिक, राजनीतिक आर्थिक ढाँचे में आवश्यक परिवर्तन करना चाहते हैं। वे धीरे धीरे क्रमिक विकास की अनिवार्यता पर विश्वास रखते हैं, क्रान्तिकी बातसे घबड़ाते हैं और अवैधानिक आन्दोलन का विरोध करते हैं। उन्नीसवीं सदी के अंग्रेज उदारवादियों के विचार ही, उनके राजनीतिक और आर्थिक विचारों के मूलाधार हैं। पर उनका उदारवाद आध्यात्मिक मानवता से प्रभावित है। इसी लिये स्वार्थ के बजाय जनकल्याण उनके जीवन का मूलमन्त्र है। उनका निश्चित मत है कि "यदि हम गन्दे स्वार्थ के घोर अन्धकार में काम करें तो मानव सम्बन्ध आनन्द देने वाले नहीं हो सकते।" निजी स्वार्थ के मुक्त व्यापार से जनकल्याण की सम्भावना पर इस तरह उन्हें विश्वास नहीं है। जनकल्याण के निमित्त आर्थिक व्यवस्था के नियन्त्रण की आवश्यकता वे अनुभव करते हैं और इस तरह उनके उदारवाद ने किसी हदतक सामाजिक उदारवाद का रूप धारण करलिया है पर वे निजी सम्पत्ति की व्यवस्था की उपयोगिता पर विश्वास रखते हैं और उसके उन्मूलन के विरुद्ध हैं। वे वर्ग-संघर्ष के सिद्धान्त के भी कट्टर विरोधी हैं। आर्थिक नियन्त्रणकी आवश्यकता मानते हुए भी वे आर्थिक नियन्त्रण को काफ़ी शककी निगाह से देखते हैं। और जिस गति से कांग्रेसी सरकारें आर्थिक क़ानून बना रही हैं उसे वे भयावह एवं हानिकर समझते हैं। उनपर बातचीत करते करते वे अकसर रुष्ट हो जाते हैं। ऐसा लगता है मानों वे तेजी की तेज आलोचना को छोडकर सब प्रकार की तेजी को गलत समझते हैं।

पंडित जी के ये सिद्धान्त उन विद्वानों को मान्य होंगे जो अध्यात्मवादी

मानवता, धीरे-धीरे वैधन क्रमिक विकास और निजी सम्पत्ति पर आश्रित आर्थिक व्यवस्था पर विश्वास करते हैं। पर बहुत से समाज विज्ञान के विद्वानों को उनके सिद्धान्त मान्य नहीं होंगे। इन विद्वानों के विचार में वर्ग-संघर्ष एक ऐसी वास्तविकता है जिसे भुलाया नहीं जा सकता, क्रान्ति विकास का आवश्यक अंग है और शक्तियों के संगठित संघर्ष के द्वारा ही आधिपत्य और शोषण का अन्त कर शोषण-विहीन स्वतन्त्र मानवीय समाज बनाया जा सकता है। भारत में भी बहुत से अनुभवी विचारकों का निश्चित मत है कि देश के आर्थिक निर्माण के लिये मौजूदा आर्थिक व्यवस्था में बुनियादी तब्दीली की ज़रूरत है और कांग्रेस की ढुलमुल नीति और मन्द गति से देश की आर्थिक दशा सुधारी नहीं जा सकती।

पंडित गुर्टू जी के वैयक्तिक सामाजिक, आध्यात्मिक और धार्मिक विचारों और विश्वासों से मतभेद हो सकता है। नैतिकता को धार्मिकता के बजाय सामाजिकता के स्वाभाविक आधार पर प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता समझी जा सकती है। पर नैतिकता, कर्तव्यपरायणता और नागरिक शिक्षा पर उनका आग्रह तो सभी को मानना होगा। उनके वर्णन से सामाजिक विचारों को भी मान्यता देनी ही होगी। निष्काम सेवाभाव, सामाजिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व के बल पर ही जनतांत्रिक समाज का निर्माण किया जा सकता है और सामाजिक व्यक्तित्व का विकास हो सकता है। पंडित गुर्टू जी के शब्दों में हमें द्वेष और कलह के बजाय मानवता और सौहार्द्र की भावना से प्रेरित सब सुखी राष्ट्र में अपने को बदलना है, जीवन के निम्नस्तर और भयंकर गरीबी को दूर करना और जनता के स्वास्थ्य और ज्ञान के स्तर को उठाना है। इस पवित्र काम को पूरा तभी किया जा सकता है जब हम अपने में समाज-हितैषी गुणों का विकास करें और सबल सुन्दर वैयक्तिक चरित्र को बनायें। पंडित जी ने यह भी ठीक कहा है कि "सामाजिक न्याय और स्वतन्त्रता के दावों के प्रति प्रबल भावना (sensitiveness) ही नये प्रयत्नों के लिए रचना शक्ति पैदा कर सकती है और संयमी उत्साह ही सफलता की ओर ले जाने वाली गतिशील शक्ति है।" यह भी कहा जा सकता है कि सामाजिक न्याय और स्वतन्त्रता पर अटल विश्वास और अचल श्रद्धा ही हमारे वैयक्तिक और सामाजिक जीवन के नैतिक स्तर को ऊँचा बनाये रख सकती है और उनके आधार पर ही सच्चा मानवीय जीवन और मानवीय संसार का निर्माण किया जा सकता है। हमारी शक्तियाँ हमारे अधिकारों के बजाय हमारे कर्तव्यों का मापदण्ड हैं। समाज और जीवन को ऊँचा उठाने के लिए इसका ज्ञान और व्यवहार नितान्त आवश्यक है। डा० इकबाल नारायण जी गुर्टू का धवल चरित्र और सार्वजनिक जीवन हमें इसका पाठ पढ़ाता है।

गुर्टू-अभिनंदनम्

(प्रेषित)

यज्जातानन्तजन्तुप्रकरकरुणाया जन्म संम्प्राप्य लीला,—
खेलैर्मत्स्यादिरूपैरवति जगदिदं धाम नारायणाख्यम् ।
तं पाथस्यप्रमेये प्रलय-जलनिधेः शायिनन्त्वेक वालम् ,
कः स्तोतुं वेदवेद्यं प्रभवति पुरुषो मादृशो ह्यल्पमेधाः ॥ १ ॥

विद्यावित्त-बहुश्रुते श्रुतिशतोद्भूत-क्रियाकर्मठे
काश्मीराभिजने जनेषु विदिते वंशेऽवतंसेऽशठे ।
कम्रे कर्णपुरे पुरा द्विजगृहे यस्याद्भुतः संभव—
स्तं स्वादृष्ट विंशेष संश्रित गुणं कःस्तोतुमीशः पुमान् ॥ २ ॥

यत्प्राक् संभृत संस्तुतातुलधिया पाश्चात्यविद्याविधाः
वाकीलत्वकला कुलाखिलनय न्यायागमे हेतुकाः ।
आयासेन समाप्य दीनजनताऽशेषापदो धूनयन् ,
लोके मानमवाप मानमहतामग्रेसरैर्वाञ्छितम् ॥ ३ ॥

योऽप्युच्चैरपि शासकाग्रपदवीं पितृक्रमादाप्तये,
संभाव्यां भवनादपोह्य जनतातापापनोदादृतः ।
वाकीलाग्रवरो विरोधिवचसां मूकी क्रियासूद्भटः,
मानं धर्ममवाप सम्पदमपि प्रत्यर्थिप्रत्नेतराम् ॥ ४ ॥

यस्मिन् पूर्ण कलानिधौ विकिरति प्राकाम्यतो गोगणं,
सर्वाण्येव विनेय संघ सुमनांस्यासादयन्ते मुदम् ।
का तत्र द्विजराजराजमुकुटे राजोपमा संगता,
स्वान्तं क्लान्तमतोऽस्य साम्यकलना न क्वापि संदृश्यते ॥ ५ ॥

यो भास्वानिव सद्गुणाद्भुतकरः कर्षन् धनान्युच्चकै
र्लोकेभ्यः प्रददौ सहस्रगुणितं लोकोपकाराकुलः ।
तं तिग्मद्युति तेजसं धनजनप्राणक्रियाकोविदं,
दुर्धर्षं नमत प्रकाममवनावुद्यन्तमेतं रविम् ॥ ६ ॥

प्रयागे कलाभागसर्मोलिः पुरे यः,
ययौ विश्वविद्यालये कौलपत्यम् ।
सदानिष्ठनाऽस्येककार्यानुकारः,
पुरो नः स इकबालनारायणाख्यः ॥ ७ ॥

योऽधुनाऽपि सम्हे यस्यप्रणाशो,
नयत्येव शिष्टां शिशून् मंगलात्मा ।
स जीयाच्चिरं विश्वसंस्थापनेन,
मनोऽस्तुःपदेयस्य पूर्णं प्रसादान् ॥ ८ ॥

इति प्रार्थयन् लक्ष्मणाख्यः सहायो
भवानीपतिं सर्वदाभावगम्यम् ।
चिरायाय भक्ते प्रियं वाक्-प्रसूनं,
किमाशंसताऽस्मारतं प्राप्तकामे ॥ ९ ॥

श्री इक्बाल नारायण गुर्टू जी

[श्री उमाशंकर लाल श्रीवास्तव, अध्यापक, पब्लिक इण्टर कालेज, फेराकत]

श्रीमती डा. एनी बेसेण्ट एक आयरिश महिला थीं किन्तु उनका कार्य-क्षेत्र भारतवर्ष था। वे भारतीय संस्कृति की पोषक थीं। भारतीय-हित उनका हित था, वे अपने को इस देश पर वार चुकी थीं। देश-सेवा ही उनके जीवन का लक्ष्य था। वे इस देश की सेवा कर निहाल थीं। उन्हें अपने विचारों के अनुरूप ही सुयोग्य व्यक्ति मिले जिन्होंने डा. एनी बेसेण्ट के विचारों पर मनन कर उसे कार्यान्वित करने का दृढ़ संकल्प किया। श्री इक्बाल नारायण गुर्टू जी भी उन्हीं कृतसंकल्प व्यक्तियों में से एक हैं। व्यक्ति विशेष की गुरुता का माप उसकी वाणी तथा कार्य की एकरूपता द्वारा होता है। संवत् १५०० में संत कबीर ने 'कथनी' तथा 'करनी' का माप दण्ड स्थापित करते हुए कहा था 'कथनी से करनी प्रबल, जासों हो भव पार।' हिन्दी-कुल-कमल-दिवाकर तुलसी ने भी 'कर्म प्रधान विश्व करि राखा' की उक्ति प्रगट की थी। हमारे राष्ट्रपिता बापू ने कार्य-वाणी के

सामंजस्य की अमोघ शक्ति द्वारा मानव के जन्मसिद्ध अधिकार स्वतंत्रता की प्राप्ति सहज ही में की।

इन्हीं संतों, महात्माओं की स्निग्ध सुमधुर वाणी को पूज्य गुर्टू जी ने अपने जीवन में चरितार्थ किया। मानव जीवनोदधि का सर्वोत्तम रत्न उसकी सरल स्वाभाविक मानवता ही है। मानवता का अर्थ है—प्रत्येक व्यक्ति को सुख शान्ति का अधिकारी मानना तथा उसे इनके प्राप्त करवाने के निमित्त आजीवन अनवरत प्रयत्न करना। श्री इकबाल नारायण जी का जीवन इस उक्ति का जागरूक प्रतिरूप है। आज जब कि भारतीय दरिद्रता-द्रोह, कटुता-कुटिलता, का बाना धारण किये समाज के प्रति अमानवता, अमानुषिकता का घृणित स्वरूप धारण किये हुए हैं, उस समय श्री इकावल नारायण गुर्टू पूर्णेन्दु बने मूर्छित, कान्तिहीन देश वासियों पर मानवता की पीयूष वर्षा कर रहे हैं। ऐसे मनीषियों, संस्कृति-पोषकों, अमृत-पुत्रों के देदीप्यमान चरित्र को देख, प्रत्येक सहृदय का मस्तक श्रद्धा से नत होता है, तथा हृदय परमानन्द में विभोर हो, झूम उठता है। आपने शिक्षण का कार्य सेण्ट्रल हिन्दू स्कूल काशी से प्रारम्भ किया। सेण्ट्रल हिन्दू कॉलेज, काशी हिंदू विश्वविद्यालय हो गया। पूज्य पंढरीनाथ काशीनाथ तैलंग ने, जो थियॉसॉफिकल कालेजियट स्कूल के प्रथम प्रधानाध्यापक थे, जब हिंदू विश्वविद्यालय में इतिहास के अध्यक्षपद को स्वीकार किया तब सन् १९१६ में पं० इकबाल नारायण गुर्टू ने उपर्युत विद्यालय का कार्य-भार (प्रधानाध्यापक पद) स्वीकार किया। श्रीगुर्टू जी थियॉसॉफिकल कालेजियट स्कूल के द्वितीय प्रधानाध्यापक हुए। परिश्रम, अनुशासन तथा प्रेम द्वारा आप अध्यापक तथा विद्यार्थियों की श्रद्धा तथा आदर के पात्र हुए। अवैतनिक प्रधानाध्यापक पद पर रह कर आपने शिक्षा का मुक्तहस्त दान इस विद्यालय द्वारा करना प्रारम्भ किया। अवैतनिक पद के साथ उन्होंने स्कूल को अपना लिया, वे उसे अमर बनाने के निमित्त धन संचय करने लगे। अपने निजी धन से भी स्कूल की सेवा करने में उन्होंने कुछ उठा नहीं रक्खा। इतने परिश्रम, सेवा, त्याग के होते हुए भी १९१८ में अम्मा (डा० एनी बेसेण्ट) ने धनाभाव के कारण स्कूल बन्द करने का निश्चय कर लिया था; किन्तु शिक्षा-सेवा की दीक्षा लेने वाले, पण्डित इकबाल नारायण गुर्टू ने अथक परिश्रम तथा अटूट सेवा-संजीवनी द्वारा विद्यायल को सशक्त तथा सबल बनाया। विद्यालय की अधिकाधिक सेवा करने का अवसर प्राप्त करने के हेतु प्रधानाध्यापक पद श्री दामोदर प्रसाद जी के सुयोग्य करों में दे, पंडित गुर्टूजी प्राण-पण से विद्यालय की आर्थिक सहायता करने में जुट गये। गुर्टूजी स्कूल को कॉलेज बनाना चाहते थे, अतएव उन्होंने इसके लिए अनवरत प्रयत्न करना प्रारम्भ किया। सन् १९३२ में आपने प्रयाग विश्वविद्यालय के कुलपति पद को सुशोभित किया। छः वर्ष तक आप उसकी सेवा

करते रहे किन्तु इन दिनों भी इन्हें अपने प्रिय स्कूल की स्मृति बनी रही, और वे उसकी आर्थिक सहायता करते रहे। गोस्वामी तुलसीदास जी की उक्ति 'जाकर जापर सत्य सनेहू। सो तेहि मिलै न कछु सन्देहू' पण्डित गुर्टूजी पर अक्षरशः चरितार्थ हुई। उनका स्वप्न सत्य हुआ और स्कूल, इण्टरमिडिएट कॉलिज में परिणत हो गया। आज उनकी हार्दिक इच्छा है कि इस विद्यालय-उद्यान के बाल-कुसुम सुरभित और सुरक्षित हों, गन्धवाही वायु उनकी कीर्तिसुरभि सारे संसार में फैला दे, लोग कह उठें कि ये स्नातक सेण्ट्रल कॉलिज काशी के हैं। आज भी वयोवृद्ध, तपोवृद्ध श्री इकबाल नारायण गुर्टू जी स्कूल की सुख शांति का शुभ संकल्प ले, सेवा, त्याग, तप का अनुष्ठान लिए बैठे हैं; आज भी बालकों के प्रति स्नेह, युवकों के प्रति प्रोत्साहन तथा वृद्धों के प्रति समयोपयोगी सूझ उनकी वाणी द्वारा प्रगट हो रही है। भारतीय आदर्शों के ज्ञाता! मनीषि!! भगवान तुम्हें चिरंजीवी बनावे, भारतीय युवक तुम्हें आदर्श मानें, आकाश कुसुम तुम्हारे ऊपर न्योछावर हैं, तुम इस विराट के विराट-स्वरूप सेवा और सुख-शांति के सम्पन्नार्थ इस धरा धाम पर अवतरित हुए हो, तुम चिरंजीवि हो, हम तुम्हारी ७५ वीं वर्ष-गाँठ के उपलक्ष में श्रद्धा के सुमन सादर समर्पित करते हैं, उन्हें सहर्ष स्वीकार करो।

गुर्टू जी एक चित्र

(श्री शंकर दयालसिंह छात्र, सेंट्रल कालेज, काशी)

न तो मोटा न पतला, सुघर शरीर, नाटा कद, पके बाल, छँटी मूँछ और गौर-वर्ण! यही हैं हमारे डा० इकबाल नारायण गुर्टू जी।

शरीर पर एक विचित्र आभा—जो देखने वालों को प्रभावित करती है, बातों में अनोखा माधुर्य जो सुनने वालों को मोह लेती है और छोटा हो या बड़ा अमीर हो या गरीब और मूर्ख हो या विद्वान सब से खुलकर मिलना, यही है इनका गुण।

छोटे से शरीर में ज्ञान की नीरधि भरी हुई है और नीरधि है ऐसी जो कभी खाली होती ही नहीं, सदा भरती ही जाती है।

सेवा इनके जीवन का ध्येय रहा है, त्याग मूलमंत्र और सादगी उद्देश्य। सेवा की वायु में ही इनके काले बाल सफेद हुए हैं, त्याग की लहर में ही शरीर पर झुर्रियाँ पड़ गई हैं और सादगी का नमूना केवल एक धोती और कुरते से ही ज्ञात हो जाता है। न आडम्बर, न अभिमान और न घमंड।

आप पाइयेगा इनमें एक साथ बच्चों वाली चंचलता, बूढ़ों वाली गंभीरता और युवकों वाली मस्ती। इस उम्र में भी तनी छाती नवयुवकों के लिए एक चुनौती है, रोबदार चेहरा बच्चों के लिए एक प्रेरणा और कामयाब शरीर बूढ़ों के लिए एक अभिमान।

अपरिचित देखता है तो देखता ही रह जाता है और परिचित देखता है तो श्रद्धा से सर नवा लेता है।

आज भी इस चढ़ी उम्र में जब तक नित्य दो-तीन मील का सुबह-शाम चक्कर नहीं लगाते कल नहीं पड़ती है। शिक्षा के क्षेत्र में हो या श्रम के क्षेत्र में दोनों ओर बिरले ही इनसे हाथ मिलाने की क्षमता रखते हैं। विद्यार्थियों से यत्र-तत्र बातें करना और उन्हें शिक्षा देना तथा अपने हाथ से फूल-पौदों की सेवा करना दोनों में ये पटु हैं। पाटल का रंग और पाटल का सुगन्ध दोनों इनमें मौजूद है।

ये मानव नहीं—मानव से परे हैं। इन्होंने जिस ज्ञान-गंगा को प्रवाहित किया उसके तीर पर कितने नगरों की रचना हो गई जिसकी चमक आज भी आंखों को चमका देती है। घोर अन्धकार में भी इन्होंने प्रकाश की लौ जलाई है।

भारत-माँ ऐसे-ऐसे बरद पुत्रों को पाकर अपने को धन्य समझती है और हमारी संस्कृति ऐसे-ऐसे तेज-पुंज से ही प्रकाशवान है। इनमें उषा की लाली है, जो जगत के लिए प्रकाश भी है और सन्देश भी, ज्योति भी है और जीवन भी।

ऐसे ज्योति पुंज को नमस्कार है, एक बार नहीं, सौ बार !
ऐसे बरद पुत्र को प्रणाम है, एक बार नहीं, सहस्त्र बार !!
और ऐसे महामानव का अभिनन्दन है, एक बार नहीं, कोटि बार !!!

"माता-बसन्त-वाटिका के माली के प्रति"

(*श्री मैथिली वल्लभ, कक्षा ११, बेसेंट कालेज, काशी*)

संसार में कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जिनके एक इशारे पर विश्व सर्वस्व-समर्पण को उद्यत हो जाता है। वे पुरुष जो समाज में कुछ नवीनता लाते हैं वीर कहलाते हैं। वीर पुरुषों की कर्मठता ही दूसरे लोगों के लिये प्रेरणा बनती है।

वीर पुरुषों की माला के एक फूल श्रद्धेय पं० इकबाल नारायण गुर्टू जी हैं। कर्तव्य शिक्षा-रूपी मकरन्द से सनी हुई समीरण के प्रत्येक गुन-गुन में सुन पड़ता है आज उनका यश-गान !

श्रद्धेय !

आज का प्रातः जाने किस अतीत की याद दिला रहा है। वह अतीत जिसमें तुम्हारा एक एक क्षण निर्माण में केन्द्रित था ! जिसके पहल-पहल में तुम्हारे जीवन की पहचान, हाँ बस एक पहचान—'शिक्षा का विकास' अन्तर्हित है। आज उस अतीत की मौन-भाषा हृदय की नाड़ी में सुन्दरता और नवचेतना पिरो देती है। जिस अतीत की भाषा में इतनी शक्ति है कि वर्तमान को जागरूक बना दे; तो जाने उस वर्तमान में कितनी शक्ति रही होगी जिसने इस अतीत का निर्माण किया।

पुजारी !

सरस्वती माँ के अनन्य उपासकों में तुम्हारा एक भिन्न स्थान है। माता की पूजा में एकाग्र हो कर ही तुमने गौरव प्राप्त किया। वस्तुतः तेज या प्रताप का कारण शुष्क वीरता नहीं, सरस्वती प्रदत्त बुद्धिमत्ता है। निरीह विद्यार्थियों को सक्षम बनाने के लिये, शिक्षा के सर्वाङ्गीण संविधान के लिये, तुमने अपना समस्त जीवन लगा दिया। तुम्हारा मन-तन-धन समर्पित हो माँ की सेवा में अभिभूत है। माता सरस्वती की अर्चना के साथ-साथ माता वसन्त की लगाई हुई विद्या-वाटिका को चिर-हरित बनाये रखने के लिये तुमने अपना सर्वस्व श्रम न्योछावर कर दिया। श्रम के कण-कण बूँदों से तुमने इस फुलवारी को सींचा है।

दानवीर !

तुम्हारे इस महान दान के दर्पण में तुम्हारा वह दानी हृदय झलक रहा है जिसमें सुन्दरता, उदारता, एवं कोमलता छलक पड़ना चाहती है। दान आँखों में दिखाई देता है किन्तु उदारता हृदय के भीतर छिपी रहती है जो दान को मूर्त रूप प्रदान करती है।

माता वसन्त के लगाये हुये बाग को—माली ! तुमने अपने तन के एक एक पर्व को, मन की सम्पूर्ण शक्ति से, और धन की अनन्त राशि से सींचा और तुम्हारे जीवन का अन्तिम क्षण भी इस बगीचे की सेवा में ही बीतेगा।

तपस्वी !

शिक्षा की अभिवृद्धि के लिये तुमने कठिन तपस्या की और वह आज वरदान का रूप भी पाने को प्रस्तुत है।

जीवन-पथ के वीर पथिक !

तुम्हारे हृदय में अटूट साहस है, हाथों में दान की अगाध शक्ति है, विनय तुम्हारा अमोघ अस्त्र है ! शिक्षा ही प्रशस्त पुण्य पंथ है, और पथिक ! कर्मठता ही तुम्हारी गति है।

आज वायु मुखरित है श्रद्धेय ! तुम महान हो, पुजारी ! तुम्हारी पूजा निष्काम है, दानी ! तुम उदार हो और जीवन पथ के वीर सेनानी तुम धन्य हो।

माली !

माता-वसन्त के उपवन को आज तुम अपने पचहत्तरवें बसन्त से सजा रहे हो। देखो ! आज वह किस प्रकार लहलहा रहा है। सुमन तुम्हें इच्छा भरी निगाह से देख रहा है। अर्ध मीलित पुष्प वृन्त-वृन्त पर किलक रहे हैं। निमीलित पुष्पों की यह स्यात् अर्चना है कि तुम उन्हें सतत सींचते रहो। और तुम ! आधे जीवन के पार खड़े हो कर उन्हें अपनी प्रशान्त गम्भीरता की वाचाल भाषा में कह रहे हो—'एवमस्तु'

प्रातःस्मरणीय !

तुम्हारी सुखद, स्निग्ध एवं सस्मित छाँव में हमारा विकास हो, कर्मठ ! तुम हमें अपनी कर्मठता प्रदान करो जिससे 'हम' एक अकिंचन् भी माता बसन्त की क्यारी को निरीह श्रम-कण दे सकें। प्रातः की प्रथम रश्मि के समान तुम्हारी गम्भीर कान्ति आज भी उसी रूप में विद्यमान है ! ओ काश्मीर के समीरण ! तुम चिर सुखदाई हो !

चिरस्मरणीय ! तुम्हें बसन्त-विद्या-वाटिका की कली कली का, प्रसून-प्रसून का कोटि कोटि नमन !!!

चिकित्सक डा० श्री इकबाल नारायण गुर्टू

(श्री अंबिकाप्रसाद कक्कड़, राजघाट स्कूल, काशी)

श्रद्धेय पंडित इकबाल नारायण गुर्टू जी के जीवन के उस क्षेत्र की ओर आज मैं ध्यान दिलाना चाहता हूँ जो जन साधारण की दृष्टि से प्रायः गोप्य सा है। हम में से बहुतों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि पंडित जी होमियोपैथी चिकित्सा के एक परम कुशल चिकित्सक हैं। उनके हाथों में यश है। सैकड़ों नर नारी उनकी दवा से लाभ उठाकर उनका यश गाते हैं। पंडित जी यों तो रात में या दिन में जब कोई भी पहुंचे जरूरी दवा हर समय दे देते हैं, परन्तु नियम पूर्वक नित्य प्रातःकाल ७ बजे से ९ बजे तक अमीर गरीब सबको मुफ्त दवा देते हैं।

पंडित जी हैज़ा ऐसे संक्रामक और भयानक रोग के भी सफल चिकित्सक हैं। इस रोग से आक्रान्त कई प्राणियों के प्राण आपने बचाये हैं। अभी गत जून

के माह में जब पूरा शहर इस भयंकर रोग से घबड़ाया हुआ था और जिसके उपचार के लिये अधिकारी गण तक चकित थे, हमारे यहां भी एक माली को इस रोग ने धर दबोचा। मैं उस समय घबड़ाया तो बहुत परन्तु पंडितजी का सहारा और उनपर अपना विश्वास था। उन्होंने उसकी चिकित्सा की, वह माली स्वयं निराश होकर अपने घर जाना चाहता था परन्तु मैंने रोक रक्खा। ईश्वर की कृपा से वह बिल्कुल चंगा हो गया। अपने विद्यालय के बालक, बालिकायें, अध्यापक, अध्यापिकायें और नौकर चाकर ही नहीं, नरायनपुराना और कोठ्या गांव तक के अनेक व्यक्ति आ आकर नित्य पंडितजी से मुफ्त दवा ले जाते हैं।

पंडितजी जिस किसी को दवा देते हैं उसकी पूरी पूरी खबर रखते हैं। अभी मई महीने में जब मैं भयंकर मलेरिया ज्वर से पीड़ित था पंडितजी नित्य स्वयं आकर मुझे देख जाते थे। आप हमारे कुटुम्बियों के लिये धन्वन्तरि ही हैं। कोई बच्चा बीमार हुआ, कि झट वह आपके पास अपनी मां के साथ पहुंच जाता है। मेरा छोटा बच्चा तो आप और पूजनीया माता जी का इतना प्रेम-भाव देखकर हिल गया है कि मामूली सी चोट लग जाने पर बाबा बाबा कहकर पंडितजी के पास ले चलने के लिये संकेत करता है और वहां पर पहुंचते ही प्रसन्न हो जाता है।

पंडितजी अपनी चमकती हुई वकालत छोड़कर अपने भविष्य के सारे सपनों को तिलांजलि देकर चले आये। आपका सारा जीवन ही दूसरों की सेवा में व्यतीत हो रहा है। वकील, अध्यापक, प्रधानाचार्य, जेनरल सेक्रेटरी थियोसोफिकल सोसायटी, विश्वविद्यालयों के कुलपति इत्यादि अनेक पदों पर रहकर जिस तल्लीनता, कार्यदक्षता और संलग्नता से पंडितजी ने काम किया है वह श्लाघनीय है। सभी व्यक्ति आपकी कार्यपटुता की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हैं। आज कल पंडितजी Foundation for New Education (ऋषी वैली ट्रस्ट) के सभापति हैं जिसकी सेवा आप तन, मन, धन से बराबर करते आ रहे हैं।

आज इस देवर्षि की ७६ वीं जन्म-तिथि के दिन सर्वशक्तिमान परमात्मा से करबद्ध प्रार्थी हूँ कि हे प्रभो! ऐसे जन्मजात परोपकारी, सहृदय महामानव को शतायु कीजिये जिससे आपकी बनाई सृष्टि का अधिकाधिक कल्याण हो।

शिक्षा का पुनः संस्कार कैसे हो ?

(श्री पं० सीताराम चतुर्वेदी, भूतपूर्व आचार्य, सतीशचन्द्र कालेज, बलिया)

सन् १८५४ में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के डाइरेक्टरों के आदेशसे सर चार्ल्स वुड ने जो शिक्षा का नया नियमविधान (वुड्स डिस्पैच) बनाकर भेजा उसके अनुसार प्रारंभिक तथा माध्यमिक शिक्षाकी व्यवस्था के साथ तीन विश्वविद्यालयों की, अध्यापकों की शिक्षाके लिये शिक्षण संस्थाओं की, लोकसंचालित संस्थाओं को आर्थिक सहायता देने की, संस्कृत-अरबी के देशी विद्यालयों को मान्य करने की, तथा योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति देने की व्यवस्था की गई और अंग्रेजी शिक्षा अपने पूरे रूप के साथ जमकर बैठ गई। किन्तु इस शिक्षा प्रणालीसे पढ़े हुए जितने युवक निकलते रहे, वे उनकी व्यापक प्रवृत्ति यही होती थी कि वे भारतीय और भारतीयता से अत्यन्त दूर और असंतुष्ट दिखाई पड़ते थे। अपने देशके सब आचार व्यवहार उन्हें अशोभन लगते थे, अपने प्राचीन साहित्यमें उन्हें कोई काम की वस्तु नहीं दिखाई पड़ती थी और यह कुप्रवृत्ति यहाँतक बढ़ी कि इन अंग्रेजी पढ़े लिखे अंगरेज-प्रिय युवकों ने भारतीय शील और परिवार-मर्यादा भी तोड़नी प्रारम्भ कर दी। भारतीयता के प्रति बढ़ती हुई इन अराजकताने समाजके कान खड़े कर दिये, अनेक महापुरुषोंने इसके विरुद्ध विद्रोह का झंडा खड़ा करके गुरुकुलों की स्थापनाका प्रचार किया और यह प्रयास कुछ अंशों में सफल भी हुआ। इस प्रकार के जितने प्रयास हुए उनमें सबसे अधिक महत्वका प्रयास था महामना पं० मदन मोहन मालवीय का, जिन्होंने देश भरसे धन संग्रह करके काशी में हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना करते हुए यह आदर्श रक्खा कि यहां विद्यार्थी तो संसार भर की पढ़ाई सीखें किन्तु आचार-व्यवहार शुद्ध भारतीय रहें।

भारत के इन आन्दोलनों के साथ साथ योरप में भी उस मध्यकालीन अमानवीय शिक्षाप्रणाली के विरुद्ध आन्दोलन चल रहा था जिसमें छोटे छोटे बालक क्रूर अध्यापकों के शासन में पहुंचा दिए जाते थे, छोटे छोटे अपराधों पर बालकों की कोमल पीठपर बेंत सपसपाने लगती थी, उनका भोजन बन्द कर दिया जाता था, उन्हें काल कोठरी में बन्द कर दिया जाता था, उन्हें मुर्गा या मेढक बनाकर दिन दिनभर खड़ा रख दिया जाता था, सबसे उनकी बोल चाल बन्द कर दी जाती थी, बलपूर्वक लातिन के शब्दों और धातुओं के रूप घुटवाये जाते थे और न घोटने पर बेंत प्रहार होने लगता था, अध्यापक जो कुछ बता दे वही सीखना पड़ता था और जो भी कह दे वह मानना पड़ता था, छात्रों को न काम करने की स्वतंत्रता थी न बोलने की, न सोचने की न कुछ बनाने की। यह एक यंत्र मात्र था

जिसे विद्यालय के निश्चित घंटों के अनुसार चल फिर कर सार्थक निरर्थक सूचनाओं का भंडार बलपूर्वक अपने मस्तिष्क में तहाकर जुटाना पड़ता था।

योरप के स्वतंत्र विचारशील शिक्षाशास्त्रियों ने शिक्षकों की इस निर्दय कठोरताका विद्रोह प्रारम्भ किया और समष्टि रूपसे उन्होंने यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया कि "बालक की कुल-परम्परा और उसके विकास-क्षेत्रका समुचित अध्ययन करके उसकी रुचिके अनुसार उसके पूर्वार्जित ज्ञान से संबंध करते हुये ऐसे रोचक विधानों के द्वारा उसे नया ज्ञान दिया जाय कि बालक रुचिपूर्वक क्रियाशीलताके साथ अपने व्यक्तित्व का विकास करते हुए अपने को शिक्षित करता चले।"

यह पूरा सिद्धान्त जिस क्रम से विकसित होकर इस रूप तक पहुंचा है उसमें अनेक शिक्षाशास्त्रियों की साधना का हाथ है और इन सबके विभिन्न प्रयोगों ने विश्व-शिक्षाविधान को इस प्रकार प्रभावित किया है कि भारतीय शिक्षा की नई योजनाएं भी उसके प्रभाव से बच नहीं सकतीं। हम भी शिक्षा की जो नई योजना बनावें उसमें भी इन प्रयोगों का कम महत्व नहीं रह सकता।

शिक्षा के इन सब प्रयोगों का इतिहास और विवरण देनेसे पूर्व शिक्षा के कुछ मूल तत्वों का विवेचन कर लेना भी आवश्यक है। मूल विवेचन करते समय कई प्रश्न सहसा उठ खड़े होते हैं। शिक्षा किसे कहते हैं? क्या विद्या और शिक्षा समानार्थी शब्द हैं? क्या प्रत्येक व्यक्तिको शिक्षा देनी चाहिये? शिक्षा का उद्देश्य किस आधार पर निश्चित किया जाय? पाठ्य विषय कितने और किस क्रम से हों? क्या शिक्षा नीतिका निर्धारण राज्य की ओर से हो? क्या शिक्षा के लिए वर्ग भेद आवश्यक है? इन प्रश्नों की व्याख्या कर चुकने पर हम उपर्युक्त शिक्षा शास्त्रियों के महत्वपूर्ण प्रयोगों पर गम्भीरता पूर्वक विचार करने में समर्थ हो सकेंगे।

बहुत से लोग समझते हैं कि किसी विद्यालय में अध्ययन करके वहां से उच्चतम कक्षा से निकलने पर हमारी शिक्षा पूरी हो जाती है, किन्तु यह बड़ा भारी भ्रम है। अध्ययन करना एक बात है, शिक्षित होना दूसरी बात है। किसी पुराने सूक्तिकार ने कहा है "शास्त्रों का अध्ययन करके भी लोग मूर्ख रह जाते हैं, विद्वान वही है जो क्रियावान हो, शास्त्रका व्यवहार भी कर सके! क्योंकि भली प्रकार निर्णय की हुई औषधि भी केवल नाम लेने भरसे रोगी को अच्छा नहीं कर सकती। अतः अनेक विषयों का अध्ययन करना, उन्हें घोंट डालना ही पर्याप्त नहीं है, उनका व्यवहार-ज्ञान भी होना चाहिए। इसी व्यवहार-ज्ञान को शिक्षा कहते हैं। किन्तु शिक्षा की परिधि केवल अर्जित ज्ञान के व्यवहार मात्र तक परिमित नहीं है। शिक्षा के भीतर व्यक्तिगत, पारिवारिक, नागरिक, राष्ट्रीय, मानवीय तथा आध्यात्मिक संबंधोंको व्यक्त करने

त्यागमूर्ति गुर्टूजी

On the eve of departure to England
on the Home Rule Deputation.
(1918)

वाली हमारी सम्पूर्ण विवेकसंगत चेष्टाओंका समावेश होता है। इस परिभाषा की व्याख्या करना आवश्यक है। प्रत्येक मनुष्य एक व्यक्ति है और व्यक्ति के रूपमें उसके कुछ ऐसे कर्तव्य हैं जो उसे अपने व्यक्तिगत विकास और रक्षण के लिये करने पड़ते हैं; जैसे अपने लिये किसी प्रकार का भोजन संग्रह करना और ऋतुओं के प्रभाव से तथा अन्य आपत्तियों से बचने के लिए प्रयत्न करना। ये मनुष्य की मूल आवश्यकताएं हैं और प्रत्येक व्यक्ति इन आवश्यकताओं की पूर्ति करता रहता है। इस प्रवृत्ति में शिक्षा यह सहायता कर सकती है कि वह व्यक्ति को इस योग्य बना दे कि वह दूसरे को कष्ट दिये बिना ऐसी जीविका के द्वारा जीविका के साधन एकत्र करे जिससे वह स्वयं भी जीवनयापन कर सके और उन अन्य प्राणियोंको भी आश्रय दे सके जो अशक्त, पंगु और असमर्थ हों। शिक्षाके द्वारा वह ऋतुओं के प्रभाव से बचने के लिये केवल आड़ बनाकर न रह जाय वरन् ऐसा स्थान बनाके जहां कीट, पतंग, विषैले जीव या मच्छर न आ सकें, जो सुंदर हो और एक क्रम से बना हो। शिक्षाके द्वारा वह ऐसे रक्षा-कौशल, दांव-पेंच या शस्त्रप्रयोग जान जाय जिससे वह दूसरों को कष्ट न देकर अपनी भी रक्षा कर सके और अपने पड़ोसियों की भी। इसी के साथ साथ शिक्षा से उसके मनमें परोपकार और पर-रक्षा की ऐसी भावना भी उदित हो कि वह "पर" के लिये "स्व" का बलिदान करने में अपना गौरव समझे।

ठीक यही बात परिवार, नगर, जनपद, राष्ट्र और विश्व से व्यक्ति के संबंध की उन चेष्टाओं के विषय में भी है जिनके औचित्य या अनौचित्य पर हमारे व्यक्तिगत या सामाजिक उत्कर्षापकर्ष के नैतिक सिद्धान्त अवलम्बित हैं। अतः हमारे सब प्रकार के व्यवहारों को लोकहित की दृष्टि से संयत और विवेकशील बनाने वाली उन सब क्रियाओं की समष्टिको शिक्षा कहते हैं जो हमारे व्यक्तिगत उत्कर्ष में सहायक हो।

इस ऊपर के स्पष्टीकरण से यह सिद्ध हो गया कि शिक्षा और विद्या समानार्थी शब्द नहीं हैं। व्यायामगनक या "सर्कस" वाले अपने हाथी, घोड़े, कुत्ते, सिंह, बकरी, बंदर, तोते आदि को शिक्षा देकर ऐसा साध लेते हैं कि ये मूक जीव अपने मनुष्य शिक्षकोंके आदेश पर काम करने लगते हैं। वे उनको यह सिखा देते हैं कि अमुक शब्द की ध्वनि पर किस प्रकार की आंगिक प्रतिक्रिया उन्हें करनी चाहिए। किन्तु आप उन्हें रामायण और भागवत नहीं पढ़ा सकते, ज्योतिष और आयुर्वेद के तत्त्व नहीं समझा सकते, जीव और जगत् के रहस्यों की व्याख्या का बोध नहीं करा सकते, अर्थात् आप उन्हें सिखा सकते हैं, ज्ञान नहीं करा सकते।

हमारा सम्पूर्ण ज्ञान, विज्ञान, दर्शन, साहित्य, इतिहास, पुराण सब विद्या के अन्तर्गत हैं। हमारी प्राचीन अट्ठारह विद्याओं के अतिरिक्त इस युग में विज्ञान ने

जितने ज्ञान का विकास किया है वह भी सब विद्या के ही अन्तर्गत आ जाता है। अतः विद्या उस सम्पूर्ण ज्ञान-राशि को कहते हैं जो हमारे पूर्वजों के तथा समकालीन विद्वानों के अनुभव और प्रयोग के द्वारा संचित की गई है और की जा रही है। इस विद्या का प्राप्त करना केवल संचय पक्ष है और इस विद्या का प्रयोग करना, जीवन में अवसर के अनुकूल कल्याणकारी रूप में उसका व्यवहार करना ही व्यवहार पक्ष है जो शिक्षा से आता है। विद्या और शिक्षा समानार्थी न होते हुए भी अन्योन्याश्रित हैं। इनका भी शब्दार्थ के समान नित्य संबंध है। अतः जब हम शिक्षा की बात कहते हैं तो उसमें विद्या की भावना भी अन्तर्निहित रहती है और हम आगे इसी विस्तृत अर्थ में शिक्षा शब्द का व्यवहार करेंगे।

प्रत्येक व्यक्ति के लिये शिक्षा का द्वार खुला रखना प्रत्येक विद्यालय का नैतिक कर्तव्य है। जाति, धर्म, वर्ग, सम्प्रदाय, लिंग आदि अनेक प्रकार की जो मानवीय श्रेणियां बन गई हैं उनसे शिक्षा में बाधा नहीं पड़नी चाहिए। किन्तु अनुभव से यह ज्ञात हुआ है कि प्रत्येक मनुष्य शिक्षा प्राप्त करने के लिए उत्सुक नहीं होता, उसमें सबकी रुचि नहीं होती, न सबकी बुद्धि और प्रवृत्ति ही शिक्षा के अनुकूल होती है और कभी कभी तो पारिवारिक परिस्थितियां ऐसी उपस्थित हो जाती हैं कि चाहते हुए भी और बुद्धिसामर्थ्य रहते हुए भी शिक्षा प्राप्त करने के लिये अवसर निकालना सम्भव नहीं होता। तो क्या शिक्षा प्राप्त करना बालकों की रुचि और अरुचि पर छोड़ दिया जाय ? यदि बालक पर ही यह निश्चय छोड़ दिया जाय तो सम्भवतः सौ में दस बालक भी ऐसे नहीं निकलेंगे जो स्वेच्छा से विद्यालय में जाने के लिये उत्सुक होंगे। क्या कारण है कि इतनी अधिक संख्या में विद्यार्थीगण पाठशाला में नहीं जाना चाहते। प्रयोग से यह परिणाम निकाला गया है कि पाठ्य-क्रम की बहुलता, पाठ्य-प्रणाली की नीरसता, अध्यापकों की कठोरता और पाठशाला की रूक्षता-ये सब कारण मिलकर छात्रों में विरक्ति उत्पन्न करते रहे हैं और यदि इन सब परिस्थितियों में परिवर्तन हो जाय, अध्यापक गण सदय और सहृदय हो जाँय तो बालक सिरके बल दौड़े चले आवेंगे। हाँ, यदि अन्य पारिवारिक बाधाएँ ही मार्ग रोककर खड़ी हो जांय तो बात दूसरी है।

किन्तु शिक्षा के सब क्षेत्रों में, सब श्रेणियों में इस प्रकार का वातावरण उत्पन्न नहीं किया जा सकता। भारत जैसा विशाल राष्ट्र अपनी आर्थिक-हीनता की दशा में विद्यार्थियों को इस रूप में परिवर्तित करने का व्यय-भार नहीं सँभाल सकता। अधिक से अधिक प्रारम्भिक अवस्था के बालकों के लिए ऐसी व्यवस्था सम्भव हो सकती है। किन्तु इसके पश्चात् क्या हो ?

शिक्षा के प्रश्नपर हमें कई दृष्टियों से विचार करना होगा। केवल यही नैतिक सिद्धान्त पर्याप्त नहीं है कि प्रत्येक मानव का अधिकार है शिक्षा प्राप्त करना

और प्रत्येक राष्ट्र का कर्तव्य है राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति के लिए शिक्षा सुलभ करना। इस अनिवार्य शिक्षा की एक सीमा होनी चाहिए और उसका क्रम भी इस प्रकार बन जाना चाहिए कि उस अनिवार्य शिक्षा की अवस्था में बालक की रुचि, प्रवृत्ति और मनोवृत्ति इतनी परिपक्व हो जाय कि उस अवस्था को पार करने के पश्चात् वह निश्चित रूपसे अपनी भावी वृत्ति चुन सके। इसका निष्कर्ष यह निकला कि एक विशेष अवस्था तक प्रत्येक बालक को इस प्रकार शिक्षा दी जाय कि वह अपने अध्ययन के विभिन्न विषयों के आधार पर यह निर्णय कर ले कि मैं किस वृत्ति का आश्रय लेकर अपनी जीविका कमाता हुआ राष्ट्र का और समाज का उपयोगी अंग बन सकता हूँ। उपयोगी अंग बनने का तात्पर्य केवल इतना ही नहीं है कि वह देश की आर्थिक समृद्धि में ही योग दे वरन् इसका यही तात्पर्य है कि वह अपने आचरण से दूसरों को सुख भी दे और निर्भयता, सचाई, शील, आत्मत्याग तथा सदाचार के साथ अपना जीवन निर्वाह करता हुआ समाज और देश की सेवा भी करे क्योंकि धर्मशास्त्र पढ़ लेने से ही कोई दुष्ट व्यक्ति धार्मिक नहीं बन जाता और न वेद पढ़ लेने से ऋषि बन जाता है। अच्छा बुरा बनना तो स्वभाव पर निर्भर है जैसे-गऊ का दूध स्वभाव से ही मधुर होता है। इसका तात्पर्य हुआ कि हमें शिक्षा में निम्नलिखित बातों की योजना करनी पड़ेगी।

१—विद्यालय का वातावरण ऐसा हो जिसमें बालक पारस्परिक सहयोग, सेवा, उदारता, शील, सत्यता और सदाचारका महत्व समझ कर अपना स्वभाव उसी प्रकार ढाल सके।

२—इतनी अवस्था तक इतने विभिन्न विषयों से निकटतम परिचय करा दिया जाय कि उनके आधार पर वह अपनी भावी वृत्ति निश्चय कर सके।

३—अध्यापन शैली तथा अन्य साधन इतने आकर्षक हों कि बालक स्वतः प्रवृत्त होकर रुचि के साथ ज्ञान अर्जन करने लिये उत्सुक हो।

४—जिन बालकों की पारिवारिक या अन्य किन्हीं परिस्थितियों के कारण विद्यालय में शिक्षा पाना सम्भव न हो, उनके लिये ऐसी व्यवस्था की जाय कि वे छुट्टी के समय ज्ञानार्जन कर लें। इसी प्रकार की व्यवस्था कारीगरों की संतानों के लिये भी करनी चाहिए जिससे वे स्वभावतः अपने पैत्रिक व्यवसाय को बचपन से सीखते हुए घर के व्यवसाय में योग देते रहें और छुट्टी के समय ज्ञानार्जन करते रहें।

इतनी सुविधा राष्ट्र के प्रत्येक बालक के लिये होनी ही चाहिए और इस सिद्धान्त के अनुसार केवल एक ही प्रकार की अनिवार्य तथा निःशुल्क पाठशालाएँ स्थापित की जायँ। किन्तु इससे आगे की शिक्षा देने वाली संस्थाओं को यह छूट अवश्य रहे कि वे यदि चाहें तो किसी विशेष उद्देश्य के अनुसार किसी विशेष

वृत्ति या विशेष प्रयोजन के लिये शिक्षा दें और उसकी व्यवस्था करें, किन्तु राष्ट्र-कोष पर उसका भार न हो।

शिक्षा के कुछ तो सार्वभौम उद्देश्य हैं जिनका उल्लेख ऊपर हो चुका है जैसे-शील, सदाचार, निर्भयता, सत्यता, उदारता, आत्मत्याग, राष्ट्र के लिए स्वार्थ-त्याग, तथा सदाचार के साथ उपयोगी नागरिक बनाना। किन्तु इसके अतिरिक्त, कुछ ऐसे विशेष उद्देश्य भी होते हैं जो किसी विशेष युग में विशेष परिस्थिति के कारण निर्धारित कर लिए जाते हैं। यदि हम अपने देशकी शिक्षा योजना बनाना चाहें तो हमें पहले यह देख लेना चाहिए कि हमारे देश में ऐसी कौनसी त्रुटियाँ हैं जिनकी पूर्ति तत्काल आवश्यक है। व्यापक रूप से विचार करने पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि हमारे देशमें १. निरक्षरता, २. दरिद्रता, ३. शक्ति-हीनता, ४. रुग्णता और ५. रूढ़िवादिता-ये पाँच बड़ी भारी त्रुटियाँ हैं जिन्हें दूर करना तत्काल आवश्यक है। अतः हम अपनी शिक्षा का उद्देश्य तबतक के लिये यह रख सकते हैं कि हमारी शिक्षा इस प्रकार व्यवस्थित की जाय कि १. राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति साक्षर हो जाय, २. उसमें इतनी व्यावसायिक योग्यता हो जाय कि वह सुखी जीवन बिताने योग्य जीविका कमाने के साथ साथ राष्ट्र की व्यावसायिक उन्नति में भी योग दे, ३. वह व्यायाम तथा सैन्य शास्त्र का ज्ञान प्राप्त करके समय पड़ने पर अपने राष्ट्र की रक्षा कर सकने में सहयोग दे, ४. स्वयं स्वस्थ रहकर अपने पास पड़ोस, नगर गाँव को स्वस्थ रख सके, और ५. अपने प्राचीन संस्कारों की रक्षा करते हुए भी नवीन युग के सम्पूर्ण ज्ञान विज्ञान के उपयोगी अंश का भरपूर प्रयोग कर सके।

शिक्षा में नियोजन

(श्री रमापति शुक्ल, एम्० ए०, काशी)

शिक्षा में नियोजन का विचार करते समय यह न भूल जाना चाहिए कि शिक्षा की कोई भी योजना देश की अन्य योजनाओं से पृथक् स्वतंत्र रूप से नहीं तैयार की जा सकती है। जीवन के अन्य क्षेत्रों से शिक्षा का घनिष्ट संबन्ध है। अतएव शिक्षा में नियोजन करने के साथ ही आर्थिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्य-संबन्धी नियोजन की भी आवश्यकता होगी। इसी से हमारे देश की पंचवर्षीय योजना में आर्थिक एवं सामाजिक योजनाओं के साथ साथ शिक्षा को भी स्थान दिया गया है। परन्तु शिक्षा को जो महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त होना चाहिये

यह उसमें नहीं मिला है। वास्तव में शिक्षा को गौण स्थान दिया गया है। अतएव शिक्षा के नियोजन पर विशेष रूप से विचार करने की आवश्यकता है।

शिक्षा की कोई भी योजना बनाने के पूर्व हमें अपने देश के शैक्षिक इतिहास पर विचार कर लेना आवश्यक है। भूतकाल में हमारी शिक्षा किस प्रकार संगठित थी? भिन्न-भिन्न कालों में उसमें क्या-क्या परिवर्तन हुए? और उन परिवर्तनों का हमारी शिक्षा पर क्या प्रभाव पड़ा? हमने अब तक क्या-क्या भूलें की और उनका निराकरण किस प्रकार हो सकता है? इत्यादि प्रश्नों पर विचार कर लेने के पश्चात् भविष्य के लिए जो कोई योजना हम बनाएँगें वह अधिक सफल होगी। इसके साथ ही साथ संसार के प्रगतिशील देशों की शिक्षा-योजनाओं पर भी विचार कर लेना आवश्यक है। वे योजनाएं उन देशों में कहाँ तक सफल हुई हैं और उन्हें किस सीमा तक किन-किन परिवर्तनों के साथ हम अपने देश में लागू कर सकते हैं? इन प्रश्नों पर भी विचार कर लेना आवश्यक है। न तो हमें किसी विदेशी योजना को देखते ही उसकी चकाचौंध से अंधे होकर उसका अक्षरशः अनुकरण कर लेना चाहिए और न उसे विदेशी समझ कर उसका सर्वथा त्याग ही कर देना चाहिए।

किसी भी योजना का निर्माण करने के पूर्व यह देख लेना चाहिए कि उसका व्यय कितना होगा। क्या यह व्यय हमारे देश की आर्थिक अवस्था के अनुकूल होगा? क्या हमारी केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारें मिल कर योजना को कार्यान्वित करने के लिए पर्याप्त धन प्राप्त कर सकेंगी? ऐसी योजना बनाने से क्या लाभ जिसका व्यय हमारे आर्थिक सामर्थ्य के बाहर हो? वही योजना व्यवहार्य हो सकती है जिसके लिए राज्य के अन्य विभागों को आर्थिक क्षति पहुँचाए बिना पर्याप्त धन प्राप्त हो सके। इसमें सन्देह नहीं कि हमें अपना लक्ष्य ऊँचा रखना चाहिए और शिक्षा की अच्छी से अच्छी योजना बनाना चाहिए परन्तु आरंभ में योजना का स्वरूप ऐसा रखना होगा जिससे हम उसके लिए पर्याप्त धन प्राप्त कर सकें। यदि हम उस योजना को कई भागों में विभक्त करके क्रमशः आगे बढ़ सकें तो और भी अच्छा होगा क्योंकि एक चरण की सफलता पर दूसरे चरण की सफलता निर्भर रहेगी। यदि हमने किसी योजना का एक चरण सफलता पूर्वक समाप्त कर लिया तो दूसरे चरण के लिए पर्याप्त सामग्री मिल जायगी। उदाहरणार्थ, यदि हमें देश की निरक्षरता दूर करनी है तो पहले कुछ लोगों को शिक्षित कर लेने पर उनमें से भावी अध्यापक तैयार मिलेंगे और भविष्य में और भी अधिक लोगों को शिक्षित किया जा सकेगा। अतएव व्ययसाध्य योजनाओं को एकबारगी न लागू करके कई भागों में लागू करना उचित होता है।

प्रत्येक योजना के लिए कुछ तथ्यों या आकड़ों की आवश्यकता होती है। जिस प्रकार आर्थिक योजनाओं के लिए आंकड़ों की आवश्यकता होती है उसी

प्रकार शिक्षा संबन्धी योजनाओं के लिए शैक्षिक आंकड़ों की अपेक्षा होती है। आंकड़ों के बिना योजना बनाना अंधेरे में टटोलना है। अतएव शिक्षा की किसी भी योजना के निर्माण के लिए अनेक प्रकार के आंकड़ों की आवश्यकता है। उन आंकड़ों का विश्वसनीय होना भी परम आवश्यक है। यदि विश्वसनीय आंकड़े नहीं प्राप्त होते तो उनका होना न होना बराबर है। उदाहरणार्थ, आजकल मानसिक परीक्षा के लिए मनोवैज्ञानिकों द्वारा अनेक प्रकार के मान-दंड तैयार किए जा रहे हैं, परन्तु इस संबंध में परीक्षणीय छात्रों की वास्तविक आयु का पता लगना आवश्यक है। उसके बिना कोई भी मानसिक परीक्षा सफल नहीं हो सकती और अशुद्ध आंकड़ों के आधार पर तैयार किया गया मानदंड विश्वसनीय नहीं होगा। हमारे देश में जैसी प्रवृत्ति है उसके अनुसार अधिकांश माता-पिता एवं अभिभावक अपने बालक-बालिकाओं की उम्र वास्तविक से कम लिखाया करते हैं। इस प्रवृत्ति के मूल में कौन सी प्रवृत्ति है हम उसकी विवेचना नहीं करना चाहते परन्तु यह प्रवृत्ति अधिक व्यापक है इसे सभी स्वीकार करेंगे। ऐसी अवस्था में किसी विशेष उम्र वालों के लिए कोई मानसिक मानदंड कैसे तैयार किया जा सकता है? अतएव यदि हम चाहते हैं कि हमारे मानसिक मानदंड विश्वसनीय और उपयोगी बनें तो हमें छात्रों की वास्तविक आयु का पता लगाना होगा। इसके लिए माता-पिताओं को अपने बच्चों की असली उम्र लिखाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उनमें यह भाव भरना चाहिए कि कम आयु लिखाना उनके बच्चे के हित के लिए और उससे भी बढ़कर देश के लिए घातक होता है। बहुजनहिताय यदि हमें अपने स्वार्थों की बलि देनी पड़े तो उसके लिए भी हमें तैयार रहना चाहिए। अतएव असली उम्र छिपाना भयंकर अपराध ही नहीं वरन् पाप भी है। हमारे देश में सभी प्रकार के आंकड़ों का अभाव है। शिक्षा संबन्धी आंकड़ों का अपेक्षाकृत कम अभाव है। फिर भी हमारे आंकड़े शीघ्र संग्रह नहीं किए जाते। उनके संग्रह में बहुत बिलंब होता है। आंकड़े पुराने हो जाने पर उनकी उपयोगिता घट जाती है। वास्तव में आंकड़ों के संग्रह के लिए उत्तरदायी संस्थाओं को समय पर आंकड़े तैयार कर लेने चाहिए। उदाहरणार्थ सभी शिक्षा-संस्थाओं को सत्र के अंत में अपने सब आंकड़े केन्द्रीय शिक्षाधिकारी के पास (जैसे राज्यों के शिक्षा संचालक अथवा शिक्षामंत्री के पास) भेज देने चाहिए। यदि इसके लिए कुछ कर्मचारियों की वृद्धि करनी पड़े तो उनके व्यय का भार वहन करना उपयोगी होगा। शुद्ध आंकड़ों का शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध होना नियोजन के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

शिक्षा की योजना बनाते समय यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि किस-किस प्रकार की शिक्षा संस्थाओं की किस मात्रा में आवश्यकता है। प्रारंभिक शिक्षा सबके लिए अनिवार्य होना अवश्यक है। अतएव प्रारंभिक

पाठशालाओं की संख्या इतनी पर्याप्त होनी चाहिए कि स्कूल जाने योग्य छात्र शिक्षा संस्थाओं में स्थान न रहने के कारण शिक्षा से वंचित न रह जायँ। इसी प्रकार माध्यमिक विद्यालयों की संख्या भी इतनी होनी चाहिए कि माध्यमिक शिक्षा के सभी शिक्षार्थी उनमें स्थान प्राप्तकर सकें व्यावसायिक तथा क्रियाकल्पात्मक (technical) संस्थाओं की संख्या भी देश की आवश्यकता के अनुरूप होनी चाहिए। इंजीनियरिंग तथा मेडिकल कालेजों की संख्या उतनी ही होनी चाहिए जितनी इंजीनियरों और डाक्टरों की देश को आवश्यकता है। यदि इंजीनियरी और डाक्टरी पास करके हमारे युवक बेकार रहते हैं तो हमारे लिए इससे बढ़कर दुर्भाग्य की बात नहीं है। इसलिए सरकार और जनता का यह कर्तव्य है कि वे अपने इंजीनियरों और डाक्टरों से पूरा लाभ उठाने के लिए अनुकूल क्षेत्र तैयार करें। अतएव इंजीनियरों और डाक्टरों की तरह ही मिस्त्रियों, ओवरसियरों तथा कम्पाउंडरों की आवश्यकता है। उनके प्रशिक्षण के लिए भी स्कूलों की अत्यन्त आवश्यकता है। इन्जीनियरों और डाक्टरों की अपेक्षा ओवरसियर, मिस्त्री, दाई और कम्पाउंडर अधिक संख्या में अपेक्षित होते हैं। अतएव उनके लिए अधिक स्कूल खोले जाने चाहिए। खेद की बात है कि हमारे देशमें अनुपाततः पिछली श्रेणी के व्यवसायों के लिए स्कूल कम हैं। जहाँ सुई का काम हो वहाँ तलवार बेकार होती है। इसी प्रकार जहाँ मिस्त्री की या ओवसियर की आवश्यकता है वहाँ इन्जीनियर अनुपयोगी होगा। और जहाँ दाई और कम्पाउडरों का काम है वहां के लिए डाक्टर निरर्थक है। अतएव भिन्न भिन्न प्रकार की शिक्षा-संस्थाओं की संख्या उनकी आवश्यकता के अनुपात में होनी चाहिए। इस प्रसंग में यह जान लेना आवश्यक है कि शिक्षा-संस्थाओं का यह कर्तव्य नहीं है कि वे अपने शिक्षित युवकों को काम दिलावें, उनका कर्तव्य है कि वे समाज की आवश्यकता के अनुसार योग्य शिक्षित व्यक्ति तैयार कर दें। यह कार्य सरकार तथा अन्य गैरसरकारी संस्थाओं का है कि वे इन शिक्षित युवकों को काम दें और बेकारी न फैलने दें। अवश्य ही यदि देश में विभिन्न प्रकार के शिक्षाप्राप्त व्यक्तियों की संख्या देश और समाज की आवश्यकता के अनुरूप नहीं है तो शिक्षा के नियोजकों का क्या दोष है ? अतएव शिक्षा की योजना बनाते समय यह ध्यान रखना आवश्यक है कि देश और समाज की आवश्यकता को देखते हुए किस अनुपात में भिन्न-भिन्न प्रकार की शिक्षा संस्थाओं की आवश्यकता है।

वर्तमान काल की शिक्षामें परीक्षाओं को अत्यधिक महत्व दिया गया है। परीक्षा के दोषों के ऊपर भिन्न भिन्न देशों के अनेक विद्वानों ने बहुत कुछ लिखा है। यहां उसकी आवृत्ति करने की आवश्यकता नहीं है। विरला ही कोई शिक्षित होगा जो परीक्षा के दोषों से परिचित न हो। फिर भी इसे हटाने अथवा इसमें आमूल परिवर्तन करने का बहुत कम प्रयत्न हुआ है। हमारे उत्तरप्रदेश में हाई-

स्कूल और इन्टर की परीक्षाओं में इतने दोष आ गए हैं कि उनका पुनः संस्कार होना आवश्यक है अर्थात् हाईस्कूलकी परीक्षा को यदि घरेलू परीक्षा कर दिया जाय अर्थात् उसकी परीक्षा स्कूलों के अध्यापक ही ले लिया करें तो उसका परिणाम अधिक अच्छा होगा। शिक्षा का स्तर इतना अधिक नहीं गिरेगा जितना इस समय बाह्य परीक्षाओंके होने से गिर गया है। इन्टरकी परीक्षामें भी बाह्य परीक्षाओं का महत्व-कम करके कुछ अंक आंतरिक परीक्षाके लिए सुरक्षित रखना अधिक लाभकर होगा। आंतरिक परीक्षकों को निम्नलिखित विषयों पर अंक देने का अधिकार दिया जायः—स्वास्थ्य, सामान्य ज्ञान, व्यवस्था की योग्यता, त्याग, उदारता, सच्चाई, सहानुभूति इत्यादि। कहनेकी आवश्यकता नहीं कि उपर्युक्त गुण शिक्षा के अभिन्न अंग हैं और इनके विना शिक्षा अधूरी रहती है। 'शिक्षा देना और अध्यापन करना' में आज-कल अन्तर नही माना जाता परन्तु वास्तवमें दोनोंमें महान अंतर है। हमारे यहां के विद्यालयों में अधिकतर अध्यापक होते हैं, शिक्षक नहीं। इसीसे हमारी शिक्षा पठन-पाठन तक ही सीमित रह जाती है। ध्यान देने की बात है कि हमने "सार्व-जनिक अध्यापन का संचालक" (Director of Public Instruction) के स्थान पर "शिक्षा संचालक" (D. E.) तो कर दिया परन्तु अध्यापन कार्य को शिक्षा में परिणत नहीं किया। स्पष्ट है कि नाम और रूप बदल देने से वास्तवि-कता नहीं आती। उसके लिए तो आत्मा का परिवर्तन आवश्यक होता है। अतएव हमें शिक्षा को वास्तविक शिक्षा बनाने का प्रयत्न करना चाहिए, तभी हमारी वर्तमान शिक्षा के दोष दूर होंगे और तभी वह शिक्षा जनतन्त्रात्मक भारत के लिए उपयुक्त होगी।

इसी प्रसंग में शिक्षा के व्यय पर भी थोड़ा विचार कर लेना अप्रासंगिक न होगा। शिक्षा के महत्व को देखते हुए राष्ट्रीय आयका जो अनुपात उसपर व्यय होता है वह वहुत थोड़ा है। राज्यों की संपूर्ण आयका १५ से २० प्रतिशत शिक्षा पर व्यय किया जाना आवश्यक है। यदि उससे भी अधिक हो सके तो और भी उत्तम होगा। यदि शिक्षा के लिए धन का अभाव हो तो एक विशेष प्रकार का कर लगाने की आवश्यकता है जो ऐसे लोगों पर लगाया जाय जिनके बच्चे राजकीय अथवा स्वीकृत विद्यालयों में न पढ़ते हों। छात्रों का शुल्क बढ़ाने का प्रभाव केवल उन अभिभावकों पर पड़ता है जो अपने बच्चों को विद्यालयों में पढ़ने को भेजते हैं। परन्तु अनेक ऐसे व्यक्ति शिक्षा के मदमें प्रत्यक्ष कर देने से बच जाते हैं जो शिक्षा से लाभ तो उठा रहे हैं परन्तु बच्चे न होने अथवा बच्चों को शिक्षा न देने के कारण शिक्षा-शुल्क से बच जाते हैं। अतएव ऐसे लोगों पर विशेष रूपसे शिक्षा-कर लगाने की आवश्यकता है।

पिछड़े हुए राज्यों को, जिनके पास धन का अभाव है, परन्तु शिक्षा पर अनुपाततः अधिक व्यय करने की आवश्यकता है, केन्द्रीय सरकार से सहायता प्राप्त होनी चाहिए। तात्पर्य यह है कि शिक्षा के लिए संघराज्य की प्रत्येक प्रजा

को समान अवसर प्राप्त होना चाहिए जिससे कोई भी अपनी इच्छा और योग्यता के अनुरूप शिक्षा पाने से वंचित न रहे।

शिक्षा पर व्यय घटाने का भी प्रयत्न करना चाहिए। यदि हमारे विश्वविद्यालयों में केवल एम. ए. की पढ़ाई तथा अनुसंधान के कार्य हों और बी. ए. तक की शिक्षा डिग्री कालेजों में दी जाय तो शिक्षा का व्यय कुछ कम हो सकता है। इसके अतिरिक्त वर्तमान परिस्थिति में विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ाना भी उचित नहीं है। दूसरी ओर विद्यार्थियों में स्वावलंबन की भावना भरना भी आवश्यक है जिससे वे अपनी शिक्षा का कुछ व्यय स्वयं उपार्जित कर सकें। इसके लिए अनेक प्रकार की योजनाएँ बनाई जा सकती हैं जिसका मैंने अन्यत्र उल्लेख किया है।

हमारे देश में अध्यापकों का वेतन अन्य कर्मचारियों की अपेक्षा कम है इसे प्रायः सभी जानते हैं। हम यह नहीं मानते हैं कि अधिक वेतन पानेसे अध्यापकों का अधिक सम्मान होगा। शिक्षा का कार्य करने वालों को धनका अभाव सर्वदा से रहा है। उन्हें पर्याप्त धन कभी नहीं मिलता था। लक्ष्मी और सरस्वती का विरोध प्रसिद्ध है। परन्तु शिक्षण का कार्य करने वाले धन की चिन्ता भी नहीं करते थे। वे प्रायः उसकी उपेक्षा करते थे। उन्हें केवल अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए अल्प धन की आवश्यकता होती थी। आज युग बदल गया है। हम अपने अध्यापकों से वशिष्ठ और सान्दीपिन् बनने की आशा नहीं कर सकते। फिर भी उन्हें धन का लोभ तो नहीं ही होना चाहिए। यदि वे शिक्षा के समान पावन कार्य को अपने जीवन का लक्ष्य बनाते हैं तो उन्हें त्याग और उदारता का व्रत तो लेना ही होगा और ऐसा भाव आने पर ही उन्हें मानसिक शान्ति और संतोष मिलेगा, और समाज में भी उन्हें आज की अपेक्षा ऊंचा स्थान मिलेगा। जब वे अपना मूल्य रुपयों में न आँककर अपनी योग्यता और विद्वत्ता में आंकने लगेंगे तब समाज भी उन्हें ऊँचा आसन प्रदान करेगा। उधर समाज को भी देखना चाहिए कि हमने शिक्षकों के हाथ में कितना उत्तरदायित्वपूर्ण गुरु भार सौंपा है। हमारे बच्चों को बनाने और बिगाड़ने का पूर्ण अधिकार इन अध्यापकों को है। अतएव यदि हम उन्हें असंतुष्ट रखते हैं और उनका सम्मान नहीं करते तो वे हमारे बच्चों को क्या शिक्षा देंगे? उन्हें कैसे योग्य बना सकेंगे? यदि हम उन्हें अधिक धन नहीं दे सकते तो कम से कम उनकी और उनके परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त धन देना आवश्यक है। साथ ही उनके त्याग और तपस्याके लिए उन्हें सम्मान देना भी आवश्यक है। कहने की आवश्यकता नहीं कि हमारे प्रारंभिक विद्यालयों के अध्यापकों का वेतन आवश्यकता से बहुत कम है। शिक्षा की कोई भी योजना बनाते समय इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि पाँच व्यक्तियों के परिवार के लिए कमसे कम जितने रुपये की

अवशेष प्राप्त किए। इनमें पिल, रशीयन, अंग्रेज और फ्रेञ्च विद्वानों का हाथ रहा है। १९१६ ई० तक इन अवशेषों का सङ्कलन होता गया और आज यह काम पूरा हुआ है यह मानना ठीक नहीं।

मध्यएशिया में हमें एक नए प्रकार की लिपि मिली है और साथ ही साथ एक नए प्रकार की प्राकृत भाषा, जो भारत में भी बोली जाती थी, "धम्मपद" का प्राकृत रूप, मध्य एशिया में मिला है। लकड़ी पर लिखे खरोष्ठी लेखों की भाषा भी प्राकृत ही है। इससे यह अनुमान किया जाता है कि या तो मध्य एशिया की राजभाषा प्राकृत थी या प्राकृतभाषा भाषी प्रजा यहाँ बसती होगी। "नीया" के पास से प्राप्त लकड़ी पर लिखे ग्रन्थों को "कोलमुद्रा" कहा गया है। किसी "महानुभाव महाराज" की आज्ञा से यह ग्रन्थ तैयार करवाया गया था।

"नीया" और "एन्देर" के पास बौद्धभिक्षुओं के चमड़े पर लिखे लेख भी उल्लेखनीय हैं। इन लेखों पर दिन और मास का तो उल्लेख है परन्तु राजा के राज्यकाल के वर्ष की बात लेखक भूल सा गया है।

लावनोर के पास लुलान के निकट चीनी और खरोष्ठी लिपि के कागज़ पर लिखे लेख मिले हैं। इन लेखों की भाषा प्राकृत है। कागजका उपयोग १०५ ई० से शुरू हुआ। इसके पहले के ग्रन्थ कपड़े पर या लकड़ी पर ही लिखे जाते होंगे। मध्य एशिया में एक प्रार्थना "आरोग्य रक्षणाय भवतु" रेशमी कपड़े पर लिखी हुई मिली है, इसकी तुलना कुशान काल के शिलालेखों से की जाती है।

पुराने मन्दिरों की दीवालों पर छोटे लेख खरोष्ठी में लिखे मिले हैं। ब्राह्मी लिपि के तीनों प्रकार यहां से मिले हैं। अश्वघोष के नाटकों की लिपि भारत की दूसरी शताब्दी की लिपि जैसी ही है। दूसरी ब्राह्मी लिपि गुप्तकाल की है। गुप्त-काल की टेढ़ी लिपि को तीसरा प्रकार कह सकते हैं। इन तीनों लिपियों के उपयोग से मालूम पड़ता है कि भारतका प्रभाव सदियों तक इस प्रदेशमें रहा। तिब्बत में ऐसी मान्यता है कि भारतीय लिपि का खोतन में ७ वीं शताब्दी में प्रवेश हुआ। परन्तु इसके बहुत पहले की भारतीय लिपि के उदाहरण हमें मध्य एशिया में मिले हैं।

अगर अश्वघोष के नाटक हमें मध्य एशिया में न मिले होते तो हम अश्वघोष को केवल कवि ही मानते। मध्य एशिया हमारे साहित्य से ही प्रभावित हुआ हो ऐसी बात नहीं। सर्वास्तिवाद मतानुयायी बौद्धों के लिखे बहुत से "उदान-वर्ग" मध्य एशिया में मिले हैं। उन्हें हम बुद्ध भगवान के मौखिक उपदेशों का सङ्कलन कह सकते हैं,

अश्वघोष के व्यक्तित्व पर एक नवीन प्रकाश डालने के बाद सुप्रसिद्ध कुमार-लात के साहित्यिक व्यक्तित्व का प्रथम परिचय हमें क्वीजिल से मिले ग्रन्थ से होता है। मध्य एशिया में हीनयान और महायान दोनों बौद्ध पक्ष के धार्मिक सूत्र

अथवा ग्रन्थों के अवतरण हमें मिले हैं। शायद मध्य एशिया में इन दोनों मतों का एक साथ ही प्रचार हुआ हो, अथवा मध्य एशिया में बौद्धधर्म के संक्रान्ति-काल की झाँकी हमें मिल रही है।

खोतन के लोग मानते हैं कि अशोक ने अपने पुत्र कुणाल को धर्म प्रचार के लिए खोतन भेजा था, इसीके साथ भारत का मध्यएशिया और चीन से सांस्कृतिक, समाजिक और व्यापारिक सम्बन्ध स्थापित हुआ होगा।

बौद्धधर्म की स्थापना के पश्चात् मध्य एशिया पर मङ्गोलिया की कितनी ही जातियों ने आक्रमण किया। इस आक्रमण का पहला उदाहरण "यूची" जाति है। टकला मकान के पास रहती वुनसुन को हराकर, लघुयूची ने तिव्वत के उत्तर में अपना डेरा डाला। फिर "वुनसुन" के पश्चिम में रहती शकजाति ने यूचिओं को परास्त किया। परिणाम-स्वरूप शक पहली और दूसरी शताब्दी में भारत आए। कुछ समय बाद यूचिओं की एक टुकड़ी-"कुशानों" ने भारत पर साम्राज्य स्थापित किया। कुशान बंश के सम्राट कनिष्क खोतन, काशगर और यारकन्द पर राज्य करते थे। चीनी राजपुत्रों को कनिष्क ने कपिशा (काबुल) में रक्खा था जहां पर उन्होंने नए फलों का उत्पादन शुरू करवाया। इस काल की गान्धार कला पर भारत और मध्य एशिया दोनों का असर पड़ा होगा।

गुप्तकाल में भारत और मध्य एशिया के सम्बन्ध बढ़े। परन्तु थोड़े ही समय में मङ्गोलिया से एक नई आफ़त इस प्रदेश पर टूट पड़ी। मङ्गोलों के आक्रमण से मध्य एशिया के सांस्कृतिक केन्द्र नष्ट हुए। मङ्गोलों का आधिपत्य बहुत दिन तक न चलने के कारण बौद्धधर्म का उन्मूलन न हो सका।

जब हुएनसाङ्ग भारत की ओर चला तब उसने तुरफान में बौद्धधर्म का एकाधिपत्य पाया। काराशहर का राजा बौद्ध था और "कुचा" की प्रचलित लिपि भारतीय ही थी ऐसा हुएनसाङ्ग का कथन है। कुचा के राजा सुवर्णदेव के पुरोहित मोक्षगुप्त से हुएनसाङ्ग मिला था। कुचा के स्त्री और पुरुषों के सौन्दर्य और संस्कारों से यह चीनी यात्री बहुत प्रभावित हुआ था।

हुएनसाङ्ग के यात्रावर्णन में ताशकन्द और समरकन्द का भी वर्णन मिलता है। इन बल्खी उपनिवेशों पर ईरानी संस्कृति का भी प्रभाव पड़ा होगा, परन्तु यहां के लोग बौद्ध ही थे।

लौटते वक्त हुएनसाङ्ग ने खोतन में ३०० मठ देखे, इनमें २००० भिक्षु रहते थे। महायान धर्म के केन्द्र खोतन की हुएनसाङ्ग ने मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। यहां की न्याय पद्धति, विद्याप्रेम, ईमानदारी और कलात्मक जीवन से हुएनसाङ्ग प्रभावित हुआ। खोतन के राजमहल में इसने चित्रकला के बहुत से नमूने देखे। आगे जाते उसने लावनोर देखा परन्तु उसके आगे के मरुस्थल में उसे बहुत सी अड़चन उठानी पड़ीं।

६६५ से ७१५ ई० तक यह मार्ग बन्द रहा। ७५१ में चीनी लोग अरबों से हारे और इस्लामधर्म का प्रचार शुरू हुआ। फलस्वरूप धीरे धीरे भारत और मध्य एशिया के सांस्कृतिक सम्बन्ध ढीले हुए, तो भी उनका सामाजिक-स्वरूप तो आजतक यहां दृष्टिगोचर होता है।

उपसंहार में मध्यएशिया के आकर्षणों का उल्लेख अयोग्य न होगा। १९ वीं और २० वीं शताब्दी में इस प्रदेश में बहुत से यात्री फिरे हैं। १९ वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में अलेक्जेण्डर बर्न्स इस प्रदेश के दक्षिण भाग में घूमता रहा। उसका यात्रावर्णन काफी रोचक है। सर फ्रान्सिस यङ्गहसबेण्ड ने १८८७ में श्रीनगर से मुस्ताकघाटी पार करके पेकिङ्ग तक की यात्रा की। इसका यात्रावर्णन ५० वर्ष बाद "महाद्वीप के हृदय" नाम से प्रकट हुआ है, फ्रेञ्चों ने सीट्रोयन की सरदारी में इस प्रदेश का निरीक्षण किया। स्वेन हेडेन और सर आरेल स्टाइन के यात्रावर्णन प्रसिद्ध हैं ही और उनकी वैज्ञानिक पद्धति अनुकरणीय है। स्वेन हेडेनकी "तावनोर" और सर आरल स्टाइन की "सरिन्दिया" पुस्तकें पठनीय हैं। भारत के चीन में गए राजदूत के. पी. एस. मेनन का यात्रावर्णन विस्तृत न हो परन्तु कौतूहल-उत्पादक तो है ही।

मध्य एशिया आज भी एक दर्शनीय स्थान है। भारत की पश्चिमोत्तर सीमा पार करके आगे बढ़ें तो हमें एक नए वातावरण का अनुभव होगा। आधुनिक यात्रियों ने काशगर की प्रशंसा की है। वहाँ पर सृष्टिसौन्दर्य देखने के सिवा बहुत कम खर्च—४०)-५०) मासिक—में आजकल भी गुजर हो सकती है। पुरातत्व की बहुत सी महत्वपूर्ण सामग्री का सङ्कलन यहां पर हो सकता है।

पर्यटन के प्रेमी तारीम में एक नया अनुभव प्राप्त करेंगे। हिमशृङ्गों को पार करके इस प्रदेश में हम समुद्र की सतह से ६०० फीट नीचे की जमीन पर जा पहुँचते हैं। यहाँ पर एक मील का फासला एक फ्रेंच यात्री ने दस घण्टे में पूरा किया था।

"गोबी" मरुस्थल का अर्थ कङ्कड़ की मरुभूमि है। यह नाम मध्य एशिया के मरुस्थल के पूर्वभाग के लिए ज्यादा उपयुक्त है। मध्यएशिया के पश्चिमी मरुस्थल के टुकड़े को "शामो" अर्थात् रेती का मरुस्थल नाम ज्यादा सार्थक होगा। इस प्रान्त में काराकोरम (शब्दार्थ : कङ्कड़ का घाट) पार करके जाते हैं। काराकोरम का मुस्ताक अर्थात् हिमपर्वत नाम ही ज्यादा सार्थक है।

मध्यएशिया जाने में भारतीय संस्कृति के अग्रदूतों को बहुत कठिनाइयाँ हुई होंगी, तब भी वे वहाँ पहुँचे थे। उनकी सफलता का इतिहास इकट्ठा करने में हमें आज उतनी अड़चनें नहीं हैं। फाहियान और हुएनसाङ्ग स्थल मार्ग से चीन से चलकर आए थे। कितने ही धार्मिक और साहसिक शोध के प्रेमी इसी मार्ग पर चले थे। उनके नाम विस्मृति के गर्भ में हैं। मानव संस्कृति का इतिहास राष्ट्रों और

व्यक्तियों की सफलता और असफलता दोनों के आधार पर बना है, नए देश देखने और नई संस्कृति की शोध की प्रेरणा से हमारे देशवासी मध्यएशिया की ओर जाएँ तो उनकी यात्रा रोचक रहेगी। उत्तुङ्ग पर्वतशृङ्गो पर हमारे देशवासी चढ़ने में दिनोंदिन ख्याति पा रहे हैं, ऐतिहासिक शोध में भी वे दिलचस्पी लें तो शताब्दियों तक फैला अन्धकार प्रकाश में परिणत हो सकता है

गीता साध्य

(*श्री करुणापति त्रिपाठी, एम० ए०, काशी।*)

उपनिषद और गीता

भारतीय दार्शनिकों ने गीता को वेद के समान पवित्र, मान्य एवं आदरणीय बताया है। आस्तिक दर्शनों के प्रधान-ग्रंथों में उपनिषदों के साथ-साथ गीता को द्वितीय प्रधान माना गया है। यह भी कहा जाता है कि उपनिषदों के मनन-पूर्ण मंथन से आविर्भूत नवनीत-सुधा ही श्रीमद्‌भगवद्‌गीता है। यह सत्य भी है। प्राचीन उपनिषदों में जो ज्ञान-भांडार हैं, जिस अध्यात्मविद्या अथवा ब्रह्मविद्या का निरूपण हुआ है, उसमें परवर्त्ती दार्शनिकों का सम्प्रदाय-गत आग्रह नहीं है। न्याय-वेदान्त-मीमांसा आदि के परवर्त्ती दर्शन-ग्रंथों और भाष्यों में परमत-खंडन और स्वमत-स्थापन का जो वादविवादमूलक आग्रह है, उपनिषदों में उनका अभाव है। उपनिषद् के तत्वचिन्तकों का ज्ञान उनके अपने मनन-चिन्तन का परिणाम है। प्रकृति के उन्मुक्त वातावरण में रागद्वेषादि से पूर्णतः परे रहकर ये जीव और ब्रह्म, जन्म और मरण, भौतिक संसार और अध्यात्मलोकआदि के विषय में परानुग्रहवश तत्व-चिन्तन करते रहते थे। अपने मनन, प्रयोग, परीक्षण और आत्मानुभूति के फलस्वरूप जिन तत्वों का उन्हें दर्शन होता था, उसे लोक-कल्याणार्थ संकलित कर देते थे। अतः उनका तत्व-चिन्तन 'वाद'-मूलक विवाद के आग्रह से पूर्ण उन्मुक्त है। उनमें दार्शनक संप्रदायों की आग्रहासक्ति नहीं है।

भगवद्‌गीता का तत्व-चिन्तन भी उसी भाँति दार्शनिक संप्रदायों की दल-बंदी से परे है। उपनिषदों की विवेचना का समस्त सारांश गीता में बड़ी निपुणता के साथ संकलित है। इस दृष्टि से सप्तशतश्लोकी गीता का महत्व बहुत ही अपूर्व है। सात सौ श्लोकों वाला यह ब्रह्मविद्याग्रंथ लघुकाय होनेपर भी,

केवल भारतीय दर्शन-साहित्य में ही नहीं वरन् विश्व के दर्शन-साहित्य में अनुपम अतुलनीय है। दूसरा कोई ऐसा लघुकाय महाग्रंथ अबतक न तो रचा ही गया है और न कदाचित् भविष्य में ही निर्मित हो सके।

गीता की महत्ता-समन्वयदृष्टि

इस संग्रह की सबसे बड़ी विशेषता है विभिन्न दार्शनिक दृष्टियों में समन्वयात्मक सामञ्जस्य स्थापित करना। इस उपनिषत्संहिता में सांख्ययोग में अद्वैतमत-द्वैतमत में, कर्मवाद और सन्यासवाद में, भक्तिवाद और ज्ञानवाद में सर्वत्र समन्वय स्थापित किया गया है। उत्तरकालीन मत-संप्रदायों के समान उपर्युक्त सिद्धान्त एक-दूसरे के विरोधी नहीं वरन् सहायक और पूरक हैं।

यहाँ के कर्मवाद की व्याख्या के स्थानपर जिस अनासक्त कर्माचरण की प्रतिष्ठा की गई है, दुःखवाद से प्रेरित संन्यासवाद को हटाकर जिस प्रकार कर्म-फल-संन्यास का महत्व बताया गया है—यह अत्यंत अभिनव और कल्याणकर कल्पना है। गीता अपने श्रद्धालु अध्येता को युग-युग तक अनासक्त कर्म करने की प्रेरणा देती रहेगी। यह कर्म-प्रेरणा भी अद्भुत है। जीवन के संघर्षों में संलग्न रहकर लोक-कल्याण की कामना से स्फूर्ति प्राप्तकर सत्पक्ष की स्थापना के हेतु कर्म करना, आलस्य-हीन होकर अतंद्रित रहकर विश्व में आसुरी भाव, आसुरी वृत्ति, आसुरी राज्य की स्थापना के लिए लड़नेवालों के उन्मूलन में अनासक्तभाव से प्रवृत्त होना ही कर्ममार्ग है, कर्मयोग है।

ज्ञान, कर्म, भक्ति का समन्वय

यह कर्मयोग तभी संभव है जब मनुष्य की अन्तर्दृष्टि अनन्तकोटिब्रह्माण्ड-नायक अगणितलोकाधार विराट् पुरुष के सर्वव्यापित्व का अनुभवात्मक साक्षात्कार कर ले। यह अनुभवात्मक साक्षात्कार अथवा यह बुद्धियोग, यह ज्ञानदृष्टि या ज्ञानिजनसुलभ तत्वदर्शन की क्षमता उन्हीं को प्राप्त होती है जिनपर भगवान् की महती अनुकंपा होती है—

तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम्।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयांतिते॥
तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता॥

श्रीमद्भागवत, अ० १०।१०–११

इस प्रकार हम देखते हैं कि गीता की भक्ति, गीता की अनन्य उपासना वस्तुतः ज्ञानमूलक है। विश्वात्मा के निखिल-अनन्तकोटिब्रह्माण्डव्यापित्वका अनुभव होनेपर ही उसके सर्वकर्तृत्व, सर्वप्रेरकत्व, सर्वसंचालकत्व की प्रतीति

होनेपर ही जब तदंशभूत मानव उसकी परम महत् सत्तापर अपने को निछावर करता है तभी वह भक्त की कोटि में आता है।

यहाँ वस्तुतः ज्ञान और भक्ति, एक दूसरे के पूरक हैं। ज्ञानभितिपर आश्रित भक्ति ही सच्ची भक्ति है और ज्ञान की प्राप्ति भगवान् की उस कृपा से ही संभव है जो अपने भक्तपर अनुकम्पाधीन भगवान् बरसाते रहते हैं। और इन ज्ञानी भक्तों को श्री गीता में कर्मसंन्यास का उपदेश नहीं दिया गया है वरन फलप्राप्तिकामना के संन्यास का उपदेश दिया गया है। गीताके मतानुसार जीवन से भागकर उसके संघर्षों से त्रस्त होकर एकान्त वैयक्तिक उपासना का, तप साधन का उतना महत्व नहीं है, जितना कर्मयोग का है।

समाज की हितचिन्ता

कर्मपराङ्मुखता वस्तुतः दुर्बल हृदय की पलायन मनोवृत्ति है। व्यक्ति वस्तुतः विश्वात्मक समष्टिका एक अंगमात्र है। अपनी समष्टि के कल्याण चिन्तन की भावनाका त्यागकर, समस्त शरीर के उपकार का विचार छोड़कर, केवल स्व-अवयव का लाभचिन्तन कदाचित् समाज की आहत-चिन्ता होगी।

ऐसा जान पड़ा है कि गीता की व्यापक दृष्टि समष्टि की ओर ही रही। महासमष्टि में व्यष्टि को गीता ने कोई महत्व नहीं दिया है, समाजहित की तुलना में वैयक्तिक लाभ की चिन्ता को गीता ने अश्रेयस्कर बताया है।

अर्जुन के प्रश्न से आरंभ में ही यह बात दिखाई पड़ती है—

"उत्साद्यंते जातिधर्माः कुलधर्माश्च शाश्वताः।"

अर्जुन कहते हैं—राज्यसुखलोभके वशीभूत होकर जो मैं यह हत्याव्यवसाय करने जा रहा हूँ वह महापातक है, उससे कुलधर्म, जातिधर्म विनष्ट हो जायँगे।

प्रश्न का केन्द्रबिन्दु

भगवान् कृष्ण अर्जुन की इसी भावना का उच्छेदन प्रायः समस्त गीता में करते हैं। वे कहते हैं कि तुम युद्ध तो करो पर राज्यसुखलोभ के वशीभूत होकर नहीं, स्वार्थ प्रेरित होकर नहीं, वरन् उस भावना से उत्प्रेरित होकर जिससे भगवान् भी विचलित होकर इस धरित्रीपर युग-युग में अवतरित होते है—

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे-युगे॥

वे आते हैं यहाँ के समाज की अव्यवस्था दूर करने, धरित्री को अत्याचार से मुक्त करने, धर्मग्लानि को रोकने और धर्म को प्रतिष्ठित करने।

भगवान् अर्जुन को भी समझाते हैं कि तुम अपने को कर्त्ता और प्रभु

राजघाट पर
बालिकाओं के छात्रावास का
शिलान्यास करते हुए
(१९५३)

समझ कर, विजयकामना और राज्यसुख के वशीभूत होकर युद्ध मत करो। वैसा करोगे तो तुम्हारी भी गणना आसुरीभावाश्रित लोगों में होगी।

असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम् ।
अपरस्परसंभूतं किमन्यत्काम हैतुकम् ॥
एतां दृष्टिमवष्टभ्य नष्टात्मानोऽल्पबुद्धयः ।
प्रभवन्त्युग्रकर्माणः क्षयाय जगतोऽहिताः ॥

....

ईहन्ते कामभोगार्थमन्यायेनार्थसंञ्चयान् ॥

गीता के १६ वें अध्याय में ७ वें श्लोक से १८-वें श्लोक तक आसुरी भाव-वालों की मनोवृत्ति का जो चित्र खींचा गया है, उसी प्रसंग में उक्त संस्कृत अंश आया है। उस प्रसंग में बताया गया है कि इस जगत् की सत्ता को ईश्वर हीन मानने वाले, इसे असत्य समझने वाले सृष्टि को काम हैतुक मात्र समझते हैं। वे वस्तुतः जगत्के अहित चिन्तक होते हैं, और अपने उग्र कर्मों से संसार का क्षय करते हैं। अपने कामोपभोग के लिए समाज की चिन्ता भूलकर समस्त संसार का हिताहित विस्मृत करके, न्याय या अन्याय—किसी भी साधन से अपने साध्य को प्राप्त करना चाहते हैं।

भगवान् अर्जुन उसी मूल प्रश्न—'राज्यसुखलोभेन' को लेकर बताते हैं कि आसुरी और तामसी वृत्ति और प्रवृत्ति को लेकर युद्ध करो अवश्य, किन्तु सत्य की, धर्म की स्थापना के लिए, जगत् कल्याण के लिए। पर युद्ध से पूर्व, कर्म करने से पहले महाविश्वात्मा की सर्वव्यापकता जान लो। उसकी सर्वप्रेरकता, सर्व-शक्तिमत्ता, सर्वकर्तृत्व आदि का ज्ञान प्राप्त कर लो। उसकी अगणनीय गुण-गरिमा, विराट् महिमा की परम मोहकता से मुग्ध हो जाओ। और तब अपने को, अपने कर्मों और आचरणों को अपनी श्रद्धा और अपने विश्वास को, उस विराट् को सर्वतोभावेन समर्पित करके अन्तर्लीन करके कर्म करो।

इससे व्यक्ति का कल्याण होगा, समाज का कल्याण होगा और विश्व का कल्याण होगा।

ज्ञानमूला भक्तिभावना से भगवदर्पित यही अनासक्त कर्माचार गीता का मूल साध्य है। गीता में इसी का उपदेश है, इसी का निर्देश है और ज्ञानभक्ति-समन्वित इसी कर्मवाद को प्रतिष्ठित किया गया है।

———

आर्यसंस्कृति का आधार कर्तव्यपरायणता।

(श्रीमाधव प्रसाद खन्ना/काशी)

संस्कृति शब्द प्राचीन संस्कृत साहित्य में नहीं मिलता। संस्कार शब्द का प्रयोग होता रहा है जिस का अर्थ है परिष्कार। १६ संस्कारों द्वारा शरीर व आत्मा सुसंस्कृत किये जाने का वर्णन है जिस से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति हो सके। धर्म-नहि सत्यात्परो धर्मः—सत्य सेपरे धर्म नहीं है। अर्थ जो धर्म से प्राप्त किया जाय। कामइच्छा व मनोरथ जो धर्मयुक्त हो। मोक्षसब दुःखों से छूटना यानी आनन्द अवस्था, निर्वाण। इनका सम्बंध जीवन पर्यंत है। संस्कारों में कर्तव्यपरायणता का उद्देश्य है जिसका साधन आचार-विचार पर अवलम्बित है। मनु ने भी 'आचारः प्रथमो धर्मः श्रुत्युक्तः स्मृति एव च, लिखा है। सदाचार प्रथम धर्म है। सदाचार ही जीवन है व दुराचार मृत्यु। सदाचार ही महाजनों का पथ है क्योंकि वे सदा कर्तव्य परायण रहते हैं। प्राचीन आर्य अपने कर्तव्य पालन में दृढ़ता से क्रियावान रहते थे। वे कर्तव्य साधन में हजारों कष्टों का सामना करते थे क्योंकि संस्कारों द्वारा उनके आचार परिष्कृत थे। इसीसे उनके नाम से सम्बोधित संस्कृति का आधार कर्तव्यपरायणता है। आर्य संस्कृति का अभिप्राय आत्म-बोध तक पहुँचना है। आचार-विचार सम्बंधित आर्य संस्कृति की मानवता को आत्मा व परमात्मा की धारणा का बहुत बड़ी देन हैं। जिस संस्कृति में यह धारणा होगी उसमें कर्तव्य परायणता के भाव अधिक होंगे। पशु सृष्टि व मनुष्य सृष्टि में भोजन, निद्रा, भय, मैथुन में समानता होने पर भी आचार-विचार-सम्बंधी बहुत बड़ा भेद है। पशुओं में आचार-विचार नहीं है। मनुष्य का ध्यान इस पर अधिक दिलाया गया है। जीवन का महत्व वही है जब सदाचार की मात्रा अधिक हो क्योंकि जीवन का मुख्य ध्येय सदाचार ही है। जो आचार भ्रष्ट है वह कर्तव्य विहीन है। आचार-विचार की विभिन्नता से ही जातियों को संस्कृति-भेद का पता लगता है। आचार ही कर्तव्यपरायणता की नीव है इस लिये आचार सम्बंधी विवेचन करना परमावश्यक है।

वैदिक काल।

श्रुति में आचार पर ध्यान दिया गया है। आर्य संस्कृति का स्रोत वेदों से है। वेद संसार के प्राचीनतम ग्रंथ हैं इसलिये आर्य संस्कृति भी प्राचीनतम है। मनु ने भी आचार के सम्बंध में श्रुत्युक्तः लिखा है। इस सम्बंध के कुछ वैदिक मंत्रों के भाव को जानना जरूरी है। वेदों के मानने वाले दो प्रकार के

हैं। पौरुषेय, व अपौरुषेय। दोनों ने कुछ वैदिक मंत्रों में आचार सम्बंधी प्रार्थना मानी है। वेदका मुख्य मंत्र गायत्री है। इसमें आचार सम्बंधी प्रार्थना है। स्वामी दयानन्द वेदों को अपौरुषेय मानते थे। उनके गायत्री सम्बंधी अनुवाद का सारांश यह है "ईश्वर प्रेरणा करे। बुरे कामोंमें छुड़ाकर अच्छे कामों में प्रवृत करे।" डा० विलसन का, जो वेदों को पौरुषेय मानते थे गायत्री मंत्र का अनुवाद भी आचार पर निर्भर है। "आर्य लोग मनोहर प्रकाश का ध्यान करते हैं जो हम लोगों को पवित्र कर्म में प्रवृत्त करता है" वेदों के कुछ अन्य मंत्रों में भी आचार सम्बंधी प्रमाण मिलते हैं। उदाहरणार्थ—हे सब सुखों के दाता परमेश्वर आप कृपा करके हमारे सम्पूर्ण दुर्गुण, दुर्व्यसन और दुःखों को दूर कर दीजिये। जो कल्याण कारकगुण, कर्म, स्वभाव और पदार्थ हैं वह सब हम को प्राप्त हों। यजुर्वेद—हे सकल सुख दाता परमेश्वर आप हमलोगों को उत्तम कर्म प्राप्त कराइये और हमसे कुटिलतायुक्त पाप रूपी कर्म को दूर कीजिये।

उपनिषद काल।

उपनिषद काल में भी आचार की श्रेष्ठता मानी गई है। तैत्तिरीय उपनिषद में उल्लेख है कि जो अनिन्दनीय कर्म हैं वे ही करने योग्य हैं। यथार्थ आचरण, सत्याचार, इन्द्रियों को बुरे आचरणों से रोक के मनुष्य सम्बंधी व्यवहारों को यथा योग्य करते हुए पढ़ते पढ़ाते जांय या जो काम निष्कलंक हैं उन्हीं के करने में चित्त लगाओ। सत्यं वद, धर्मं, चर। छांदोग्योपनिषद में कहा है कि शुभ गुणों से संगत और सत्य कर्तव्य सहित ब्रह्मचारी रह कर वेदादि विद्या प्राप्त करे। राजा अश्वपति कैकेय कहते हैं कि मेरे राज्य में चोर, कंजूस, शराबी, व्यभिचारी, व्यभिचारिणी नहीं हैं।

योगसूत्र के ५ यम यानी अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना) ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह तथा ५ नियम यानी शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान (ईश्वर की भक्ति) यह दसों कर्तव्य माने गये हैं।

स्मृति काल।

स्मृतियों ने आचार पर बड़ा ध्यान दिलाया है। मनु—मनः पूतं समाचरेत-मन से विचार कर आचरण करे। सर्वस्य तपसो मूलं आचारं। सदाचार से दीर्घ आयु प्राप्त होती है। सदाचार से अच्छी संतान उत्पन्न होती है। सदाचार ही अक्षय धन है। सदाचार से सब स्वभाव दोष नष्ट होते हैं। दुराचारी मनुष्य लोक निन्दा का पात्र बनता है। निरंतर दुःख भोगने वाला रोगी तथा अल्पायु होता है। सब गुणों से रहित होने पर भी अगर मनुष्य सदाचारी, आस्तिक तथा ईर्षा रहित है तो वह शतायु होता है।

रामायण काल।

रामायण काल में आचार का कितना महत्व था वह दशरथ-परिवार से पता चलता है। राम की पितृ-भक्ति तथा एकपत्नी व्रत, सीता का पति प्रेम व राम के साथ कष्ट सहना, लक्ष्मण का भ्रातृ-प्रेम व आज्ञाकारी होना, भरत का भ्रातृ-स्नेह, हनुमान की दृढ़ भक्ति आर्य संस्कृति की कर्तव्यपरायणता का उज्ज्वल उदाहरण है। वाल्मीकि नारद से पूछते हैं कि पृथ्वी पर कोई ऐसा पुरुष बताओ जो कर्तव्यपरायण, ज्ञानी, सत्यवादी हो, जिसने मनोविकार को जीता हो। नारद उत्तर देते हैं कि राम कर्तव्यपरायण व चरित्रवान हैं। इसी से राम मर्यादा पुरुषोत्तम माने गये हैं। सीता का चरित्र भी प्रशंसनीय है। हिन्दू स्त्रियाँ सीता के चरित्र को आदर्श मानती हैं। सीता रावण से कहती है कि मैं कभी भी चरित्रहीनता का पाप न करूंगी। भरत का राज्य-त्याग का आदर्श तथा लक्ष्मण का सीता के केवल पैर के आभूषण को पहिचानना कितना उच्च चरित्र है।

वशिष्ठ कहते हैं कि हे राम जो कुछ सम, स्वच्छ और निर्विकार बुद्धि से किया जाता है उससे कभी भी कोई दोष उत्पन्न नहीं होता।

महाभारत काल।

विदुर कहते हैं कि मनुष्य के लिये शील (सदाचार) ही प्रधान है जिसका यह बिगड़ जाता है उसका जीवन, धन, बांधव व्यर्थ हैं। सदाचार विहीन मनुष्य चाहे ऊंचे कुल में भी उत्पन्न हुआ हो आदरणीय नहीं हो सकता। नीचे कुल में भी उत्पन्न होने वाला मनुष्य सच्चरित्र हो तो आदरणीय है। युधिष्ठिर के प्रश्नों का उत्तर भीष्म देते हैं कि सदाचार से ही मनुष्य दीर्घायु होता है तथा लक्ष्मी को प्राप्त होता है। धर्म का मुख्य रूप सदाचार है। सदाचार ही से मनुष्य सज्जन समझा जाता है। शुद्धहृदय जो कुछ करते हैं वह सदाचार है। श्रीकृष्ण का कर्मयोग भी कर्तव्य है। उनका सारा जीवन कर्तव्यपरायण रहा है।

जैन व बौद्ध काल।

जैन धर्म में आचरण पर बड़ा जोर दिया गया है। महावीर स्वामी उपदेश देते हैं कि निर्वाण के लिये आचरण, ज्ञान ठीक होना चाहिये। जैनी गृहस्थी आनन्द बड़ा अमीर था। उसके पास ४ करोड़ स्वर्ण मुद्रा, १ हजार छकड़े तथा बहुत भूमि थी। आनन्द कहता है कि मैं ने कुव्यवहार, असत्य भाषण, चोरी का त्याग किया है। भगवान बुद्ध का साक्षात कृत धर्म सरल, अष्टांगिकमार्ग, सत्य विश्वास, सत्य कामना सत्य वाक्य, सत्य व्यवहार, जीवननिर्वाह के सत्य उपाय, सत्य उद्योग, सत्य विचार, सत्यध्यान प्रसिद्ध हैं। पंचशील में भी सदाचार पर जोर दिया है। भारत का सौभाग्य है कि अशोक की १४ सूचनाएं

चट्टानों, स्तूपों पर प्राप्य है। नालंदा विश्वविद्यालय में आचारपर कड़ा ध्यान रखा जाता था। चाणक्य-नीति प्रसिद्ध है। उसमें सदाचार का उल्लेख है। चाणक्य उत्तम कर्म से मनुष्य का मुहूर्त भर भी जीना अच्छा समझते हैं। दुष्ट कर्म से कल्पभर भी जीना उत्तम नहीं। "जिसका आचरण बुरा है; जिसकी दृष्टि पाप में रहती है तथा जो दुर्जनों की मैत्री करने वाला है वह नष्ट हो जाता है।

गुरु नानक साहब कहते हैं कि शरीर को पवित्रता व संयम का स्थान बनाओ।

मनु का यह वाक्य कि "सर्वस्य तपसो मूलं आचारं" के साक्षात् करने वाले आर्यों के उदाहरण जो संस्कृत साहित्य में भरे हुए हैं परन्तु यह ३ सर्वश्रेष्ठ तथा कर्तव्यपरायण नाम यानी मर्यादा पुरुषोत्तम राम, कर्तव्यपरायण कृष्ण तथा करुणा के अवतार बुद्ध तो हर एक हिन्दू की जबान पर सोते जागते चढ़े रहते हैं। इन ३ महान आत्माओं की जीवनी के मनन करने से आर्य संस्कृति के स्वरूप तथा आचार का पता लगता है।

भारतीय संस्कृति की वास्तविक दृष्टि

जिस रूप में भारतीय संस्कृति का प्रश्न आज देश के सामने है, उस रूप में उसका इतिहास अधिक प्राचीन नहीं है। तो भी यह कहा जा सकता है कि स्वतन्त्रता प्राप्ति के अनन्तर इस पर विशेष ध्यान गया है।

वर्तमान भारत में यह प्रश्न क्यों उठा? यह विषय रुचिकर होने के साथ-साथ मनन करने के योग्य भी है। हमारे मत से तो इसका उत्तर यही है कि, विदेशीय संघटित विचारधारा तथा राजनीतिक शक्ति के आक्रमण का प्रतिरोध करने की दृष्टि से, हमारे मनीषियों ने अनुभव किया कि सहस्रों वर्षों की क्षुद्र तथा संकीर्ण सांप्रदायिक विचार-धाराओं और भावनाओं के विघटनकारी दुष्प्रभाव को देश से दूर करने के लिए आवश्यक है कि जनता के सामने विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों में एक सूत्र-रूप से व्यापक, मौलिक तथा समन्वयात्मक विचार-धारा रक्खी जाए। भारतीय संस्कृति की भावना को उन्हों ने ऐसा ही समझा। वर्तमान भारत में भारतीय संस्कृति के प्रश्न के उठने का यही कारण हमारी समझ में आता है।

संस्कृति शब्द का अर्थ

'संस्कृति' शब्द का क्या अर्थ है? इस प्रश्न के झगड़े में हम इस समय पड़ना नहीं चाहते। सब लोग इसका कुछ-न कुछ अर्थ समझकर ही प्रयोग करते हैं। तो भी प्रायः निर्विवाद रूप से इतना कहा जा सकता है कि—

"कस्यापि देशस्य सामाजस्य वा विभिन्नजीवनव्यापारेषु सामाजिकसम्बन्धेषु वा मानवीय-दृष्ट्या प्रेरणाप्रदानां तत्तदादर्शानां समष्टिरेव संस्कृतिः। वस्तुतस्तस्यामेव सर्वस्यापि सामाजिक-जीवनस्योत्कर्षः पर्यवस्यति। तथैव तुलया विभिन्नसभ्यतानामुत्कर्षापकर्षौ मीयेते। किं बहुना, संस्कृतिरेव वस्तुतः 'सेतुर्विधृतिरेषां लोकानामसंभेदाय' (छान्दोग्योपनिषद् ८/४/१) इत्येवं वर्णयितुं शक्यते। अतएव च सर्वेषां धर्माणां सम्प्रदायानामाचाराणां च परस्परं समन्वयः संस्कृतेरेवाधारेण कर्तुं शक्यते।" (प्रबन्धप्रकाश, भाग २, पृ० ३)।

इसका अभिप्राय यही है कि किसी देश या समाज के विभिन्न जीवन-व्यापारों में या सामाजिक सम्बन्धों में मानवता की दृष्टि से प्रेरणा प्रदान करनेवाले उन-उन आदर्शों की समष्टि को ही संस्कृति समझना चाहिए। समस्त सामाजिक जीवन की समाप्ति संस्कृति में ही होती है। विभिन्न सभ्यताओं का उत्कर्ष तथा अपकर्ष संस्कृति के द्वारा ही नापा जाता है। उसके द्वारा ही लोगों को संघटित किया जाता है। इसीलिए संस्कृति के आधार पर ही विभिन्न धर्मों, सम्प्रदायों और आचारों का समन्वय किया जा सकता है।

विद्वानों का इस विषय में ऐकमत्य ही होगा कि ऊपर के अर्थ में 'संस्कृति' शब्द का प्रयोग प्रायः बिल्कुल नया ही है।

भारतीय संस्कृति के विषय में विभिन्न दृष्टियाँ

संस्कृति के विषय में सामान्य रूप से उपर्युक्त विचार के होने पर भी, भारतीय संस्कृति की भावना के विषय में बड़ी गड़बड़ दिखाई देती है। इस विषय में देश के विचारकों की प्रायः परस्पर विरुद्ध या विभिन्न दृष्टियाँ दिखाई देती हैं।

इस विषय में अत्यन्त संकीर्ण दृष्टि उन लोगों की है, जो परम्परागत अपने-अपने धर्म या सम्प्रदाय को ही 'भारतीय संस्कृति' समझते हैं। संस्कृति के जिस व्यापक या समन्वयात्मक रूप की हमने ऊपर व्याख्या की है, उसकी ओर उनका ध्यान ही नहीं जाता है। 'कल्याण' ने कुछ वर्ष पहले एक 'संस्कृति-विशेषांक' निकाला था। उसमें लेख लिखने वाले अधिकतर ऐसे ही सज्जन थे, जिनको कदाचित् यह भी ज्ञान नहीं था कि प्राचीन 'धर्म', 'सम्प्रदाय', 'सदाचार' आदि शब्दों के रहने पर भी देश में 'संस्कृति' शब्द के इस समय प्रचलन का मुख्य लक्ष्य क्या है ?

दूसरी दृष्टि उन लोगों की है, जो भारतीय संस्कृति को, भारतान्तर्गत समस्त सम्प्रदायों में व्यापक न मान कर, कुछ विशिष्ट सम्प्रदायों से ही संबद्ध मानते हैं। इस दृष्टि वाले लोग यद्यपि उपर्युक्त पहली दृष्टि वालों से काफी अधिक उदार हैं, तो भी देखना तो यह है कि उपर्युक्त विचार-धारा से प्रभावित भारतीय संस्कृति में वर्तमान भारत की कठिन साम्प्रदायिक समस्याओं के समाधान की, तथा साथ ही संसार की सतत प्रगतिशील विचार-धारा के साथ भारतवर्ष को आगे बढ़ाने की कहाँ तक क्षमता है। यदि नहीं, तब तो यही प्रश्न उठता है कि कहीं भारतीय संस्कृति के इस नवीन आन्दोलन से देश को लाभ के स्थान में हानि ही न उठानी पड़े ? हमें तो ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ ही दिनों पहले तक सबसे सम्मानित 'भारतीय संस्कृति' शब्द उपर्युक्त विचार-धारा के कारण ही अब अपने पद से नीचे गिरने लगा है।

तीसरी दृष्टि उन लोगों की है जो भारतीय संस्कृति को देश के किसी विशिष्ट एक या अनेक सम्प्रदायों से परिमित या बद्ध न मान कर, समस्त सम्प्रदायों में एक सूत्र-रूप से व्यापक, अतएव सबके अभिमान की वस्तु काफी लचीली, सहस्रों वर्षों से भारतीय परम्परा से प्राप्त संकीर्ण साम्प्रदायिक भावनाओं और विषमताओं के विष को दूर करके राष्ट्र में एकात्मकता की भावना को फैलाने का एकमात्र साधन समझते हैं। स्पष्टतः इसी दृष्टि से भारतीय संस्कृति की भावना देश की अनेक विषम समस्याओं के समाधान का एकमात्र साधन हो सकती है।

दूसरी ओर, लक्ष्य या उद्देश्य की दृष्टि से भी, भारतीय संस्कृति के सम्बन्ध में लोगों में विभिन्न धारणाएं फैली हुई हैं। कोई तो इसको प्रतिक्रियावादिता या

पश्चाद्गामिता का ही पोषक या समर्थक समझते हैं। संस्कृति-रूपी नदी की धारा सदा आगे को ही बहती है, इस मौलिक सिद्धान्त को भूल कर वे प्रायः यही स्वप्न देखते हैं कि भारतीय संस्कृति के आन्दोलन के सहारे हम भारतवर्ष की सहस्रों वर्षों की प्राचीन परिस्थिति को फिर से वापिस ला सकेंगे। पश्चाद्गामिता की इसी विचार-धारा के कारण देश का एक बड़ा प्रभाव-सम्पन्न वर्ग भारतीय संस्कृति की भावना का घोर विरोधी हो उठा है, या कम-से-कम उसको सन्देह की दृष्टि से देखने लगा है।

दूसरे वे लोग हैं, जो भारतीय संस्कृति को देश के परस्पर-विरोधी तत्त्वों को मिलाने वाली, गंगा की सतत अग्रगामिनी तथा विभिन्न धाराओं को आत्मसात् करनेवाली धारा के समान ही सतत-प्रगतिशील, और स्वभावतः समन्वयात्मक समझते हैं। प्राचीन परम्परा से जीवित सम्बन्ध रखते हुए वह सदा आगे ही बढ़ेगी। इसीलिए उसे संसार के किसी भी वस्तुतः प्रगतिशील वाद से न तो कोई विद्वेष हो सकता है, न भय।

उपर्युक्त विभिन्न विचार-धाराओं के प्रभाव के कारण ही भारतीय संस्कृति के आधार के विषय में भी विभिन्न मत प्रचलित हो रहे हैं।

साम्प्रदायिक दृष्टिकोण

इस सम्बन्ध में जनता में सबसे अधिक प्रचलित मत विभिन्न सम्प्रदायवादियों के हैं। लगभग दो-ढाई सहस्र वर्षों से इन्हीं सम्प्रदायवादियों का बोलबाला भारत में रहा है। इन सम्प्रदायों के मूल में जो आर्थिक, जातिगत, समाजगत या राजनीतिक कारण थे, उनका विचार यहाँ हम नहीं करेंगे। तो भी इतना कहना अप्रासंगिक न होगा कि इस दो-ढाई सहस्र वर्षों के काल में भी भारतवर्ष की राजनीतिक तथा सामाजिक परिस्थितियों में इन सम्प्रदायवादियों का काफी हाथ रहा है।

अपने-अपने संप्रदाय तथा परम्परा को ही सृष्टि के प्रारम्भ से ब्रह्मा, शिव आदि के द्वारा प्रायः प्रवर्तित कहने वाले, तथा अपने से भिन्न संप्रदायों को प्रायः अपने से हीन कहने वाले, इन लोगों के मत में तो 'विशुद्ध' भारतीय संस्कृति का आधार उनके ही संप्रदाय के प्रारम्भिक रूप में ढूंढना चाहिए। वैदिक, तांत्रिक, शैव, शाक्त, जैन, बौद्ध जैसे संप्रदाय प्रायः इसी कोटि में आ जाते हैं।

ये लोग अपने-अपने संप्रदाय से अनन्तर-भावी या भिन्न संप्रदायों को प्रायः अपने मौलिक धर्म का विकृत या बिगड़ा हुआ रूप ही समझते हैं।

उदाहरणार्थ मनु के—

> चातुर्वर्ण्यं त्रयो लोकाश्चत्वारश्चाश्रमाः पृथक्।
> भूतं भव्यं भविष्यं च सर्वं वेदात् प्रसिद्ध्यति ॥ (१२।९७)
> या वेदबाह्याः स्मृतयो याश्च काश्च कुदृष्टयः।

सर्वास्ता निष्फलाः प्रेत्य तमोनिष्ठा हि ताः स्मृताः ।
उत्पद्यन्ते च्यवन्ते च यान्यतोऽन्यानि कानिचित् ।
तान्यर्वाक्कालिकतया निष्फलान्यनृतानि च ॥ (१२।९५-९६)

(अर्थात्, चातुर्वर्ण्य और चारों आश्रमों के साथ-साथ भूत, वर्तमान और भविष्य तथा तीनों लोकों का परिज्ञान वेद से ही होता है। वेदबाह्य जो भी स्मृतियाँ या संप्रदाय हैं, वे तमोनिष्ठ तथा नवीन होने के कारण निष्फल और मिथ्या हैं।) इत्यादि वचन, युगों के क्रम से धर्म के ह्रास की कल्पना, मनुस्मृति जैसे ग्रन्थों में शूद्रराज्य की विभीषिका, पुराणों में "नन्दान्तं क्षत्रियकुलम्" (अर्थात् नन्दों के अनन्तर वैदिक संप्रदाय के पोषक क्षत्रिय राजाओं का अन्त), धर्मशास्त्रों में चातुर्वर्ण्य के सिद्धान्त के साथ संकरज जातियों की स्थिति की कल्पना, इत्यादि समस्त विचारधारा उन्हीं संप्रदायवादियों का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति को प्रगतिशील और समन्वयात्मक न मान कर केवल अपने-अपने संप्रदाय में ही अपनी विचारधारा को बद्ध रखते हैं।

एक मात्र शब्द-प्रमाण की प्रधानता, असहिष्णुता की भावना और भारत के वर्तमान या ऐतिहासिक स्वरूप के समझने में वैज्ञानिक समष्टि दृष्टि का अभाव—इन बातों में ही इन लोगों का मुख्य वैशिष्ट्य दीख पड़ता है।

यह विचित्र-सी बात है कि हमारे कुछ आधुनिक इतिहास लेखक तथा विचारक भी इस (बुद्धि-पूर्वक या अबुद्धि पूर्वक) पूर्वग्रह (Prejudice) से शून्य नहीं हैं। सांप्रदायिक या जातिगत पूर्वग्रह के कारण वे भारतीय संस्कृति के इतिहास के अध्ययन में समष्टि-दृष्टि न रख कर, एकांगी दृष्टि से ही काम लेते रहे हैं। केवल बौद्धों आदि पर भारत के अधःपतन का दोष मढ़ना, ऐसे ही लोगों का काम है।

ऐतिहासिक गवेषणा में हमारी एकांगी दृष्टि का प्रधान कारण यह होता है कि हम प्रायः अपनी दृष्टि को संस्कृत साहित्य में ही परिमित कर देते हैं। पर संस्कृत साहित्य में कितनी अधिक एकांगिता है, इसका ज्वलन्त प्रमाण इसी से मिल जाता है कि बौद्धकालीन उस इतिहास का भी, जिसको हम भारत का स्वर्ण-युग कह सकते हैं, संस्कृत साहित्य में प्रायः उल्लेख ही नहीं है। 'व्याकरण महाभाष्य' में पाणिनी के "येषां च विरोधः शाश्वतिकः" (२।४।९) [अर्थात् जिनमें परस्पर शाश्वतिक विरोध होता है, उनके वाचक शब्दों का द्वन्द्व समास एक वचन में रहता है] इस सूत्र का एक उदाहरण 'श्रमण ब्राह्मणम्' दिया है। इसका स्पष्ट अर्थ यही है कि कम-से-कम ईसा से कई सौ वर्ष पूर्व से ही श्रमण (अर्थात् बौद्ध) और ब्राह्मणों में सर्प और नकुल जैसी शत्रुता रहने लगी थी। संस्कृत साहित्य की उपर्युक्त एकांगिता के मूल में ऐसे ही कारण हो सकते हैं। यही बात संस्कृतेतर साहित्यों के विषय में भी कही जा सकती है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण

भारतीय संस्कृति के आधार के विषय में उपर्युक्त सांप्रदायिक तथा एकांगी दृष्टि के मुकाबले में आधुनिक विज्ञानमूलक ऐतिहासिक दृष्टि है। इसके अनुसार भारतीय संस्कृति को उसके उपर्युक्त अत्यन्त व्यापक अर्थ में लेकर, उसको स्वभावतः प्रगतिशील तथा समन्वयात्मक मानते हुए, वैदिक परम्परा के संस्कृत साहित्य के साथ बौद्ध-जैन साहित्य तथा सन्तों के साहित्य के तुलनात्मक अध्ययन, मूक जनता के अनंकित विश्वास और आचार विचारों के परीक्षण और भाषा के साथ-साथ पुरातत्त्व-सम्बन्धी ऐतिहासिक तथा प्रागैतिहासिक साक्ष्य के अनुशीलन के द्वारा समष्टि दृष्टि से भारतीय संस्कृति के आधारों का अनुसन्धान किया जाता है।

उपर्युक्त दोनों दृष्टियों में किसका कितना मूल्य है, यह कहने की बात नहीं है। स्पष्टतः उपर्युक्त वैज्ञानिक दृष्टि से ही हम भारतीय संस्कृति के उस समन्वयात्मक तथा प्रगतिशील स्वरूप को समझ सकते हैं, जिसको हम वर्तमान भारत के सामने रख सकते हैं और जिसमें भारत के विभिन्न संप्रदायों और वर्गों को ममत्व की भावना हो सकती है। हम इस लेख में इसी दृष्टि से, संक्षेप में ही, संस्कृति के आधारों की विवेचना करना चाहते हैं।

भारतीय संस्कृति के मौलिक आधार

भारतीय संस्कृति के आधार के विषय में उपर्युक्त समन्वय-मूलक दृष्टि का क्षेत्र यद्यपि आज के वैज्ञानिक युग में अत्यधिक व्यापक और विस्तृत हो गया है, तो भी यह दृष्टि नितरां नवीन-कल्पना मूलक है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। भारतवर्ष के ही विद्वानों की परम्परागत प्राचीन मान्यताओं में इस दृष्टि की पुष्टि में हमें पर्याप्त आधार मिल जाता है। उदाहरणार्थ, संस्कृत के ज्ञाताओं से छिपा नहीं है कि वर्तमान पौराणिक हिन्दू धर्म के लिए निगमागम-धर्म नाम पंडितों में प्रसिद्ध है। अनेक सुप्रसिद्ध ग्रन्थकारों के लिए, उनकी प्रशंसा के रूप में 'निगमागमपारावार-पारदृश्वा' कहा गया है। इसका अर्थ स्पष्टतः यही है कि परम्परागत पौराणिक हिन्दू धर्म का आधार केवल 'निगम' (या वेद) न होकर, 'आगम' भी है। दूसरे शब्दों में वह निगम-आगमधर्मों का समन्वित रूप है। यहाँ 'निगम' का मौलिक अभिप्राय, हमारी सम्मति में निश्चित या व्यवस्थित वैदिक परम्परा से है; और 'आगम' का मौलिक अभिप्राय प्राचीनतर प्राग्वैदिक काल से आती हुई वैदिकेतर धार्मिक या संस्कृतिक परम्परा से है। 'निगमागमधर्म' की चर्चा हम आगे भी करेंगे। यहाँ तो हमें केवल यही दिखाना है कि प्राचीन भारतीय विद्वानों की भी अस्पष्ट थी कि रूप से यह भावना भारतीय संस्कृति का रूप समन्वयात्मक है।

इसके अतिरिक्त साहित्य आदि के स्वतन्त्र साक्ष्य से भी हम इसी परिणाम पर पहुँचते हैं। सबसे पहले हम वैदिक संस्कृति से भी प्राचीनतर प्राग्वैदिक जातियों और उनकी संस्कृति के विषय में ही कुछ साक्ष्य उपस्थित करना चाहते हैं।

अपने मूल रूप में एक प्राग्वैदिक देवता था, जिसका पीछे से शनैः शनैः वैदिक रुद्र के साथ एकीभाव हो गया।

वैदिक तथा प्रचलित पौराणिक उपास्य देवों और कर्मकाण्डों की पारस्परिक तुलना करने से भी हम बरबस इसी परिणाम पर पहुंचते हैं कि प्रचलित हिन्दू देवताओं और कर्म-काण्ड पर एक वैदिकेतर, और बहुत अंशों में प्रागैतिहासिक, परम्परा की छाप है।

प्राचीन वैदिक धर्म की अपेक्षा पौराणिक धर्म में उपास्य-देवों की संख्या बहुत बढ़ गयी है। वैदिक धर्म के अनेक देवता (ब्रह्मणस्पति, पूषा, भग, इन्द्र, मरुत्) या तो पौराणिक धर्म में प्रायः विलुप्त ही हो गये हैं या अत्यन्त गौण हो हो गये हैं। पौराणिक धर्म के गणेश, शिव, शक्ति और विष्णु ये मुख्य देवता हैं। वेद में इनका स्थान या तो गौण है या है ही नहीं। अनेक वैदिक देवताओं (जैसे, विष्णु, वरुण, शिव) का पौराणिक धर्म में रूपान्तर ही हो गया है। भैरव आदि ऐसे भी पौराणिक धर्म के अनेकानेक देवता हैं, जिनका वैदिक धर्म में कोई स्थान नहीं है।

पौराणिक देव--पूजा--पद्धति भी वैदिक पूजा--पद्धति से नितरां भिन्न है। पौराणिक कर्मकाण्ड में धूप, दीप, पुष्प, फल, पान, सुपारी आदि की पदे-पदे आवश्यकता होती है। वैदिक कर्मकाण्ड में इनका अभाव ही है।

वैदिक धर्म से प्रचलित पौराणिक धर्म के इस महान परिवर्तन को हम वैदिक तथा वैदिकेतर (या प्राग्वैदिक) परम्पराओं के एक प्रकार के समन्वय से ही समझ सकते हैं।

इसी प्रकार हमारी संस्कृति की परम्परा में विचार-धाराओं के कुछ ऐसे परस्पर-विरोधी द्वन्द्व हैं, जिनको हम वैदिक और वैदिकेतर धाराओं के साहाय्य के बिना नहीं समझ सकते। ऐसे ही कुछ द्वन्द्वों का संकेत हम नीचे करते हैं:—

१. कर्म और संन्यास

२. संसार और जीवन का उद्देश्य हमारा उत्तरोत्तर विकास है। उत्तरोत्तर विकास का ही नाम अमृतत्व है। यही निःश्रेयस है।

इसके स्थान में—

संसार और जीवन दुःखमय हैं। अतएव हेय हैं। इनसे मोक्ष या छुटकारा पाना ही हमारा ध्येय होना चाहिए।

३. ज्योतिर्मय लोकों की प्रार्थना[1] और नरकों[2] का निरन्तर भय, इन द्वन्द्वों

---

१. तुलना कीजिए :—उद्वयं तमसपरि स्वः पश्यन्त उत्तरम् (यजु० २०।२१) तमसो मा ज्योतिर्गमय। इत्यादि। २. 'नरक' शब्द ऋग्वेद संहिता, शुक्ल यजुर्वेद वा० संहिता, तथा सामवेद संहिता में एक बार भी नहीं आया है। अथर्ववेद संहिता में केवल एक बार प्रयुक्त हुआ है।

में पहला पक्ष स्पष्टतया वैदिक संस्कृति के आधार पर है। दूसरे पक्ष का आधार, हमारी समझ में, वैदिकेतर ही होना चाहिए।

हमें तो ऐसा प्रतीत होता है कि भारतवर्ष की प्राचीनतर वैदिकेतर संस्कृतियों में ही दूसरे पक्षों की जड़ होनी चाहिए। ऊपर संन्यासादि आश्रमों की उत्पत्ति के विषय में जो बौधायनधर्मसूत्र का मत हमने दिया है, उससे भी यही सिद्ध होता है। ऐसा होने पर भी हमारे देश के अध्यात्म-शास्त्र तथा दर्शन-शास्त्र का आधार ये ही द्वितीय पक्ष की धारणाएँ हैं। ये धारणाएँ अवैदिक हैं, यह सुनकर हमारे अनेक भाई चौंक उठेंगे। पर हमारे मत में तो वस्तु-स्थिति यही दीखती है।

इन्हीं दो प्रकार की विचार-धाराओं को बहुत अंशों में, हम क्रमशः ऋषि सम्प्रदाय और मुनि-सम्प्रदाय भी कह सकते हैं। 'ऋषि' तथा 'मुनि' शब्दों के मौलिक प्रयोगों के आधार पर हम इसी परिणाम पर पहुँचते हैं। 'मुनि' शब्द का प्रयोग भी वैदिक-संहिताओं में बहुत ही कम हुआ है। होने पर भी उसका 'ऋषि' शब्द से कोई सम्बन्ध नहीं है।

ऋषि-सम्प्रदाय और मुनि-सम्प्रदाय के सम्बन्ध में, संक्षेप में हम इतना ही यहाँ कहना चाहते हैं कि दोनों की मौलिक दृष्टियों में हमें महान् भेद प्रतीत होता है। जहाँ एक का झुकाव हिंसा-मूलक मांसाहार और तन्मूलक असहिष्णुता की ओर आ रहा है वहाँ दूसरे का अहिंसा तथा तन्मूलक निरामिषता तथा विचार-सहिष्णुता (तथा अनेकान्तवाद) की ओर आ रहा है। जहाँ एक की परम्परा में वेदों को सुनने के कारण ही शूद्रों के कान में शीशा पिलाने का विधान है, वहाँ दूसरी ओर इसने संसार भर के, शूद्रातिशूद्र के भी, हित की दृष्टि से बौद्ध, जैन, तथा सन्त सम्प्रदायों को जन्म दिया है। इनमें एक मूल में वैदिक, और दूसरी मूल में प्राग्वैदिक प्रतीत होती है।

इसी प्रकार हमारे समाज में वर्ण और जाति के आधार पर सामाजिक भेदों का द्वैविध्य दीखता है, यह भी इसी प्रकार का एक द्वन्द्व प्रतीत होता है।

पुरुषविध देवताओं के साथ-साथ स्त्रीविध देवताओं की पूजा, उपासना भी इसी प्रकार के द्वन्द्वों में से एक है।

हम एक और द्वन्द्व का उल्लेख करके अपने लेख के उपसंहार की ओर आते हैं। वह द्वन्द्व ग्राम और नगर का है। यह ध्यान देने योग्य बात है कि जहाँ 'ग्राम' शब्द वैदिक संहिताओं में अनेकत्र आया है, वहाँ 'नगर' का प्रयोग हमें एक बार भी नहीं मिला। वैदिक साहित्य और धर्मसूत्रों में भी वैदिक सभ्यता ग्राम-प्रधान दीखती है। दूसरी ओर नगरों के निर्माण में मय जैसे असुरों का उल्लेख पुराणों आदि में मिलता है। नगरों के साथ ही नागरिक शिल्प और कला-कौशल का विचार संबद्ध है। यह विचारणीय बात है कि वैदिक संस्कृति के वाहक ऊपरी तीनों वर्णों में कला और शिल्प का कोई स्थान नहीं है। इन कामों को करने वालों की तो ये लोग 'शूद्रों' में गणना करते हैं। इस प्रवृत्ति की व्याख्या हमारी

समझ में उपर्युक्त ग्राम तथा नगर के द्वन्द्व में, जो कि वैदिक और प्राग्वैदिक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है. मिल सकती है।

उपसंहार

ऊपर के अनुसंधान से यह स्पष्टतया प्रतीत हो जाता है कि भारतीय संस्कृति के मौलिक आधारों के विचार में हम उसकी प्रधान प्रवृत्तियों को, जिनमें अनेक परस्पर-विरोधी द्वन्द्वात्मक प्रवृत्तियाँ भी हैं, कभी नहीं समझ सकते, जब तक हम यह न मान लें कि उनके निर्माण और विकास में वैदिक संस्कृति की धारा के साथ-साथ एक वैदिकेतर या प्राग्वैदिक धारा का भी बड़ा भारी हाथ रहा है। दोनों धाराओं के समन्वय में ही हमें उन मौलिक आधारों को ढूँढना होगा।

वैदिक संस्कृति के समान ही वह प्राग्वैदिक संस्कृति भी हमारे अभिमान और गर्व का विषय होनी चाहिये। आर्यत्व के अभिमान के पूर्वग्रह से युक्त, और भारत में अपने साथ सहानुभूति का वातावरण उत्पन्न करने की इच्छा से प्रवृत्त यूरोपीय ऐतिहासिकों के प्रभाव से उत्पन्न हुई यह भावना कि भारतीय सभ्यता का इतिहास केवल वैदिक काल से प्रारम्भ होता है, हमें बरबस छोड़नी पड़ेगी। भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिकता, त्याग की भावना, पारलौकिक भावना, अहिंसावाद जैसी प्रवृत्तियों की जड़, जिनके वास्तविक और संयत रूप का हमको गर्व हो सकता है, हमको वैदिक संस्कृति की तह से नीचे तक जाती हुई मिलेगी।

वैदिक संस्कृति का बहुत ही बड़ा महत्व है, जिसके विषय में एक स्वतन्त्र लेख की आवश्यकता है, तो भी भारतीय जनता के समुद्र में उसका स्थान सदा से एक द्वीप जैसा रहा। मूक जनता की अवस्था के अध्ययन से तथा महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में वैदिकों की अपनी पृथक् अवस्थिति से यही सिद्धान्त निकलता है।

वैदिक और प्राग्वैदिक संस्कृतियों का समन्वय

वैदिक और प्राग्वैदिक संस्कृतियों का उक्त समन्वय अदृष्टविधया बहुत प्राचीन काल से ही प्रारम्भ हो गया था। परस्पर आदान-प्रदान से दोनों धाराएँ आगे बढ़ती हुई अन्त में पौराणिक हिन्दू धर्म के रूप में समन्वित होकर आपाततः एक धारा में ही विकसित हुयीं। इस समन्वय का प्रभाव धर्म, आचार-विचार, भाषा, और रक्त तक पर पड़ा। इसके प्रमाणों की यहाँ आवश्यकता नहीं है।

इसी समन्वय को दृष्टि में रख कर, जैसा हमने ऊपर कहा है, निगमागम धर्म नाम की प्रवृत्ति हुई। इसी के आधार पर सनातनी विद्वान् बहुत ही ठीक कहते हैं कि हमारे धर्म का आधार केवल श्रुति न होकर श्रुति-स्मृति-पुराण है।

पौराणिक अनुश्रुति के आधार पर यह कहा जा सकता है कि इस समन्वय में बहुत बड़ा काम भगवान् व्यास का था। अपने समय में पुराणों के 'संग्रह' या 'संपादन' में उनका बड़ा हाथ था—यही पौराणिक प्रसिद्ध है। 'पुराण' शब्द का

अर्थ ही उपर्युक्त आर्येतर संस्कृति की ओर निर्देश करता है; उनका सहयोग उस समय के अनेकानेक 'ऋषि-मुनियों' ने दिया होगा, जिनमें से अनेकों की धमनियों में व्यास के सदृश ही दोनों संस्कृतियों का रक्त बह रहा था और प्रायः इसीलिए उनका विश्वास दोनों संस्कृतियों के समन्वय में था।

यह समन्वित पौराणिक संस्कृति जो कि बहुत अंशों में वर्तमान भारतीय संस्कृति के मेरुदण्ड के समान है, न तो केवल वैदिकेतर ही कही जा सकती है; न उसको हम यूरोपीय विद्वानों के अभिप्राय से 'आर्य-संस्कृति' या अनार्य-संस्कृति' ही कह सकते हैं। उसकी तो समान रूप से उपर्युक्त दोनों धाराओं में सम्मान की दृष्टि होनी चाहिए। यही सनातन धर्म की दृष्टि है। इसीलिए यूरोपीय प्रभाव से हमारे देश के कुछ लोगों में आर्य, अनार्य, वैदिक, अवैदिक शब्दों को लेकर जो एक प्रकार का क्षोभ उत्पन्न होता है, वह वास्तव में निराधार और अहेतुक है।

समन्वित धारा की प्रगति और विकास

गंगा-यमुना-रूपी वैदिक तथा वैदिकेतर धाराओं के संगम से बनी हुई भारतीय संस्कृति की यह धारा अपने 'ऐतिहासिक' काल में भी स्वभावतः स्थिर तथा एक ही रूप में नहीं रह सकती थी। इस लम्बे काल में भी तत्कालीन विशिष्ट परिस्थितियों और आवश्यकताओं से उत्पन्न होने वाली नवीन धाराओं से वह प्रभावित होती हुई और क्रमशः उन धाराओं को आत्मसात् करती हुई, नवीनतर गम्भीरता, विस्तार और प्रवाह के साथ आगे बढ़ती रही है।

वैदिक और वैदिकेतर संस्कृतियों का प्रारम्भिक समन्वय केवल नाममात्र में ही था। उन दोनों में अनेकानेक स्वार्थी और बद्धमूल परम्पराओं के कारण अनेक प्रकार के वैषम्य, गंगा की धारा में प्रारम्भ में बहते हुए परस्पर टकराने वाले टेढ़े-मढ़े शिलाखण्डों के समान, चिरकाल तक संयुक्त-धारा में भी वर्तमान रहे। परस्पर संघर्ष के द्वारा ही उन्होंने अपनी विषमता के रूप को धीरे-धीरे दूर किया है और भारतीय संस्कृति की धारा की महिमा को बढ़ाया है। यह क्रिया अब भी जारी है और जारी रहेगी। इसी में भारतीय संस्कृति की प्रगतिशीलता है।

उपर्युक्त वैषम्यों में एक बड़ा भारी वैषम्य उस बड़ी भारी मानवता के कारण था, जिसको उस समय की राजनीतिक, सामाजिक तथा धार्मिक परिस्थितियों ने सब प्रकार से दलित कर रखा था। भारतवर्ष के आगे के इतिहास में पारस्परिक क्रिया-प्रतिक्रियाओं द्वारा उत्पन्न होनेवाले जैन, बौद्ध, वैष्णव और सन्त आदि आन्दोलनों की उत्पत्ति और प्रसार में उपर्युक्त विषमताओं का बड़ा भारी हाथ था। समाजगत विषमताओं ने ही भगवान् कृष्ण, बुद्ध, महावीर, कबीर, चैतन्य आदि महापुरुषों को जन्म दिया और उन्होंने उन विषमताओं के दूर करने में अपने महान् कार्य के द्वारा भारतीय संस्कृति की धारा की ही महत्ता को बढ़ाया।

भारतवर्ष के इतिहास में आने वाले इसलाम और ईसाइयत के आन्दोलनों को हम भारतीय संस्कृति की धारा के प्रवाह से बिलकुल अलग नहीं समझते। प्रथम तो इन दोनों की आध्यात्मिकता और नैतिकता का आधार 'एशियाटिक' संस्कृति के इतिहास की परम्परा के द्वारा भारतीय संस्कृति की मौलिक धारा तक पहुँच जाता है। दूसरे, इतिहास-काल में भी उनका, भारतीय बौद्ध संस्कृति का ऋणी होना कोई अस्वीकार नहीं कर सकता। तीसरे उन दोनों में कम-से-कम ९५ प्रतिशत संख्या उन्हीं की है, जो प्राचीन भारतीय संस्कृति के ही उत्तराधिकारी है, और आज भी उनमें सांस्कृतिक मूल्य की वस्तुओं पर भारतीयता की काफी छाप है। हमारा तो विश्वास है कि हम सहिष्णुता से काम लेते हुए, उनकी वास्तविक धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुँचाते हुए, उनमें सुप्त भारतीयता को जगा सकते हैं। और वे भी भारतीय संस्कृति की धारा से पृथक् नहीं रह सकते। हमारे मत में बौद्ध, जैन, आदि धर्मों की तरह ही, भारतवर्ष की पूर्वोक्त विषमताओं से ही इन संप्रदायों के प्रसार में काफी सहायता मिली है और इनके द्वारा भारतीय संस्कृति भी प्रभावित हुई है, उसको कई प्रकार के साक्षात् या असाक्षात् रूप से लाभ भी हुए हैं।

हम उपर्युक्त सब आन्दोलनों को भी एक प्रकार से भारतीय संस्कृति का उपकारक और आधार कह सकते हैं।

आवश्यकता है कि हम भारतीय संस्कृति के विकास को समझने के लिए उपर्युक्त समष्टि-दृष्टि से काम लें। प्रत्येक भारतीय सांप्रदायिक एकांगी-दृष्टि को छोड़कर भारतीय संस्कृति के समस्त क्षेत्र के साथ अपने ममत्व को स्थापित करे और अपने को उसका उत्तराधिकारी समझे।

यह भारतीय संस्कृति स्वभावतः सदा से प्रगतिशील रही है और रहेगी। इसमें अपने जीवन की जो अबाध धारा बह रही है, उसके द्वारा ही भविष्य के देशीय या अन्तराष्ट्रिक मानवता के हित के आन्दोलनों का स्वागत करते हुए, अपनी अनन्त प्राचीन परम्परा की रक्षा करते हुए ही आगे बढ़ती जाएगी। इसी भारतीय संस्कृति में हमारी आस्था है।

डा० मंगलदेव शास्त्री, *एम, ए०, डी० फिल् (ऑक्सन)*

स्वतंत्र भारत की एक समस्या

बड़े सौभाग्य की बात है कि हमारा देश अब एक स्वतन्त्र राष्ट्र हो गया है और अब हमें स्वतन्त्र वातावरण में अपना पूर्ण विकास करने का सुअवसर प्राप्त है। हमें अभिमान है कि अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भी अब हमारा सम्मान होने लगा है। हर पन्द्रहवीं अगस्त को हम अपना स्वतन्त्रता दिवस मनाते हैं। जबकि हम झण्डा ऊँचा रहे हमारा '' '' '''जन गन मन अधिनायक''''''आदि सारगर्भित गान गाकर अपना उत्साह बढ़ाते हैं और अनेकानेक संकल्प और प्रतिज्ञायें करते हैं कि हम उन्नतिशील हों, जिसमें हमारी यह जन्म सिद्ध स्वतंत्रता चिरस्थायी रहे; किन्तु जब हम प्रस्तुत वातावरण में सिर उठाकर अपना मुखड़ा देखते हैं तो हमें ग्लानि होती है, भीतर ही भीतर एक अज्ञात टीस सी उत्पन्न होती है।

स्वतन्त्रता की प्राप्ति का महत्व एक उत्तम उद्देश्य की पूर्ति के साधन के ही रूप में है और वह उद्देश्य गांधी जी के अनुसार है देश को सम्पन्न, सबल और स्वावलम्बी बनाना जिससे प्रत्येक भारतवासी को भोजन कपड़ा और घर की सुविधा हो। और हर एक को समान रूप से अपना विकास करने का अवसर मिले। हमारे यहां जन-तन्त्र कायम हुआ और जनता ने नये विधान के अनुसार अपने शासकों का निर्वाचन स्वयं गत वर्ष किया, किन्तु उसे यह विश्वास नहीं होता कि उसी के भाई बन्धु अब देश का शासन चला रहे हैं। वातावरण वैसा ही मालूम पड़ता है जैसा अंग्रेजी शासन में रहा! चारो ओर हाय, हाय, मची है! सबको अपनी-अपनी चिन्ता लगी है, सब अपना ही तन ढकने की तथा पेट भरने की चिन्ता में लगे हैं। दूसरा कैसे है? वह सुखी है या नहीं? इसकी किसी को परवाह नहीं है। अवसरवादी कम्युनिस्ट अब भी नारा लगाते फिरते हैं:—

> आज माँगता हिन्दुस्तान,
> रोटी कपड़ा और मकान।

आश्चर्य है इस परिस्थिति पर! दानी और समृद्ध भारत की ऐसी दुर्दशा क्यों! यह दैन्य याचक-मनोवृत्ति हमसे कब दूर होगी! हम अपने स्वतन्त्रता दिवस की छठवीं वर्ष गांठ मना चुके। किन्तु आज भी हम रोटी के लिये अन्य देशों के मुँहताज हैं। जबतक अमेरिका और रूस से गेहूँ न मिले हमारा पेट नहीं भरता है। कहा जाता है हम अपना जीवन-स्तर ऊँचा कर रहे हैं। यदि जीवन-स्तर ऊँचा करने का मतलब केवल अपनी इच्छाओं को 'सुरसा' के समान बढ़ाने का है, जिनकी पूर्ति स्वदेशी वस्तुओं से न हो सके और जिनकी पूर्ति अमेरिका, रूस अथवा अन्य देशों के ही द्वारा हो तो सन्देह नहीं कि हमने एक मालिक को छोड़ा किन्तु परोक्ष-रूप से किसी दूसरे मालिक के पंजे में हम पड़ते जा रहे हैं। गांधी जी का ध्येय

प्रारम्भ ही से यही रहा कि हम सब तरह से परिपूर्ण हों, स्वावलम्बी हों, किसी दूसरे पर आश्रित न रहें! यहां तक की देश के गांव-गांव की आवश्यकतायें वहीं के उत्पादन से पूर्ण हों किन्तु हममें कोई स्वावलम्बी बनने की इच्छा नहीं रखता। जिसे देखिये वही या तो नौकरी के लिये व्याकुल है या शासन में कोई पद चाहता है। या चोर बाजारी कर शीघ्र धनी होना चाहता है। किसी को संतोष नहीं। बिना सन्तोष रक्खे और अपनी आवश्यकताओं को सीमित किये हम सुख का अनुभव कैसे कर सकते ?

आज हमारे गाँव छिन्न-भिन्न हैं, गाँव के पड़ोसियों में जो सहयोग था, प्रेम था, वह शिथिल हो गया है। गाँव के छोटे-मोटे जमीन्दार और धनिकों ने स्वार्थान्ध हो पहले मजदूर और किसानों को सताया, अब समय बदला तो उन्हें खेती के लिये श्रमिक नहीं मिलते, हलवाहे नहीं मिलते, स्वार्थवश वे खेतों को अपने अपने कब्जे में रक्खे हुए हैं। गरीबों को नहीं देते, स्वयं तो वे हल चला नहीं सकते, खेतों में परिश्रम कर नहीं सकते, तो खाद्य-पदार्थों की पूर्ति हो तो कैसे हो ? हमारे गृह जो पहले प्रेम से ओत-प्रोत थे आज क्लेश के केन्द्र बने हैं। सगे-सहोदर एक दूसरे के दुश्मन हो रहे हैं। पति-पत्नी में अविश्वास भरा है। बड़े-बूढ़े छोटों की उद्दंडता उच्छृंखलता, अनुशासनहीनता एवं अशिष्टता से अपमानित हो रहे हैं। विद्यार्थियों की मनमानी से स्कूल तथा कालेजों के अध्यापक अपना माथा हाथ पर टेके बैठे हैं। मिल मालिकों और मजदूरों में सन्देह भरा है, उनमें डाह-द्वेष की वृद्धि होती जा रही है। मजदूर उतना परिश्रम नहीं करना चाहता और मालिक अपनी गठरी से उचित पारिश्रमिक नहीं देना चाहता। हरएक समुदाय में प्रत्येक व्यक्ति यही चाहता है कि जितना वह योग्य है जितना परिश्रम कर रहा है, उससे अधिक उसे मिले, बल्कि बिना हाथ-पैर हिलाये यदि सभी वस्तुयें उपलब्ध हो जावें तो क्या ही अच्छा हो।

इन सब बुराइयों का एक मात्र कारण हमारी चरित्रहीनता और सामाजिक तथा नैतिक पतन है। हमारा कोई आदर्श नहीं रह गया है। देश का कल्याण तभी सम्भव हो सकता है जब कि हमारा चरित्र ठीक हो जाय और हमारी सन्तति चरित्रवान् हो। हमारा यह नैतिक पतन अपनी संस्कृति को विस्मृति कर देने से हुआ है। हमारी संस्कृति का उद्देश्य था कि सबको देकर जो बचे उसको खाओ, दूसरों की प्यास बुझा कर स्वयं पानी पिओ, दूसरों को स्थान देकर तब अपनी चिन्ता करो। सदा दूसरों को सुखी बनाने का प्रयत्न करो; किन्तु उपकार करने का अभिमान मन में न लाओ। और जो कोई बात व्यवहार अपनी इच्छा के अनुकूल न मालूम पड़े वह दूसरों के लिए कदापि न बरतो।

आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।

भारतीय गृहस्थ अतिथि को देवता तुल्य मानते थे। आज स्वार्थान्धता के वश हमारी भावना ऐसी हो गई है कि यदि कोई दूर पर दरवाजे की ओर भूखा-

प्यासा आता दिखाई पड़ता है तो फाटक बन्द कर लिया जाता है। यदि वह बेहया आ ही जाता है, और दरवाजा खटखटाता है तो छोटे बच्चे से कहा जाता है कि जाकर कह दो, "बाबू जी नहीं हैं।" उसे झूठ बोलने का अभ्यास कराया जाता है। और वह अबोध बालक बाहर आकर तोतली भाषा में कह देता है कि "बाबू जी कह रहे हैं कि बाबू जी नहीं हैं।" बाबू जी नहीं सोचते कि यदि इसी रूप से उन्हें कहीं निराश होना पड़े तो उन्हें कितना दुख होगा।

हमारी संस्कृति एक सर्वव्यापी महान शक्ति पर आधारित थी। इसी महान शक्ति का नाम हमने ईश्वर, परमात्मा, परब्रह्म, जगदीश्वर आदि रक्खा था। हम अपने को उससे अलग नहीं मानते थे। उस पर हमें विश्वास था, हम उसे घट-घट व्यापी समझते थे। जीव को ईश्वर का अंश मान कर यह विश्वास रखते थे कि 'जीव' अपना उत्थान कर 'शिव' हो सकता है। इसी विकास सिद्धान्त के अनुसार भगवान स्वयं भौतिक शरीर में समय समय पर प्रकट होते रहे हैं और अपने चरित्र से जीवों के उद्धार के लिये पथ-प्रदर्शन करते रहे हैं। इसी आस्था के आधार पर हमने मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र को अवतार माना और श्रीकृष्ण को सोलहो कला का सम्पूर्ण ब्रह्म माना। रामायण और महाभारत को हम अपना धर्म ग्रन्थ अब भी मानते हैं और अपनी जीवनचर्या उनमें वर्णित कथाओं के अनुकूल बनाने का प्रयत्न करते हैं किन्तु उन पर से भी हमारा विश्वास हटता जा रहा है।

हमारे भौतिक शरीर की प्रवृत्ति भौतिक पदार्थों के समान अधोमुखी होती है, इस अधः पतन से बचाने के लिए बड़ी प्रबल शक्ति की आवश्यकता पड़ती है। जीव-आत्मा की प्रवृत्ति जो ईश्वर का अंश है सदा ऊर्ध्वमुखी होती है, किन्तु त्रिगुणात्मक सृष्टि में बंध कर जीव-आत्मा काम, क्रोध, लोभ, मोह; मत्सर, के संसर्ग में अधोगति को प्राप्त होती है। जब हम कोई बुरा काम करने जाते हैं तो हमारी अन्तरात्मा हमें रोकती है। झूठ बोलनेवाले को यदि झूठा कहा जाय तो उसे बुरा लगता है, इसी भांति किसी अन्य दोषी को यदि उसका दोष बताया जाय तो वह बिगड़ उठता है, अर्थात् अन्तरात्मा यह नहीं चाहती कि शरीर से कोई अनैतिक कार्य हो, किन्तु अन्तरात्मा को दबाकर, उसका हनन करके हम दोष-युक्त कार्य कर ही बैठते हैं। अतः इस भौतिक शरीर द्वारा होनेवाली दुष्कृतियों को रोकने के लिए अन्तरात्मा को एक सहारा की आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति ईश्वर में आस्था रखने से होती है।

ईश्वर कोई बुद्धि-जन्य वस्तु नहीं। वह तो बुद्धि से परे है। किसी के मन में ईश्वर पर विश्वास करा देना सरल नहीं, क्योंकि चैतन्य रूप ईश्वर तर्कपूर्ण युक्तिओं से परे है। उस पर प्रयोगशालाओं के भीतर परखनलियों द्वारा प्रयोग नहीं किये जा सकते। ईश्वर की सत्ता मानने पर आत्मा में दृढ़ता आती है और तभी अन्तरात्मा शारीरिक अधोगति के प्रतिकूल क्रिया करके हमें ऊपर उठाती है।

सत्य, अहिंसा, सदाचार, परोपकार, ब्रह्मचर्य, त्याग आदि का ही पालन करना धर्म है। आजकल धर्म शब्द का स्थान पुस्तकों तक सीमित है। यह एक हास्यास्पद और घृणा का शब्द माना जाता है। कहा जाता है कि धर्म से क्या लाभ है? धर्म तो केवल मूर्खों के लिए है। कारण कि झूठे, दुराचारी, अन्यायी, पुरुष, धन, मान, वैभव आदि से परिपूर्ण और सुखी दिखाई पड़ते हैं और इसके विपरीत धर्म भीरू को पेटभर रोटी नहीं मिलती। यह भी कहा जाता है कि ब्राह्मणों ने मूर्ख जनता को ठगने के लिये ईश्वर का निर्माण किया और धर्म का ढोंग रचा। मैं यहाँ उन टीकाधारी पाखण्डियों का समर्थन नहीं कर रहा हूँ जो स्वयं अधर्मी रहकर जघन्य कृत्य करते हैं, किन्तु दिखाने के लिए टीका लगाते हैं, मन्दिर में जाते हैं और दूसरों को विस्मय जनक बुद्धि से धार्मिक उपदेश देते हैं और धार्मिक प्रश्नों का सूक्ष्म विवेचन करते हैं। उनका भाषण सुनते समय तो बहुधा ऐसा लगता है कि मानों कोई शैतान दीक्षा दे रहा है। वास्तव में धर्म उस कर्तव्याकर्तव्य, विचार और व्यवस्था को कहते हैं जिसके प्रतिपालन से हम स्वस्थ्य और सुखी हों और जो अर्थ, काम, मोक्ष की सिद्धि में सामञ्जस्य स्थापित कर सकें। धर्म हमें किसी से वैर करना नहीं सिखाता। जो मनुष्य अपना सुधार कर काम, क्रोध, लोभ, मोह अहंकार से रहित हो जाता है और सत्य के मार्ग पर चलता हुआ लोक-सेवा, जन-सेवा, परोपकार में सदा रत रहता है वह धार्मिक पुरुष है और वही ईश्वर तुल्य है जैसे कि हमारे ही जीवन-काल में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, महात्मागान्धी, डा० ऐनीबेसेन्ट, महामना मालवीयजी आदि हो गये हैं और जैसे कि अन्य कई नेता हमारे भाग्य से हमारे बीच अब भी पथप्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी स्वतन्त्रता इन्हीं इने-गिने महापुरुषों के धार्मिक जीवन और इनकी उच्चकोटि की नैतिकता से प्राप्त हो सकी है और यदि हमें इसे चिरस्थाई बनाना है तो हमें चाहिये कि लोभ-मोह छोड़कर उन्हीं के जीवन का अनुसरण करें। ऐसे व्यक्तियों के लिए ईश्वर का मानना या न मानना दोनों बराबर है। इसके लिए किसी मन्दिर में किसी आदर्श रूप देवता-देवी का दर्शन करने जाने की क्या आवश्यकता? किन्तु हमें यह भी देखना है कि ३६ कोटि व्यक्तियों में बाकी लोगों का उद्धार कैसे हो जो मोह-माया की घोर अन्धकार में इधर-उधर भटक रहे हैं जिनकी इन्द्रियां वश में नहीं हैं जिनको आच्छादित माया के आवरण को हटाकर ऊपर उठना है। जनता के उत्थान के लिये ही महात्मा गांधी जी ने प्रार्थना सभा चलाया था जिसमें वे जनता के साथ रामधुनि करते थे और ईश्वर, अल्लाह का नाम जपते जपाते थे। उनमें तो धार्मिक भाव सभी आ चुके थे। ईश्वर में विश्वास करने अथवा अभ्यासार्थ रामनाम जपने की उन्हें कोई आवश्यकता नहीं थी; किन्तु उन्हें जनता का नैतिक स्तर ऊँचा करना था, उसका बौद्धिक विकास कराना था; इसी उद्देश्य से वे प्रतिदिन प्रार्थना सभा का आयोजन करते थे और अपना विचार जनता के समक्ष उपस्थित करते थे। आज दिन नेताओं की भरमार है, जिनमें कोई

व्यक्तित्व नहीं वे सब युद्ध के जोर से नेता बने बैठे हैं। देश में अनेक दल हैं जो एक दूसरे के छिद्रान्वेषण में संलग्न हैं जिसके कारण कोई निर्माण कार्य नहीं होने पाता। सब शासन की बागडोर अपने हाथ में लेना चाहते हैं। मेरे विचार से जब जनता का नैतिक स्तर गिरा हुआ है तो चाहे जो दल शासनारूढ़ हो वह कोई विशेष जादू नहीं डाल सकता। मैं तो उसी दल को देश का परम हितैषी समझूँगा जो पद-लोलुपता को छोड़ कर जनता के नैतिक स्तर को उठाने में संलग्न हो और सफल हो।

नैतिक उत्थान के लिये समाज के भीतर ईश्वर के प्रति आस्था का होना आवश्यक है। ईश्वर को हम चाहे जिस नाम से पुकारें, खुदा अल्लाह, गॉड, परमेश्वर, ईश्वर, नारायण सबका मतलब एक ही है क्योंकि हरएक समाज में धार्मिक भावना एक सी ही पाई जाती है चाहे स्वार्थ वश एक समाज दूसरे से भेद-भाव रखते हों। सभी समाजों का धार्मिक मूल सिद्धांत एक ही है। समाज ही नहीं बल्कि हर एक व्यक्ति के हृदय में एक समान धार्मिक विचार पाये जाते हैं और प्रत्येक व्यक्ति अपने अन्तरतम हृदय से धर्म को चाहता है। पिता चाहता है कि उसका पुत्र आज्ञाकारी, सदाचारी, विद्वान, कर्त्तव्यनिष्ठ हो अर्थात् धार्मिक हो। कोई पुत्र यह नहीं सुनना चाहता कि वह एक डाकू, चोर अथवा व्यभिचारी का पुत्र है। पति धार्मिक पतिव्रता स्त्री पसन्द करता है और पत्नी धार्मिक पति चाहती है। दूकानदार धार्मिक ग्राहक चाहता है और ग्राहक भी सच्चा ईमानदार दूकानदार के हाथ सौदा लेना चाहता है। प्रजा धार्मिक राजा अथवा शासक चाहती है और शासक भी धार्मिक प्रजा चाहती है। इस प्रकार हरएक क्षेत्र में हरएक समाज में चाहे हिन्दू हो, मुसलमान हो, क्रिस्तान हो, जहाँ कहीं जिस किसी से जो सम्बन्ध है वह दूसरे को सच्चा न्यायप्रिय, मृदुभाषी, सदाचारी, त्यागी देखना चाहता है किन्तु कहता है कि धर्म कुछ नहीं है। भेद-भाव स्वार्थान्धतावश उत्पन्न होता है जिसके कारण न केवल एक समाज अपने को दूसरे से भिन्न समझता है बल्कि एक समाज के एक ही वर्ग के या एक ही परिवार के सदस्यों में अन्तर पड़ता है।

मुसलिम काल में दो समाजों के बीच झगड़ा स्वार्थवश ईश्वर और अल्लाह को लेकर रहा। उनके आक्रमण आर्थिक भावना लेकर होते थे, धार्मिक नारा केवल जोश भरने के लिये लगाया जाता था। हमारा नैतिक पतन उन आक्रमणों से उतना अधिक नहीं हुआ जितना अंग्रेजी शासन में हुआ। हमारी सामाजिक व्यवस्था पर मुसलमानों का कोई विशेष दीर्घकालिक प्रभाव न पड़ सका बल्कि लगातार संघर्ष होते रहने के कारण सामाजिक संगठन दृढ़ होता गया। उसी मुसलमानी युग में इतने अधिक सन्त, महात्मा, ज्ञानी और आचार्य हमारे देश में पैदा हुये। मीरा, सूर, कबीर, तुलसी, तुकाराम, रामदास आदि के पदों की रचना उसी समय उपलब्ध हो सकी, जिन्हें हम इस दयनीय दशा में आज भी स्मरण रखते हैं। दोनों समाज के बीच एक गहरी खाई-सी बनी थी। यदि

कोई दूसरे समाज में गया अथवा बलप्रयोग से घसीट लिया गया तो वह वापस न लौट सका।

अंग्रेजों ने तो मिलके मार मारी! यदि किसी व्यक्ति अथवा समाज को नष्ट-भ्रष्ट करना है तो उसके लिये सारी भोग-विलास की सामग्रियाँ उपस्थित कर दो, जिसमें उसे कुछ करना धरना न पड़े। जब उसे कोई काम नहीं करना पड़ेगा तो वह निकम्मा हो जायेगा। धर्म पर सीधे आघात मत पहुँचाओ नहीं तो वह भड़क जायेगा। ऐसी व्यवस्था करो जिससे वह अपने कर्तव्य एवं धर्म को भूल जाय, उसे सांस्कृतिक गुलामी में जकड़ दो फिर जो चाहो सो कर लो, अंग्रेज बड़े दूरदर्शी थे। "जो मधु दीन्हें ते मरे माहुर दीजे काहि।" उन्होंने इसी नीति को अपनाया। आज उनके जाने पर अमेरिका और रूस वाले भी एशिया के देशों पर वही नीति लगा रहे हैं। हमें आशा है कि हमारे नेता सतर्क होंगे।

दासता की जंजीर सुदृढ़ करने के लिये लार्ड मैकाले ने परोक्ष रूप से आघात पहले हमारी शिक्षा पर पहुँचाया। पाश्चात्य शिक्षा और रहन-सहन हमारे अन्दर एक मादक द्रव्य की भाँति भिनने लगी। हमारी संस्कृति में एक ढीलापन आने लगा। हमारे ही समाज में ऐसे व्यक्ति उत्पन्न होने लगे जो समाज को छिन्न-भिन्न करने लगे। हम धीरे-धीरे खोखले हो गये। हमारा जोश जाता रहा, हमारा आत्मबल क्षीण हो गया फिर हमारी नैतिकता कैसे टिक सकती है। जिस ज्ञान-विज्ञान की शिक्षा और व्यवहार से हमारी आध्यात्मिक आर्थिक और सामाजिक उन्नति होनी चाहिये थी उसी से हमारी अवनति होने लगी।

आज हम अपने को 'ईश्वर अंश जीव अविनाशी" न मानकर अपने शरीर को एक भौतिक यंत्र मात्र समझने लगे हैं जो एन्जिन की भाँति अन्न-जल ग्रहण करता हुआ कुछ काल तक चलता फिरता रहता है। अब हमें घट-घट व्यापी राम का डर नहीं रहा। अतः हमने अनैतिक कार्यों में उन्नति अवश्य कर ली। हमें चोरी करने में, झूठ बोलने में, विश्वासघात करने में, व्यभिचार करने में, हत्या करने में कोई हिचक नहीं रही। डर है तो पुलीस का। यदि मैं उनकी आँखों में धूल झोंककर पकड़ा न जा सकूँ तब तो बुद्धिमान हूँ, चतुर हूँ और माता-पिता भी पढ़ाई लिखाई को सफल समझते हैं। पर यदि पकड़ा गया तो मूर्ख हूँ। फिर पकड़नेवाले भी तो हमसे बढ़कर आस्थारहित हैं। उन्हें भी तो मनमानी करने में कोई रुकावट नहीं है। यदि चोरी डाका के माल में उन्हें भी हिस्सा दे दूँ तो मेरा क्या गया? घूस देकर ऊँचे पद के अधिकारियों को भी पूजा जा सकता है। सबकी अन्तरात्मा का पूर्ण हनन हो चुका है किसी को उचित अनुचित की परख नहीं। फिर अपराधों की वृद्धि में रुकावट हो तो कैसे हो। न्यायालयों में अपराधी तो निर्दोष साबित हो जाते हैं और निरपराध व्यक्तियों को सजा मिलती है। इसमें जज साहब का क्या दोष? उन्हें फाइल के अनुसार झूठी गवाहियों के

आधार पर फैसला देना पड़ता है। तुलसी-गंगा के नाम पर साफ झूठ बोलनेवाले चश्मदीद गवाहों की कमी नहीं। उन्हें सालिगराम की बटिया निगल जाने में कोई झिझक नहीं। फिर न्याय कैसे हो? पहले जब पंचायत में पंचगण ईश्वर नाम लेकर पंचपरमेश्वर के रूप में बैठते थे तो मामला अपना हो या गैर का बेईमानी के नाम पर उनके रोंगटे खड़े हो जाते थे और वे दूध का दूध और पानी का पानी कर सच्चा फैसला देते थे; किन्तु आज सरकार चाहे जो डींग मारे आधुनिक ग्रामपंचायतें कहाँ पर सफल हैं? पंच सरपंच गाँवों के वातावरण को और भी दूषित कर रहे हैं।

आजकल जनसंख्या की वृद्धि से हमीं नहीं सारा भूमण्डल घबड़ाया हुआ है। गर्भनिरोध के लिए नई नई औषधियाँ खोजी जा रही हैं। संसदों में 'स्टरलाइजेशन' के प्रस्ताव धूम धड़ाके के साथ लाये जा रहे हैं। राजा ययाति की भाँति कामवासना की वृद्धि हो रही है और उसी की दृष्टि से उपाय सोचे जा रहे हैं। आज कौन सन्तान के लिए व्रत करता है? कौन अच्छी और मनोवांछित सन्तति के लिए तपस्या करता है? आज तो हम मनोनिग्रह, स्वार्थत्याग और संयम की आवश्यकता ही नहीं समझते। सन्तति पैदा करना तो ईश्वरीय आज्ञा है किन्तु सन्तान अच्छी हो। बुरी सन्तान से तो निःसन्तान रहना ही अच्छा है।

आज जन संख्या की वृद्धि इसलिए खटकती है कि आज कुपात्र संतानों की बाढ़ है और सत्पात्र संतान दुर्लभ हैं। कश्यप-अदिति के महान तप से ही दूसरे जन्म में दशरथ कौशल्या के तन से रामचन्द्र उत्पन्न हुये। वसुदेव-देवकी की घोर तपस्या के फलस्वरूप श्रीकृष्णचन्द्र प्रगट हुए। आधुनिक काल के नेताओं की जीवनियाँ पढ़िये तो विदित होगा कि प्रायः सभी के माता पिता आस्तिक, धार्मिक और दृढ़ संयमी रहे। अतः इस विपन्न परिस्थिति को बदलने के लिए एक उपाय यही है कि हम सच्चे आस्तिक हों; हमारे जीवन में त्याग तपस्या सेवा, संयम, सत्य, आदि धार्मिक प्रवृत्तिओं की स्थापना हो और हम ईश्वर में आस्था और विश्वास रक्खें जब हम स्वयं इन व्रतों के सेवी होंगे तभी हमारी संतानें अच्छी उत्पन्न होंगी और तभी जन गन मन अधिनायक "" ··· ""के ३६ कोटि जनसंख्या को शक्ति का मूल्य होगा नहीं तो एक्सीडेण्टल संतानों से हम अवश्य भारत जननी का भार बढ़ा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप हमारी सन्तति भी एक्सीडेंटल है और हमारी स्वतंत्रता भी नाम मात्र की साबित हो रही है।

हमारी इन अपराधी प्रवृत्तिओं को प्रखर करने में प्रचारित चलचित्र अग्नि में घृत की आहुति का काम कर रहे हैं। चित्रपट पर हमें और हमारे बच्चों को चोरी करने की, झूठ बोलने की, डाका डालने की शराब पीने की और हत्या और व्यभिचार करने की कलायें सिखलाई जाती हैं। प्रत्येक चित्र में चाहे उसकी विज्ञप्ति धार्मिक चित्र के ही नाम से क्यों न की गई हो वासना प्रदीप्त करने वाले दृश्य दिखलाये जाते हैं। जिससे भक्तिभाव जागरूक न होकर हमारे विचार और भी भ्रष्ट

होते हैं। पुराने समय में यहाँ लोग दिन भर के काम काज से निवृत्त होकर भजन कीर्तन में भाग लेते थे, भगवान का नाम लेते थे जिससे उनके विचार अच्छे थे। आज छोटे से लेकर बड़े, श्रमिकों से लेकर सेठ साहूकार, स्कूल के बच्चों से लेकर कालेज के उच्च श्रेणी के विद्यार्थी चलचित्रों की मोहनी आभा से मुग्ध होकर मनोरंजन के लिए सिनेमा घरों की खोज में इस प्रकार विह्वल और चंचल दिखलाई पड़ते हैं जैसे बरसात के रंग बिरंगे पतिंगे शलभ होने के लिये अनेकानेक दीप शिखाओं पर टूटते हैं। समाज के भीतर यही एक क्षेत्र है जहाँ मालुम पड़ता है कि देश में दरिद्रता नहीं है। आँकड़ों से पता लगता है कि भूमंडल पर समृद्धिशाली अमेरिका के बाद हमारा ही दुर्भिक्ष देश है जहाँ सिनेमा घरों की संख्या अधिक है। शहरों और कस्बों को कौन कहे अब तो इनका प्रसार गाँव-गाँव में हो रहा है और उसी अनुपात से देखने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। हर एक सिनेमा घर में तीन-तीन प्रदर्शन की व्यवस्था कर दी गई है तब भी टिकट घर के सामने का दृश्य दयनीय देखा जाता है। सभी श्रेणी के व्यक्ति घंटों पंक्तिबद्ध खड़े रहते हैं। जिनके पास अधिक पैसा है वे चोरबाजारी से टिकट खरीद कर दिग्विजय का आनन्द प्राप्त करते हैं। यों तो सभी को समयाभाव है, धनाभाव है किन्तु सिनेमा के लिये सबके पास दोनों आवश्यकता से अधिक है।

आज सिनेमा सम्बन्धी साहित्य, सिनेमा के नटनटियोंकेचित्र और सिनेमा विज्ञापनों की भरमार है। अच्छे अच्छे पत्र और पत्रिकाओं में इनके लिये विशेष स्थान सुरक्षित रहता है। नटनटियों के चित्रों का उपयोग राम, कृष्ण शंकर के स्थान पर गांधी, जवाहर की बराबरी में व्यापारिक विज्ञापनों में और वस्तुओं के लेबिलों पर किया जाता है। हमारे विद्यार्थी साधारण वार्तालाप में इन नटनटियों के हाव-भाव, रूप-रेखा, तथा मुद्रा की आलोचना करते नहीं थकते। सूर, तुलसी, मीरा के पदों की जगह सिनेमा के गाने गुनगुनाते रहते हैं। उनके पहनावों को अपनाते हैं। उनके मेजों पर, कमरे में, उनकी जेब में इन्हीं के चित्र पाये जाते हैं। फिर निरन्तर वासना का चिन्तन मानसिक व्यभिचार में क्यों न परिणत हो। चरित्र और स्वास्थ्य नष्ट क्यों न हों और फिर सामाजिक पतन क्यों न हो ?

सिनेमा के दोष हम सभी पर विदित हैं किन्तु सभी विवेकहीन होकर अपने बच्चों को अपने साथ बड़े शौक से ले जाते हैं। फिर जब हमें स्वयं सिनेमा देखने का चस्का है तो हम बच्चों को कैसे रोक सकते हैं ? हम जो आज के नागरिक हैं वही निकट भूतकाल में बच्चे थे और आज जो बच्चे हैं वही कल देश के नागरिक होंगे। वही स्वतन्त्र राष्ट्र की थाती हैं। यदि बच्चों को सुधार कर देश का भविष्य उज्वल करना है तो पहले हमें अपने को सुधारना होगा परिस्थितिवश गुलामी के समय धर्महीन शिक्षा के प्रभाव से हमने सब कुछ खो दिया है किन्तु अब तो हम किसी दूसरे पर यह उत्तरदायित्व नहीं थोप सकते। सबसे पहले हमें मार्जार की नीति छोड़कर गोमाता की नीति अपनानी होगी। हम आजकल अपनेही

बच्चों के प्रेमी और हितैषी तभी तक हैं जब तक हमें कोई शारीरिक अथवा मानसिक कष्ट सामने नहीं दिखाई पड़ता। यदि कोई भी ऐसी परिस्थिति आई तो जैसे डूबती हुई बिल्ली अपने बच्चे के ऊपर खड़ी होकर अपने प्राण की रक्षा करती है उसी तरह पहले हम अपना स्वार्थ देखते हैं उनका नहीं। हमें गोमाता की भांति अपने बच्चों के उत्थान के लिए सब कुछ न्योछावर करने के लिए कटिबद्ध होना चाहिए। जब हम स्वयं धार्मिक, सन्तोषी, आस्तिक और परोपकारी होंगे तभी हमारे बच्चे भी सच्चे नागरिक होंगे।

माता-पिता के बाद उन बच्चों पर अध्यापक का प्रभाव पड़ता है। हमें प्रस्तुत धर्महीन शिक्षा को बदलना है और इसे समाज के लिए उपयोगी बनाना है। हमारी शिक्षा सम्बन्धी संस्थायें एक निराली दुनियाँ सी बन गई हैं। समाज से सम्बन्ध न तो विद्यार्थी रखता है और न तो अध्यापक। घर से जो बालक पढ़ने गया वह अपने बाप-दादा के काम-धन्धों से और उनके रहन सहन से अलग हो जाता है और उसमें उपरोक्त सारी बुराइयाँ आ जाती हैं, न तो वह घर का रहता है और न घाट का। पढ़ाई का व्यय इतना अधिक बढ़ गया है कि कोई गरीब आदमी जिसके लिए कोई ठिकाना नहीं अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए कभी नहीं भेज सकता।

हमारी शिक्षा संस्थाओं का लक्ष्य यही होना चाहिए कि उनके स्नातक सच्चे धार्मिक और समाजसेवी निकलें और उनमें गरीब और अमीर के बच्चे सुदामा-कृष्ण की भांति एक भाव से पढ़ाये जाँय। वे स्वावलम्बी बनकर निकलें और धनोपार्जन करें। फिर धन का उचित व्ययकर माता पिता तथा गुरुजनों की सेवा करें और रोगी तथा पीड़ितों को सहायता पहुँचावे। वे समाज पोषक हों, शोषक न बनें। जब तक शिक्षा गरीब और अमीर दोनों के लिये समान रूप से उपलब्ध नहीं होगी समाज में समानता नहीं आ सकती और यह तब तक सम्भव नहीं होगा जब तक कि शिशुकक्षा से लेकर एम० ए० तक की शिक्षा निःशुल्क नहीं कर दी जाती और हमारे आडम्बर दूर नहीं किए जाते और साथ ही रहन-सहन में सादगी नहीं लाई जाती।

आज की विद्या अर्थकरी है, पढ़ाई जीविका के लिये की जाती है। डिग्रियां केवल नौकरी पाने की अभिलाषा से प्राप्त की जाती हैं। आज का अध्यापक अपने को शिक्षा संस्था में नौकर समझता है, संस्था को अपनी नहीं समझता! वह एक निश्चित पाठ्यक्रम के अनुसार कुछ नियमित घण्टों तक अपनी जिम्मेदारी से छुट्टी पा लेने का प्रयत्न करता है। शेष समय में वह अपनी ही उलझनों में पड़ा रहता है। वह समाज की विषमता से पीड़ित रहता है और अपने मानसिक दौर्बल्य के के कारण वह अपने को विलासमयी सभ्यता से अलग नहीं रख सकता। फिर उसे अध्ययन करने का समय कहाँ से मिले। कक्षा में गया तो इधर-उधर की बातें कर डाली! आज तो "आंधर गुरू और बहिर चेला" की कहावत चरितार्थ हो रही है।

अतः शिक्षा का स्तर कैसे ऊँचा हो सकता है ? अपना रोब बनाये रखने के लिये वह विद्यार्थियों के सम्पर्क में नहीं आना चाहता क्योंकि डर है कि कहीं उसकी पोल न खुल जाय !

पुराने काल में शिष्य अपने गुरू के नाम से प्रख्यात होते थे गुरूओं की परम्परा होती थी। गुरू के मन में अपने सच्चे शिष्य के विषय में यही भावना रहती थी कि हमारे विद्यार्थी चरित्रवान हों और विद्वत्ता में अन्य अध्यापकों के विद्यार्थियों से कम न हों। वे विद्यार्थियों के निकट सम्पर्क में रहते थे और उनकी उन्नति और उत्कर्ष में ही अपना गौरव समझते थे। इसी कारण समाज में भी उनको मान्यता थी। विद्यार्थियों पर अध्यापकों के आचरण और चरित्र का गहरी छाप पड़ती है। यदि हम चाहते हैं कि विद्यार्थी हमारे अनुशासन में रहें तो पहले हमी को अनुशासित और संयमी होना पड़ेगा। हमें शिक्षा-केन्द्रों में व्याप्त चाणक्यनीति की दूषित वायुमंडल को हटाकर सच्चे और पवित्र मन से सरस्वती देवी की आराधना करनी होगी। जब हम स्वयं संयम से विद्या के अध्यवसायी होंगे तभी हमारे विद्यार्थी भी विद्या के सच्चे प्रेमी निकलेंगे। हमें अपने रहन-सहन और व्यवहार से उनके मन में दृढ़ विश्वास पैदा करना होगा कि हमें उनके कल्याण और हित का पूरा ध्यान है। हमें अपने भीतर उन आदर्शों को जागृत रखना होगा जो हम अपने विद्यार्थियों में उनके चरित्र-निर्माण और सच्चे नागरिक बनाने के लिये आवश्यक समझते हैं। हमें विश्वास है कि इस रीति से बुद्धियुक्त और धर्मपूर्ण आदर्शों को अपने बालकों में दीक्षित कर एक सुन्दरतर युग-निर्माण करने में सफल होंगे।

मेरे विचार से पंडित इकबाल नारायण गुर्टू जी का जीवन इसी समस्या की पूर्ति के प्रयास में सफल कहा जा सकता है। वे सच्चे धार्मिक और उदारवादी हैं। उनका धवल चरित्र हम सबके लिये एक उच्च आदर्श का प्रतीक है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि पंडित जी शतायु हों और अपने सत्कृत्यों और सद्विचारों से हमारे तथा भावी राष्ट्रसन्तति के लिए एक जागृत आदर्श बने रहें।

आज कल विज्ञान के एक विद्यार्थी के मुख से धर्म और ईश्वर की चर्चा लोगों को खटकती है। वे सोचते हैं कि परख-नलियों में प्रत्यक्ष निरीक्षण करने वाला भला ईश्वर में कैसे विश्वास कर सकता है ? मैं तो इसे एक असंगत धारणा समझता हूँ और यदि कोई वैज्ञानिक ऐसी भावना रखता है तो वह अहंकारी है। वास्तव में वैज्ञानिक अनुसंधानों में हमें सत्य की खोज करनी होती है और विज्ञान की प्रगति सत्य ही पर आधारित है। एक सच्चा वैज्ञानिक ही अपनी सीमा जानता है जिसे प्राकृतिक लीला की एक झाँकी मिल सकी है वही प्रकृति की अपार शक्ति के सन्मुख अहंकार कदापि नहीं कर सकता और वही सत्य के मार्ग पर अग्रसर होता हुआ सच्चा आस्तिक होता है।

डा० नन्दलाल सिंह डी० एस-सी०

Gurtuji as President of the
National Geographical Society of India.
(1952)

Prime Minister's Appreciation.

Prime Minister is glad that Shri Iqbal Narain Gurtu's old students are planning to bring out a commemoration volume to show their affection, regard and appreciation of his work. As one who had the privilege of being associated with Shri Iqbal Narain Gurtu in various capacities in the course of the last forty years, Prime Minister would like to join in this appreciation and to send his good wishes to Shri Iqbal Narain Gurtu on this occasion.

Extract from the Letter of Prime Minister's Secretary.

FELICITATIONS

The Vice-President of Indian Republic.

NEW DELHI.

31st July, 53.

Dear Professor Ramápati Shukla,

I arrived here yesterday and saw your letter about Pt. Iqbal Narain Gurtu Commemoration Volume. It is not possible for me to write an article as the last date is over. But I may express to you my very deep appreciation of the great qualities of integrity, independence and selfless service to the cause of education which Pt. Gurtu has rendered for many many years. I am proud to call him my friend.

Yours sincerely,

(S. Radhakrishnan).

SIR MAHARAJ SINGH,
EX-GOVERNOR, BOMBAY.

The Manor
Simla, (W.)
Punjab.

29–7–53

"Pt. Iqbal Narain Gurtu is an old and valued friend. I have always appreciated his great contribution to higher Education and his personal integrity. His Vice-Chancellorship of the Allahabad University and Pro-Vice-Chancellorship of the Banaras Hindu University are still gratefully remembered by his colleagues and his students. In spite of his advanced years he has retained his physical and mental vigour, and I trust that he will be spared to his country for many years.

(Sd.) Maharaj Singh.

SHRI K. M. MUNSHI,
GOVERNOR,
UTTAR PRADESH.

GOVERNOR'S CAMP,
UTTAR PRADESH.
August 14, 1953.

My friend, Pandit Iqbal Narain Gurtu, is one of those who lived and worked for higher ideals. I hope his example will serve to inspire us all.

(Sd.) K. M. Munshi.

A Tribute

[Shri N. Sri Ram, President, Theosophical Society]

I have the greatest pleasure in adding my tribute to the volume which is to commemorate Pandit Iqbal Narain Gurtu's life and services to the cause of Indian Education. I have had the honour of knowing Panditji since 1913, that is for nearly 40 years. Even then he shone as a little star on the then clear pure Banaras horizon. Little as it then seemed, it has since ascended to a degree of lustre which has carried its beams to much wider horizons.

What we need in India more than anything else is right education—an observation which has long been true, but truer now than ever before. The type of education with which Panditji was identified in the Central Hindu College in the early days represented a blend of what is best in the Indian religion and in the sentiments of a renaissant India. At every step in his educational work he has brought to it the influence of the same forces but in richer and increasingly purer measure, and if one seeks an example of a person who shows in himself how broad and noble, cultured and cosmopolitan the products of these forces can be, that example is to be found in Gurtu-ji himself.

"The Mother"
(Dr. Annie Besant)

dian Section of Theosophical Society gave Iqbal-ji a room ove the buildings in which Tara Printing Works were and ll are located, though Iqbal-ji was not formally a member of S. There were very few buildings, then in Indian Section ounds too; but there was a good large garden and fresh air, th C.H.C. across road. Sometime later, a house was secured r him, on rent, to east of C.H.C., also with only a road between. It belonged to an old school-fellow of mine, had a small arden attached to it, and was sufficient for him and his family f wife and very small daughters.

Conversions of sprit, aspirations for service of God enshrind in human form, usually come into a sensitive spiritual mind uddenly; and the person to whom such afflatus comes, does not pause to think out pros and cons, but rushes straight in. Ancient Sutras of Narada and Shandilya say that the Bhakta-devotee, for service of his Beloved Deity, Vishnu, 'All-pervader,' swims across oceans (like Hanuman) and bores through mountains (like Farhad in the Persian story of Shirin and Farhad). A Persian verse (perhaps of Hafiz), repeated to me by Iqbal-ji once, comes into my mind,

Man na mí goyam,
Ke ãqil bũsh ya farzũna bũsh;
Har che bãshi bũsh, lekin
Andakè díwãna bũsh.

'I do not say be thougtful or be wise,
Be whatso'er you like, but be also
A little mad in search of what you like.'

Iqbal-ji illustrated this in his own person. He had sufficient ancestral property; so he abandoned his practice and came over to Banaras.

He had attended in A Banaras some lectures of Theosophists gradually of New India'. drove him to him,

What I have seen of Dr. Iqbal Narain Gurtu

[Dr. Bhagavan Das, M. A., D. Litt., Banaras]

While pictures of more important events that I have shared in during last seventy five years (I am now completing my eighty-fifth) stand out clearly in my mind when I try to think of them, yet memory of their years and their chronological order is often dim and confused. It is a psychological fact which any one older than 60 (barring exceptions) can verify for himself, that when memory fades, as it must, of less important events which link together more important ones, chain of chronological order breaks and times of latter become confused. Simple reason is that whole of past is present in memory at once, like whole history of a people in a book. Subject to correction, therefore, I will set down here what I have seen and known of my dear friend Iqbal Narain-ji, who is just about ten years younger than I am.

I think I saw him first in 1892 or 1893. I was in Government service in those years, as Tahsildar, in Allahabad. His father, Rai Indar Narain Gurtu, was Sub-Judge there. I heard praise of him, and called on him in one of those two years, though it was not very usual in those days for executive officers to mix much with Judicial. I distinctly remember his appearance – a small thin man with very blue eyes and long and bushy RED beard.

Iqbal-ji, then a small boy, and I were introduced to each other there. I think that Rai Indar Narain returned my call and Iqbal-ji came with him. I learnt afterwards that Rai Indar Narain's thinness was due to his constant ill-health. Ultimately that fell disease, consumption, carried him off in his fifty-fourth year, before he could formally retire after completing fifty-five and a full term of service.

I was sent away early in 1894 to Agra as Deputy Collector. Iqbal-ji and I lost sight of each other for some years after that. He became M. A., LL.B., qualified for bar, and began practice in Kanpur. I was transferred about from district to district, till I was again posted in Allahabad in 1897. My father had passed away some three months before. I had joined Government service only at his wish. My heart was in study of Philosophy and Psychology and solving the Why and Wherefore and Meaning of Life and Death, Joy and Sorrow, Good and Evil, with the help of ancient Indian and modern Western thinkers. So I resigned in March, 1898, and took up the work of Central Hindu College, Banaras.

One evening, in rains, I think, of 1905, I was lying in bed, ill with malarial fever, in my house, standing at one end of a small garden, then very recently purchased, in order to be near C.H.C. and now occupied by the belongings of my elder son Sri Prakasa-ji. Iqbal-ji turned up suddenly without any previous intimation and was brought to me. He said he had come to work in C.H.C. and asked me to tell him where he could put up. What little accommodation my place had, then, was more than fully occupied by my family—wife and sons and daughters, very young then. I referred Iqbal-ji to Pandit Chhedalal-ji—honorary Superintendent of the hostel attached to C. H. C. and part of its buildings. He was equally loved and feared by the boarders, for he was a strict disciplinarian, as well as very kind and helpful to them in all their needs. I learnt afterwards that Chhedalal-ji too could not give him any room, hostel being chokeful, and so Iqbal-ji wandered about the town in a hackney carriage, and ultimately had to put up in a small Dharmashala in the heart of the town. Banaras, premier place of pilgrimage for Hindu India with history going back to Vedic and Puranic times, has always been very dirty; so this must have been a great trial to Iqbal-ji. I was very sorry to learn all this when I got a little better. Meanwhile, at Chhedalal-ji's request, the then Assistant Secretary of

Indian Section of Theosophical Society gave Iqbal-ji a room above the buildings in which Tara Printing Works were and still are located, though Iqbal-ji was not formally a membes of T. S. There were very few buildings, then in Indian Section grounds too ; but there was a good large garden and fresh air, with C.H.C. across road. Sometime later, a house was secured for him, on rent, to east of C.H.C., also with only a road between. It belonged to an old school-fellow of mine, had a small garden attached to it, and was sufficient for him and his family of wife and very small daughters.

Conversions of sprit, aspirations for service of God enshrined in human form, usually come into a sensitive spiritual mind suddenly ; and the person to whom such afflatus comes, does not pause to think out pros and cons, but rushes straight in. Ancient Sutras of Narada and Shandilya say that the Bhakta-devotee, for service of his Beloved Deity, Vishnu, 'All-pervader,' swims across oceans (like Hanuman) and bores through mountains (like Farhad in the Persian story of Shirin and Farhad). A Persian verse (perhaps of Hafiz), repeated to me by Iqbal-ji once, comes into my mind,

Man na mí goyam,
Ke ãqil bãsh ya farzãna bãsh ;
Har che bãshi bãsh, lekin
Andakè díwãna bãsh.

'I do not say be thougtful or be wise ,
Be whatso'er you like, but be also
A little mad in search of what you like.'

Iqbal-ji illustrated this in his own person. He had sufficient ancestral property ; so he abandoned his practice and came over to Banaras.

He had attended in Allahabad and Banaras some lectures of 'Mother' Annie Besant, as all Indian Theosophists gradually learnt to call her—for she was truly 'Mother of New India'. These lighted the spiritual fire in him which drove him to Banaras. His friends and relatives remonstrated with him,

scolded him, quarrelled with him, particularly his college-fellow and life-long friend, brilliant conversationist and raconteur, popular everywhere, late Munshi Ishwar Saran, for deserting them. All this I learnt, later on, from M. Ishwar Saran himself. But Iqbal-ji was not shaken from his resolve.

In Banaras he came more and more under the spell of A. B. and became a zealous worker for C. H. C. and Theosophy. He worked for some years as Joint Secretary of the Managing Committee with me. In 1907, G. S. Arundale, Honorary Head Master of C. H. C. School, went on six months' leave, with his aunt and adoptive mother, Miss Francesca Arundale, M. A., also an honorary teacher of the small boys' classes and also of girls in C. H. C. Girls' School (opened in 1903). Then Iqbal-ji was appointed officiating Head Master. Later, when Arundale was made Principal, on Dr. Arthur Richardson being laid up with a stroke of paralysis, Iqbal-ji was again appointed Headmaster and remained such from 1908 to 1913.

Quite new to the difficult and responsible work of a large and growing school (it had about 600 students, now perhaps 1200 or more) of all sizes, from 7 or 8 years to 17 or 18 in age, he yet discharged its duties exceedingly well. He was a strict disciplinarian, but was respected by teachers and loved as well as feared by students. Of all the many Head Masters that C. H. C. School has had, I believe he was the most successful in every respect. If he was lacking in anything, it was love of sports. I think he never did any physical exercise, never developed muscles himself, though he has managed to preserve health fairly well by careful and regular habits. His lack was made up by appointment of a very efficient superintendent of sports, late Kali Das Manik. Also Arundale was strong on 'cadet corps' and used to drill 200 students at a time all in white uniform.

P. K. Telang, M. A., LL. B., Hon. Prof. of History, was a fine cricketer, E. A. Wodehouse, M. A. (Oxon), who gave up

a highly paid post in a Govt. College in Poona on the call of Theosophy, and came to work on a mere subsistence allowance, as did Misses Palmer, Herrington, Wilson and others—also joined in cricket now and then. Under their influence, and with their example and encouragment, C. H. C. produced some very fine teams of cricketers, footballers, hockey players,. who successfully held their own in many matches against teams from other local colleges and also the local police, and occasionally, teams from Aligarh M. A. O. College.

Telang, Arundale, Wodehouse, were all of the same age as Iqbal-ji—a fine company—but they have all deserted Iqbal-ji and gone on to other worlds.

He remained Head Master till 1913; then resigned, to become General Secretary of Indian Section of Theosophical Society, which has its Head Quarters in Banaras. I had held that office in 1912. He retained that office for some years. When he became General Secretary of the I. S. T. S. he shifted to A. B.'s Banaras Home 'Shanti-kunja'.

A pleasant and amusing incident comes into my mind. The year was 1912 or perhaps 1913. I can mention these years with some certainty even though my memories of chronology are hazy and cloudy. Malaviya-ji, though repeatedly requested, had refused to come on the Central Hindu College Board of Trustees until a Hindu University Society had been formed, of which he was of course a leading member. His senior by three years or more,. Sir Sundarlal, leader of the Allahabad High Court Bar had accepted a seat on it several years earlier. After that, Malaviyaji began to take an active interest in C. H. C. affairs and the Board's meetings. Princess Sigfrid of Sweden had been touring India as British Indian Government's guest and visited Banaras, and C. H. C., in due course. She was shown over C. H. C. by Malaviya-ji, and me. Then she went around on car, with her own staff and the British officers in attendance, to the C. H. C. Girls' School—about 3 furlongs

away by road. Malaviya-ji, Iqbal-ji and I cut across, through Theosophical Society Indian Section grounds, reducing the distance to one furlong. It would have been *infra dig* to actually run, but our walking was surprisingly fast. We arranged to arrive at the gate of C. H. C Girls' School a few seconds before Princess Sigfrid arrived there with her train. Headed by Miss Arundale (or was it Miss Lilian Edgar, M.A. ?) as Honorary Head Mistress, we received her, and led her into the Hall where all the girl students with their teachers were gathered. One of the Princess' staff asked me in a whisper, "Who is this blue-eyed Englishman in Indian dress ?" I smiled and said "He is a Kashmiri Pandit" and introduced Iqbal-ji to him. Iqbal-ji has inherited his father's blue eyes, but not his red hair, nor does he foster a beard.

Besides his educational and Theosophical work, Iqbal-ji was also interested in Politics. I believe even before he had come to work in Central Hindu College he was already a member of the political Liberal party under the influence of his old Allahabad colleagues. In 1914 he became an active worker in the political field with A. B., and joined her Home Rule League and worked hard for it, touring and lecturing. I must not here omit to mention one incident. As soon as news reached Banaras of the Amritsar massacre of 1919, citizens in hundreds marched bare-foot to Town Hall, to condemn that atrocious crime. Iqbal-ji and I went with them and spoke also.

